ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● माघ कृष्ण पक्ष 01 ● विक्रम संवत 2079 ● शनिवार, 07 जनवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-84 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

सन्नी और रणबीर की होगी बॉक्स ऑफिस पर टक्कर पेज 10 पर





NEWS इन ब्रीफ

## बच्चों ने लिया खेल प्रतियोगिता में भाग

**पांकी।** प्रखंड के राम जानकी मंदिर के परिसर से आज दिन शुक्रवार को एकल अभियान के तत्वधान में मेदिनीनगर अंचल के द्वारा केंद्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत मुख्यालय पांकी से सभी मंच से 30 बच्चों को रांची भेजा गया। जहां बच्चे राज्य स्तर पर प्रदर्शन दिखायेंगे। यह खेल प्रतियोगिता खेलगांव में संपन्न होगा। जिसका उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल करेंगे। मौके पर, राम जानकी मंदिर अध्यक्ष मुरली प्रसाद, एकल अभियान का सचिव मदन प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, उपेंद्र गुप्ता, केदार प्रसाद, शैलेंद्र सिंह, अजित गुप्ता, कृष्णा साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अधिकारियों ने की ग्राम सभा की बैठक

**मनातू।** पदमा पंचायत के पकरियाडीह में ग्रामसभा कि बैठक की गई। जिसमें लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा जल कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गयी। गांव को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को शपथ दिलाया गया। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस विसपुटे श्रीकांत यशवंत , जिला परिषद मनातू, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील प्रकाश, मुखिया अनुज साव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मोती लाल शर्मा, जेई पवन गंगा, पंचायत सचिव बबन मांझी, रोजगार सेवक एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था अत्यंत ही महत्वपूर्ण : अनुज

**नावा बाजार।** पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम ने बढ़ती ठंड को लेकर गहरी चिंता जताई। उन्होंने नावा बजार प्रखंड विकास पदाधिकारी आमिर हमजा से अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इस बात को मदे नजर रखते हुए अलाव की व्यवस्था होना अत्यंत ही जरूरी कार्य है।। इस प्रखंड के अंतर्गत काफी गरीब परिवार निवास करते है। सभी के पास ठंड से बचने के लिए पूर्ण रूप से संसाधन की कमी है। इसलिए चौक चौराहों पर अलाव का व्यवस्था होने से वैसे परिवारों को ठंड से कुछ राहत मिल पायेगी और दूर-दराज से आने जाने वाले मुसाफिर को भी राहत मिलेगी।

### सिविल सर्जन ने किया दिव्यांग जांच शिविर का निरीक्षण

# दिव्यांगों को अब नहीं भटकना पड़ेगा : डॉ. अशोक

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को हैदरनगर प्रखंड परिसर में दिव्यांग ग्रामीणों की जांच के लिये विशेष शिविर का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने सीएचसी उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा के साथ निरीक्षण किया। इसमें विभिन्न पंचायतों से आये दिव्यांगों की जांच की गई। जिला से आये स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. निरुपमा सालिनी टोपो व डॉ. सुशील कुमार रमण ने जांच कार्य मे सहयोग किया। इस दौरान जांच के लिए शाम चार बजे तक 145 दिव्यांगों का आवेदन आया है। सीएस ने कहा कि जांच के बाद इन दिव्यांगों को योग्यता के आधार पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सिविल सर्जन का पदभार लेने के दस दिनों के अंदर ही विशेष दिव्यांग शिविर लगाया गया है। शिविर



से कोई भी योग्य लाभुक बिना जांच के वापस न लौटे। इसे लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि अंतिम समय तक अंतिम लाभुक की जांच सुनिश्चित करें। जिससे योग्य लाभुक शिविर का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि जांच के बाद एक सप्ताह के भीतर ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया जायेगा। वहीं बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर ने इस शिविर के आयोजन पर सिविल सर्जन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रखंड में प्रतिदिन दस से अधिक लोग दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने को आते है। इस शिविर के माध्यम से सैकड़ो दिव्यांग का प्रमाण पत्र बन सकेगा। सरकार दिव्यांग लोगों के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। लेकिन इन योजनाओं का लाभ उन्हीं लोगों को मिलता है। जिनके पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र है। दिव्यांगता प्रमाण पत्र बन जाने से लाभुक सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। शिविर में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, मुखिया संतोष कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह उर्फ भाई जी, सुदर्शन पासवान, शहनाज परवीन व अशोक कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह, बीएमपी बिभूति कुमार, सहित कई पंचायतों प्रतिनिधि पंसस व समाजसेवी मौजूद थे।

# मोटर पार्ट्स दुकान व गैरेज से पांच लाख की चोरी

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** बेखौफ चोरों ने हरिहरगंज के मोटर पार्ट्स दुकान व गैरेज से लाखों की चोरी की। घटना गुरुवार की देर रात की बतायी जाती है। शहर के मेन रोड़ पर पुरानी गर्ल हाई स्कूल के सामने विश्वकर्मा मोटर पार्ट्स तथा भारत बोलेरो गैरेज में हुई। चोरों ने दुकान का ताला काटकर घटना को अंजाम दिया। दुकान के संचालक राजेश विश्वकर्मा के मुताबिक गुरुवार की शाम अपनी दुकान रोज की तरह बंद कर अपने घर महाराजगंज चले गये। सुबह दुकान खोलने आये तो देखा कि दुकान का ताला गायब है। अंदर जाकर देखने पर पाया कि इलेक्ट्रॉनिक वेल्डिंग मशीन, 20 केवीए का जनरेटर, 16 पीस जक, 2 पीस निहाई, दो पीस घन, तीन पीस स्टैंड कटर मशीन, लगभग 5



क्विंटल लोहा, ट्रक का पाटर्स,सहित ट्रक का कई पार्ट्स और बहुत सा औजार को अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है। वहीं बगल में स्थित भारत बोलेरो गैरेज से भी चोरों ने जक व कई औजार तथा मोबिल आदि सामान को चुरा लिया है। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार ने हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी के अनुसार दोनों दुकानों से लगभग 5 लाख मूल्य के सामान की हुई चोरी। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# बांकी नदी पर पांच करोड़ 61 लाख की लागत से बनेगा पुल

### पुल का निर्माण हो जाने से पांडू व हुसैनाबाद प्रखंड जुड़ जायेगा सड़क मार्ग से

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** पांडू प्रखंड के ग्राम नेवारी व पोखरी के बीच स्थित बांकी नदी पर जल्द ही पुल का निर्माण हो जायेगा। इस पुल के निर्माण से पांडू व हुसैनाबाद प्रखंड सीधा सड़क मार्ग से जुड़ जायेगा। इसकी जानकारी वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने दी। उन्होंने बताया कि पांच करोड़ 61 लाख की लागत से पुल का निर्माण



होना है। पुल निर्माण हेतु निविदा भी आमंत्रित की जा चुकी है। इस पुल के बन जाने से पांडू का रतनाग बाजार हुसैनाबाद के महुदंड बाजार से जुड़ जायेगा। जिससे स्थानीय लोगों के साथ साथ व्यापारियों को भी काफी फायदा होगा। श्री यादव ने कहा कि इस पुल निर्माण की स्वीकृत पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने दिलवाई है। जिसके लिए पांडू और हुसैनाबाद की जनता अपने चहेते सांसद को आभार भी प्रकट कर रही है।

## बेटा-बहू के झगड़े में ससुर की गई जान

**हुसैनाबाद ।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के देवरी ओपी अंतर्गत बाबु लाइन कालोनी में बेटा बहू के बीच हुए झगड़े में बीच बचाव करने गये ससुर अंजनी कुमार सिन्हा ( 60 ) वर्ष की मौत हो गई। वह देवरी कला पंचायत के बाबु लाइन के निवासी हैं। इस संबंध में मृतक की पत्नी



मंजू देवी ने अपने पुत्र सोनू सिन्हा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि गुरुवार को समय करीब 9.30 बजे रात्रि मेरा बेटा सोनल कुमार सिन्हा, उम्र 36 वर्ष, पिता- अंजनी कुमार सिन्हा, शराब के नशे में घर आया और अपनी पत्नि को गाली गलौज करने लगा। इसी उपरान्त उसके पिताजी उसको समझाने के लिए आये तो मेरा बेटा उनको भी धक्का देकर गिरा दिया। जिससे वे बेहोश हो गये। उन्हें सरकारी अस्पताल हुसैनाबाद ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जबकि पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जपला, हैदरनगर, मोहम्मदगंज व पिपरा में शीघ्र खुलेगा केनरा बैंकः कर्नल संजय

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद विधानसभा के सभी प्रखंडों में बैंकों की कमी व खाताधारकों को बैंक में भीड़ की समस्या से निजाद दिलाने के लिए कर्नल संजय सिंह प्रदेश संयोजक भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ सह संयोजक किसान ब्रिगेड के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल केनरा बैंक झारखंड महाप्रबंधक हितेश गोयल को रांची के केनरा सर्कल मुख्यालय में एक ज्ञापन सौंप कर पिपरा, मोहम्मदगंज, हैदरनगर और जपला में यथाशीघ्र कैनरा बैंक का एक एक ब्रांच खोलने का आग्रह किया है। कर्नल संजय के मौखिक आग्रह पर केनरा बैंक के





महाप्रबंधक ने कुछ माह पहले एक सर्वे कराया था। जिसमें उन्होंने कहा कि जपला, हैदरनगर व मोहम्मदगंज बैंक खोलने की सारी अहर्ता पूरी करता है। केनरा बैंक ने अपनी नई ब्रांच खोलने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। महाप्रबंधक ने ज्ञापन के माध्यम से आम जनता के सुविधा हेतु किये गये आग्रह को और गति देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पिपरा को छोड़ कर बाकी तीनों जगहों पर मार्च से पहले केनरा बैंक अपना ब्रांच खोल देगी। कर्नल संजय ने कहा कि इस डिजिटल ट्रांजेक्शन के युग में हमारे लोग अपना पैसा लेने के लिए यदि एक मिनट के काम में एक दिन लगायें। ये बिलकुल गलत है और जनप्रतिनिधियों का जनता के प्रति उदासीनता को झलकाता है। प्रतिनिधि मंडल में वीर बहादुर सिंह, ओम प्रकाश, विश्वकर्मा और विजय प्रसाद गुप्ता शामिल थे। महाप्रबंधक ने प्रतिनिधि मंडल को जनता की समस्याओं को उजागर कर केनरा बैंक को सेवा का मौका देने के लिए उन्होंने धन्यवाद दिया है।

# मुखिया ने किया वस्त्र का वितरण





नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड पोलडीह पंचायत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेदौलिया में कक्षा पहली एवं दूसरी के कुल 44 बच्चों को पोलडीह पंचायत की प्रधान सह मुखिया संजू देवी ने नये साल में दो सेट नये पोशाक, जूता-मोजा एवं स्वेटर वितरित किया। इसके पूर्व विद्यालय की संयोजिका अनीता देवी ने मुखिया को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार एवं संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया समाजसेवी अशोक यादव ने बच्चों के अभिभावक से अनुरोध किया कि सभी बच्चों को पोशाक में ही विद्यालय भेजें । पठन-पाठन में विद्यालय परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान करें। मुखिया संजू देवी ने बताया कि ड्रेस से बच्चों में समानता की भावना जागृत होती है। यह सरकार के द्वारा चलाया गया बेहतर मुहिम है। इसलिए बच्चों को नियमित पोशाक में ही विद्यालय भेजने हेतु अभिभावक को सलाह दी। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक सह संयोजक ने सभी बच्चों से अपील किया कि जिन बच्चों( कक्षा 3-8 )के खाते में पोशाक की राशि भेज दी गई है। वे भी अपना-अपना पोशाक खरीद कर पोषाक में ही विद्यालय आयें। ताकि पठन-पाठन में एकरूपता एवं समानता प्रदर्शित हो। मौके पर मुख्य रूप से संकुल साधन, सेवी रामकिशन भगत, सहायक अध्यापक रामनाथ राम एवं सरवर आलम, समाजसेवी भरत पासवान, समाजसेवी मधुसूदन पाठक, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार,संयोजिका अनीता देवी, रसोईया सावित्री देवी एवं सुनीता देवी, सुदर्शन राम, श्याम बिहारी राम, मुकेश सिंह,प्रमोद गुप्ता,अनिल गुप्ता सहित बाल संसद की टीम उपस्थित रहे।

# स्मृतियों में सदा अमर रहेंगे सत्यदेव अग्रवालः अरविंद





नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** हिमाचल के सीनियर आईएएस अधिकारी संदीप बसन्त कदम ने कहा कि पलामू के शिक्षा जगत के लिए उन्होंने ने कई पुनीत कार्य किये। बाबा के दिखाये गये रास्ते पर चल कर ही समाज का कल्याण सम्भव है। समाज मे क्रांति शिक्षा से ही सम्भव है। सोच हमेशा बड़ी रखें ताकि सफलता बड़ी हो। युवाओं को यह भी कहा कि हमेशा सकारात्मक रहें, सफलता जरूर मिलेगी। इस मौके पर सैकड़ो युवाओं के द्वारा संदीप कदम का भव्य स्वागत किया गया। आपको बताते चलें कि संदीप कदम 2007 में झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी भी रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में एक वृहत अभियान चलाकर 2008 में सड़मा में स्थानीय युवाओं की मदद से कॉलेज निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। आज आलम यह है कि उस कॉलेज से प्रतिवर्ष दस हजार से भी ज्यादा छात्र उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर हो रहे हैं। यही कारण है कि श्री कदम का छतरपुर के लोगों के साथ इमोशनल अटैचमेंट रहा है। छतरपुर की धरती पर युवाओं ने उनका सम्मान किया। वहीं मंच के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता ने कहा कि सत्यदेव अग्रवाल द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये गये। अविस्मरणीय कार्यों के कारण वे चिर स्मृतियों में सदा अमर रहेंगे। अरविंद ने कहा कि आगे हमें यूनिवर्सिटी की स्थापना कर उनके सपनों को पूरा करना है। अरविंद ने कहा कि संदीप कदम की उपलब्धियां युवाओं को हमेशा प्रेरित करती रहेंगी। इस मौके पर दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा सत्यदेव अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी शेखर कुमार, सुनील कुमार, उपेंद्र गुप्ता, अश्विनी कुमार, मित्तल सिंह, आसिफ इकबाल, लालू यादव, पंचम कुमार,ओमप्रकाश चन्द्रवंशी, राकेश चन्द्रवंशी, रामजी प्रसाद, रितेश सोनी, अनिल गुप्ता, अमित ठाकुर, अंकित पांडेय, अरविंद विश्वकर्मा, विशाल शेखर, रॉकी चंद्रा, प्रकाश कुमार अमित कुमार, गोलू रंजन, मृणाल गुप्ता, रजत देव, ऋषभ गुप्ता, मंजुल गुप्ता, दीपु पांडेय , पीयूष मिश्रा, सोनू गुप्ता, रजनीश देव, जयकुश प्रजापति, प्रेम प्रजापति राजा गुप्ता, रॉकी कुमार, भरत गुप्ता, छोटू सिंह सहित सैकड़ों युवा और अभिभावक उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

**निविदा आमंत्रण सूचना।**

(मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनामद)

ई– निविदा संख्या :– **RWD/SD/LATEHAR/06/2022-23**

1. विभाग का नाम :– ग्रामीण विकास विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लातेहार।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **21/01/2023**
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **30/01/2023** अपराहन् 06:00 बजे तक।
5. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार / मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0 पी0 भवन धुर्वा, राँची के कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकि योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय **01/02/2023** अपराहन् 05:00 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **03/02/2023** अपराहन 02:00 बजे।
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
8. कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | निविदा शुल्क | अग्रधन की राषि | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिला के प्रखण्ड बरवाडीह अन्तर्गत पंचायत मोरवाईकला के ग्राम सैदुप में सैदुप नदीं पर पुल निर्माण। | 4,29,17,000 | 10,000 | 8,60,000 | 18 माह | प्रथम |

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या https://latehar.nic.in या www.jharkhandtender.gov.in पर देखे।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR 286876 Rural Development(22-23)D



## Jharkhand State Building Construction Corporation Limited

(Govt. of Jharkhand Undertaking)Corporation Identification No.-U45201JH2015SGC003325
Regd. Office:- Building Construction Department, Govt. of Jharkhand,
Project Building, P.O.- Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand
Phone No.:- 0651-2446257/2446258/2446259, e-mail:-jsbccljharkhand@gmail.com

Notice No. JSBCCL/RFP/03/2022-23 Date.05.01.2023

**VERY SHORT NOTICE INVITING PROPOSALS**

**For Appointment of Project Design and Management Consultant (PDMC) for Comprehensive Design and Development of various Tourist Locations in Netarhat to enhance Tourist Experience NO. 03/2022-23**

Jharkhand State Building Construction Corporation Limited (JSBCCL) hereby invites proposals from qualified, experienced and financially sound consultants. Interested in providing Project Design and Management Consultancy for JSBCCL projects. For details of scope of work, Eligibility criteria, Selection mechanism, Evaluation procedure and other terms and conditions can be seen in the Request for proposal (RFP) document. Copies of the Request for Proposal (RFP) document can be downloaded from the e-tendering portal of i.e. www.jharkhandtenders.gov.in from **07.01.2023 till 17.01.2023.**

A Pre-Proposal meeting with the willing parties will be held on 11.01.2023 at 11:30 A.M. in the office of Executive Director, JSBCCL.

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Jharkhand State Building Construction
Corporation Ltd., Ranchi.Telephone No.- 0651-2446259
e-mail-jsbccljharkhand@gmail.com

PR286850 (Jharkhand State Building Construction Corp. ltd.)22-23*D



## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लातेहार (जिला विकास)

**–ःअति–अल्पकालीन निविदाः–**

केन्द्रीय सहायता मद (SCA) के अन्तर्गत दिनांक–16.11.2022 को उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक एजेण्डा संख्या–14 के अनुपालन में समर अभियान के अन्तर्गत एनिमिया जांच एवं कुपोशित बच्चों की जांच हेतु Digital Hemoglobino Meter Lancet & Strip (Biosense) का क्रय किया जाना है। Digital Hemoglobino Meter Lancet & Strip (Biosense) की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 अंतर्गत पंजीकृत निर्माता / प्रतिष्ठानों / प्राधिकृत एजेंसियों से द्विलिफाफीय पद्धति (तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग) में मुहरबंद रूप में निम्नवत् रूप से अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

01. निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि :– **16.01.2023 के अपराह्न 12:00 बजे तक।**
02. निविदा समर्पित करने का स्थान एवं पता :– **विकास शाखा, उप विकास आयुक्त, लातेहार का कार्यालय**
03. निविदा खुलने की तिथि :– **16.01.2023 के अपराह्न 01:00 बजे।**
04. निविदा खुलने का स्थान :– **अपर समाहर्त्ता, लातेहार का कार्यालय वेश्म**
05. DHMLS की आपूर्ति असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार द्वारा निर्धारित अनुसूची के अनुसार की जानी है। विवरणी निम्नवत हैः–

| क्रमांक | DHMLS की संख्या | DHMLS (कम्पनी का नाम) |
|---|---|---|
| 1. | 51600 | Digital Hemoglobino Meter Lancet & Strip (Biosense) |

06. निविदा की शर्तें / विस्तृत विवरणी / अनुसूची–01 आदि का अवलोकन समाचार पत्रों पर निविदा प्रकाशन के उपरांत जिला लातेहार के अधिकृत वेबसाईट https://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

अपर समाहर्त्ता,
लातेहार

PR 286842 Rural Development(22-23)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– अल्पकालिन निविदा संख्या.:– **RWD/SD/LATEHAR/08/2022-23**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड लातेहार सदर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी / पर्यवेक्षीय / तृतीय / चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 61200000.00 | 1224000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 2 | प्रखण्ड बालूमाथ में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी / पर्यवेक्षीय / तृतीय / चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 61200000.00 | 1224000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 3 | प्रखण्ड चन्दवा में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी / पर्यवेक्षीय / तृतीय / चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 61200000.00 | 1224000.00 | 10000.00 | 12 माह |

1. विस्तृत जानकारी एवं Terms and Conditions को वेबसाईट https://latehar.nic.in में देखा जा सकता है।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–**11.01.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **24.01.2023** अपराहन् 05:00 बजे तक।
4. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार / मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0 पी0 भवन धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Affidavit एवं Bank Certificate for Credit Facility जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय **25.01.2023** अपराहन् 05:00 बजे तक।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय **27.01.2023** अपराह्न 02:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता:– **कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।**
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 7061815124
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार के पदनाम से देय हो, देना होगा।
12. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
लातेहार

PR286877 (Rural Development)22-23*D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● माघ कृष्ण पक्ष 01 ● विक्रम संवत 2079 ● शनिवार, 07 जनवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-84 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

सन्नी और रणबीर की होगी बॉक्स ऑफिस पर टक्कर पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### व्यापारी के करीब 14 ठिकानों पर आयकर विभाग की दबिश

**धनबाद।** कोयलांचल धनबाद के बड़े व्यापारियो में से एक शम्भूनाथ अग्रवाल के करीब 14 ठिकानों पर आयकर विभाग ने एक साथ दबिश दी। शुक्रवार की सुबह करीब 12.30 बजे पटना और कोलकाता से आए आयकर विभाग की टीम ने धनबाद आयकर विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर व्यापारी शम्भूनाथ अग्रवाल के ठिकानों पर आयकर सर्वे शुरू किया। शम्भूनाथ अग्रवाल की गिनती धनबाद के बड़े व्यापारियों में की जाती है। उनका व्यापार धनबाद से लेकर कोलकाता तक फैला हुआ है। उनकी कंपनी का कोलकाता में भी कार्यालय बताया जाता है। इन सभी जगहों पर एक साथ 60 से अधिक आयकर अधिकारियों की टीम आयकर सर्वे किया।

### अमित शाह रांची पहुंचे आज चाईबासा जाएंगे

**रांची।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार की देर रात रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उनका स्वागत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, पूर्व मुख्यमंत्रीद्वय रघुवर दास व बाबूलाल मरांडी ने किया। प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी के भी अनेक सदस्य शाह के स्वागत के लिए पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर लोगों का अभिवादन स्वीकार करने के तत्काल बाद गृहमंत्री होटल रेडिसन ब्लू चले गए। समझा जाता है कि होटल में ही उन्होंने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से पार्टी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली और उन्हें जरूरी निर्देश भी दिये। माना जा रहा है कि वह शनिवार को चाईबासा में होने वाली मीटिंग व जनसभा के बारे में भाजपा नेताओं से चर्चा कर चुके हैं। बताया गया कि वह सुबह रांची से चाईबासा पहुंचेंगे। खबर है कि देर रात प्रदेश अध्यक्ष व दोनों पूर्व मुख्यमंत्री चाईबासा पहुंच जाएंगे।

### सुरक्षा बलों संग नक्सलियों की मुठभेड़, भारी मात्रा में सामान बरामद

**चतरा।** नक्सल विरोधी अभियान पर निकले सुरक्षा बलों की मुठभेड़ शुक्रवार को टीएसपीसी नक्सलियों के साथ कुंदा थाना क्षेत्र के चतरा-पलामू बार्डर स्थित अनगड़ा-नागद जंगल में हो गयी। इस दौरान दोनों ओर से दर्जनों राउंड गोलियां चलीं। वहीं, खुद पर सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का लाभ उठाकर भाग निकले। जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ कोबरा 206 बटालियन, झारखंड जगुआर व जिला बल के जवान नक्सल विरोधी अभियान पर निकले थे। इसी दौरान नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ के बाद चलाये गये सर्च अभियान में दैनिक उपयोग की भारी मात्रा में सामग्री बरामद की गयी है। एसपी राकेश रंजन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# अधिवक्ताओं के हड़ताल से पलामू में बाधित रहा न्यायिक कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कोर्ट फीस बढ़ोतरी के विरोध में अधिवक्ताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल के पहले दिन शुक्रवार को पलामू जिले में न्यायिक कार्य पूर्णतः बाधित रहा। जिले के तमाम अधिवक्ता नई कार्य से अपने को अलग रखा। फलस्वरूप सिविल कोर्ट में अधिवक्ताओं के नहीं जाने के कारण सभी न्यायालयों में न्यायिक प्रक्रिया की कार्रवाई नहीं हुई। संबंधित वादों के मकानों को जिला न्यायालय से वापस लौटना पड़ा। अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण जिला मजिस्ट्रेट डीएम और अनुमंडल दंडाधिकारी एसडीएम के न्यायालयों में लैंड सीलिंग अपील, मोटेशन अपील, सेटेलमेंट अपील, लगान निर्धारण अपील समेत भूमि विवाद के मुकदमों में सुनवाई नहीं हुई । सिविल कोर्ट और जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में वादों में सिर्फ आगे तारीख बढ़ाई दी गई। पलामू जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ अधिवक्ता नंदलाल सिंह के साथ बैठक कर सरकार के कोर्ट फीस की बढ़ोतरी की कार्रवाई को गरीब विरोधी बताया है।



### एक्शन मोड में काउंसिल

## निर्देश के बाद भी न्यायिक कार्य में शामिल वकीलों पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कोर्ट फीस विधेयक के विरोध में न्यायिक कार्य से दूर रहने के फैसले के खिलाफ जाकर न्यायिक कार्य में शामिल होने वाले वकीलों पर काउंसिल कार्रवाई करेगा. काउंसिल ने सभी जिला बार संघों को पत्र जारी कर आंदोलन में शामिल वकीलों को काउंसिल के आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की है।काउंसिल के पत्र के बाद अब यह अंदेशा जताया जा रहा है कि 6 जनवरी को न्यायिक कार्रवाही में शामिल होने वाले वकीलों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, अलग-अलग मामलों में हाईकोर्ट में कुल 300 वकीलों ने आज अदालत की कार्यवाही में हिस्सा लिया. इन वकीलों में सरकारी वकीलों के अलावा प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले वकील भी शामिल हैं। बता दें कि कोर्ट फीस और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट समेत अन्य मुद्दों को लेकर काउंसिल ने राज्यव्यापी न्यायिक कार्य बहिष्कार का एलान किया है। यह कार्य बहिष्कार कल यानी शनिवार को भी जारी रहेगा।

# श्री सम्मेद शिखर का मामला फिर गरमाया

## झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने कहा- यह आदिवासियों की जमीन

### कानूनी दस्तावेज आदिवासियों के पास

**नवीन मेल नेटवर्क। रांची/ गिरिडीह**

श्री सम्मेद शिखर जी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र के धार्मिक स्थल घोषित होने पर झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि इस मामले को लेकर देशभर में आदिवासी समाज केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगा। पत्रकारों से बातचीत के क्रम में उन्होंने कहा कि उस इलाके में 10 किलोमीटर की परिधि में आदिवासियों को बलि पूजा से रोका जा रहा है। साथ ही गरीबों को लकड़ी लाने से भी मना किया जा रहा है। झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि आदिवासी अपने पर्व त्योहारों में बलि चढ़ाते हैं तो यह उन्माद क्यों फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह जमीन शुरू से आदिवासियों की रही है जिस पर कब्जा कर लिया गया। अभी भी यह कानूनी दस्तावेज आदिवासियों के पास है। पूरे मामले पर राज्य सरकार की भूमिका की आलोचना करते हुए लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को क्षेत्र के ग्राम प्रधानों और बुद्धिजीवियों से बातचीत करने के उपरांत ही इस संबंध में केंद्र को पत्र लिखना चाहिए था।

### एक और जैन मुनि ने त्यागे प्राण

**एजेंसी। जयपुर**

> **चार दिन में दूसरे मुनि का निधन, जयपुर में सम्मेद शिखर के लिए अनशन पर थे**

सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने के विरोध में चार दिन में दूसरे जैन मुनि समर्थ सागर ने प्राण त्याग दिए। जैन मुनि पिछले कई दिनों से अनशन पर थे। गुरुवार देर रात 1.20 बजे मुनि समर्थ सागर का निधन हो गया। शुक्रवार सुबह जैसे ही संत के देह छोड़ने की जानकारी मिली बड़ी संख्या में जैन समुदाय के लोग मंदिर पहुंचने लगे। संत की डोल यात्रा संघीजी मंदिर से विद्याधर नगर तक निकाली गई। इस मौके पर जैन संत शशांक सागर ने कहा कि जब तक झारखंड सरकार सम्मेद शिखर को तीर्थ स्थल घोषित नहीं करेगी तब तक मुनि ऐसे ही बलिदान देते रहेंगे। दरअसल, जयपुर के सांगानेर स्थित संघीजी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## मुख्यमंत्री पारण परेड समारोह में हुए सम्मिलित

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- पुलिस महकमे के लिए अलग स्वास्थ सेवा बनाने पर सरकार कर रही विचार
- पुलिस में महिलाओं की बढ़ रही भागीदारी पूरे राज्य के लिए गर्व की बात

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड पुलिस के विभिन्न ट्रेनिंग संस्थानों से 1892 जवान प्रशिक्षण प्राप्त कर राज्य की सेवा के लिए अपना योगदान देने जा रहे हैं। इन जवानों में कुल 630 महिला आरक्षी अपने सहकर्मी पुरुष आरक्षियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योगदान देने जा रहीं है, यह पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में महिलाओं की बढ़ रही भागीदारी महिला सशक्तिकरण की मिसाल है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बोकारो स्थित जैप-4 ग्राउंड में एसआईआरबी-01 दुमका, एसआईआरबी-2 खूंटी, आईआरबी-8 गोड्डा के जवानों के पारण परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जैप-4 परिसर में वृक्षारोपण किया। साथ ही परिसर के लिए आरओ प्लांट का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने यहां जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है, वह तो एक शुरुआत है। आप जब अपने कर्तव्य और जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे तो आपको कई नई और अलग-अलग तरह की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### सभी प्रशिक्षण केंद्रों, जैप मुख्यालयों और पुलिस लाइन केंद्रों का होगा जीर्णोद्धार

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों और संस्थानों में जाने का मौका मिलता है। इस दौरान वहां की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेने के दौरान कई समस्याएं व्याप्त होने की बात मालूम होती ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### नीरज सिन्हा का हेलीकॉप्टर भटका मची अफरा-तफरी

**बोकारो।** जिले के जैप-4 ग्राउंड के पासिंग आउट परेड में शुक्रवार को हिस्सा लेने पहुंचे झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा का हेलिकॉप्टर भटक गया। सही दिशा नहीं मिलने के कारण हेलिकॉप्टर गलत जगह पर लैंड कर गया। इसके ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## आदमखोर तेंदुआ को शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा : नवाब

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरिया (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र में चलरही तेंदुआ ऑपरेशन के दूसरे दिन हैदराबाद के चर्चित शूटर नवाब शफथ अली खान अपनी टीम के साथ भंडरिया के बघवार, मदगड़ी, बैरिया, कुशवाहा आदि गांव का भ्रमण किया। जहां पर आदमखोर तेंदुआ द्वारा हमला किया गया था। वहां जाकर वहां के भौगोलिक स्थिति का जायजा लिया। वन विभाग द्वारा लगाए गए ट्रिपिंग कैमरे की निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आदमखोर तेंदुआ को शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैरिया गांव के पास बीती रात्रि सड़क किनारे सर्चलाइट के रोशनी में तेंदुआ देख लिया गया है। उन्होंने कहा कि यहां पर तेंदुआ ही है। जो इस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### अटॉर्नी जनरल ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया

## हाईकोर्ट के कॉलेजियम की 104 जजों की नियुक्ति की सिफारिशें लंबित

**- आरएनएम। नयी दिल्ली**

केंद्र सरकार व सर्वोच्च न्यायालय में टकराव की चर्चा के बीच अब यह कहा जाने लगा है कि नोट बंदी मामले में मनभावन आ जाने के बाद केंद्र सरकार अब 104 में से 44 जजों की नियुक्ति पर कॉलेजियम की सिफारिशों को समय सीमा में मानने के लिए राजी हो गया है। इस अवधारणा के लिए आधार बनाया जा रहा है कि केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में शुक्रवार छह जनवरी को आश्वासन देते हुए कहा कि न्यायिक नियुक्तियों पर जो समय सीमा है, उसका पालन किया जाएगा। लंबित पड़े कॉलेजियम की सिफारिशों को जल्द ही मंजूरी दे दी जाएगी। सर्वोच्च न्यायालय में जस्टिस संजय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## मिशन 2024 : अमित शाह आज चाईबासा में

- **लोस कोर कमिटी की बैठक में लेंगे हिस्सा**
- **टाटा कॉलेज मैदान में जनसभा को करेंगे संबोधित**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/चाईबासा** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह आज कोल्हान प्रमंडल से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मिशन 2024 का शंखनाद करेंगे तथा चाईबासा में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मिशन 2024 को लेकर भाजपा ने जमीनी स्तर पर अपना अभियान शुरू कर दिया है। ऐसा ही एक आयोजन 31 दिसम्बर को कर्नाटक में भी हुआ था जिसे अमित शाह ने संबोधित किया था। मिशन-2024 में भाजपा वैसे संसदीय क्षेत्रों पर अधिक ध्यान दे रही जहां उसको पिछले आम चुनावों में अपेक्षा अनुरूप सफलता नहीं मिली थी। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इन क्षेत्रों में कमल खिला कर कमाल करने को लेकर गंभीर है। इस सिलसिले में केंद्रीय गृह मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह शनिवार को लोकसभा कोर कमिटी की बैठक में शिरकत कर पार्टी नेताओं को जीत का मंत्र देंगे। साथ ही ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सवाल क्या भाई-बहन का रिश्ता ऐसा होता है कि आप सरेआम उसे किस करें?

# सैकड़ों कैमरों के सामने, सरेआम बहन प्रियंका को चूमना क्या राहुल गांधी का प्रेम है?

**आनंद सिंह**

एक हैं राहुल गांधी। एक हैं प्रियंका गांधी। दोनों में खून का रिश्ता है। दोनों भाई-बहन हैं। दोनों में बेहद प्रेम है। इतना, कि प्रियंका गांधी यूपी की यात्रा में अपने भाई से कहती है : ओ बड़े भाई, जरा इधर देखो, मुझे तुम पर गर्व है। भाई का प्रेम इतना कि यूपी की भारत जोड़ो यात्रा में ही उन्होंने सबके सामने अपनी बहन का एक नहीं, तीन बार चुंबन ले लिया। पहला चुंबन उनके बालों पर, दूसरा चुंबन गाल पर और तीसरा चुंबन भी गाल पर ही लिया। पहले चुंबन पर तो प्रियंका ने कुछ नहीं कहा। दूसरे और तीसरे चुंबन पर उन्होंने जिस तरीके से प्रतिक्रिया दी, वह कुछ ऐसा था गोया कह रही हों...कहां फंस गई... इडजैक्टली उन्होंने क्या कहा था, वह तो सुनाई नहीं दे रहा पर भाव-भंगिमाएं कुछ ऐसा ही इशारा करती हैं। आप चाहें तो उस पूरे वीडियो को देख सकते हैं। बीते दिनों भारत जोड़ो यात्रा मध्य प्रदेश में थी। वहां नर्मदा आरती का कार्यक्रम था। वहां भी राहुल और प्रियंका थे। नर्मदा आरती जब शुरू हुई तो राहुल गांधी ने पहले तो दोनों हाथों से आरती की। पांच-सात बार दोनों हाथों से दीप घुमाने के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### मेरा सवाल है




क्या भाई-बहन का रिश्ता ऐसा होता है कि आप सरेआम उसे किस करें? क्या आप भी अपनी बहन के साथ ऐसा ही करते हैं?

क्या गले मिलने के लिए कोई इतनी तेजी से आगे बढ़ कर सामने वाले से एकदम चिपट जाता है? क्या आप भी अपने संबंधियों-मित्रों से ऐसे ही गले मिलते हैं? क्या नर्मदा या गंगा आरती या कोई भी आरती एक हाथ से ही की जाती है? क्या आप भी कोई भी आरती एक ही हाथ से करते हैं?

राहुल गांधी लगातार चल रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। कई राज्यों से गुजर चुकी है उनकी यात्रा। हर प्रेस कांफ्रेंस में वह कहते हैं कि उनकी यात्रा प्रेम बढ़ाने का काम कर रही है। उनकी यात्रा भारत को जोड़ने का काम कर रही है। उनकी यात्रा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राहुल कम से कम एक टी-शर्ट तो पहनते हैं

## नागो उघारे देह इस शीतलहरी में काम कर रहे हैं!





**नवीन मेल नेटवर्क। कोडरमा**

ये सज्जन हैं नागो रजक। कोडरमा बाजार में मोटिया मजदूर का काम करते हैं। उम्र है 56 साल। ये गरीब हैं। तभी तो 56 साल की उम्र में भी उघारे देह, सिर्फ धोती पहने काम करते रहते हैं। जाड़ा हो, गर्मी हो या फिर बरसात हो, नागो कभी कमर के ऊपर कपड़े नहीं पहनते। कमर के नीचे जरूर धोती पहनते हैं। उन्हें किसी ने आज तक न स्वेटर में देखा, न ही जैकेट में। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तो कम से कम एक टी-शर्ट पहन कर 3800 किलोमीटर की यात्रा पर हैं। नागो बीते 56 साल से यूं ही नंगे बदन रहते हैं। उन्हें न तो सूर्य देवता हिला सके, न वरुण देवता और न ही शीतलहरी का ही उनके शरीर पर कोई असर पड़ रहा है। पेट की आग इतनी जबरदस्त है कि वह बारहों माह मजदूरी करने के लिए विवश हैं। पेट की आग से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

### वारंटी गिरफ्तार

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के बेलाबार गांव निवासी जहूद्दीन अंसारी को केतार पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुये थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने बताया की जहूद्दीन अंसारी को पुरानी केस के वारंट के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत गढ़वा भेज दिया गया है।

### कीटनाशक खाकर महिला ने दी जान

**गढ़वा।** पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के पांडू गांव निवासी राहुल कुमार की पत्नी कविता देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर घर में कहासुनी हुआ था। जिसे आक्रोशित हो कर कविता ने किटनाशक खाली। वहीं उसकी तबियत बिगड़ने लगा तो इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### बाइक से गिरकर बच्चा घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के नाहर चौक के समीप बाइक दुर्घटना में शहर के केसरी मोहल्ला निवासी मुन्ना केसरी का पुत्र कार्तिक केसरी घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह नाहर चौक की तरफ बाइक से घूमने गया था। उसी दौरान वह बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गया। घटना के समय उसके बाइक पर 5 लोग सवार थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**गढ़वा।** नगर उंटारी सड़क पर लगमा गांव के समीप एनएच 75 पर पिकअप की चपेट में आने से बाइक पर सवार गढ़वा थाना क्षेत्र के मेढ़ना गांव निवासी रामचंद्र पासवान का पुत्र सज्जन पासवान घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह गढ़वा से मेराल लातदाग जा रहा था। उसी दौरान लगमा गांव के समीप पिकअप के चपेट में आ गया। जिसमें वह घायल हो गया। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# नदी पर बांस के चालही बना कर आवाजाही करने को विवश हैं ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**
**भवनाथपुर (गढ़वा)।** जनप्रतिनिधियों के आश्वासन से अजीज हो कर कैलान पंचायत के फुलवार गांव के पाना टोला के आदिम जनजाति परिवार के लोगो ने सेमरवा खाड़ नदी पर बांस के चालही बना कर आवाजाही कर रहे हैं। ग्रामीण नन्हकू सिंह खरवार, बिगन सिंह खरवार, धर्मेन्द्र सिंह खरवार, मिथलेश सिंह खरवार, प्रमोद सिंह खरवार, सुखाड़ी सिंह खरवार, हरिकेश सिंह खरवार, दयाशंकर सिंह खरवार, सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि तीन दशक से अधिक समय से यहां रह रहे हैं। हम लोगों को आने-जाने के लिए सड़क नहीं रहने एवं नदी पर पुल नहीं रहने से काफी कठिनाईयों की सामना करना पड़ता है। खास कर जब कोई बीमार पड़ जाता है या डिलेवरी की महिला को खटोली के सहारे मरीज को करमाही रोड पर ले जाकर गाड़ी से अस्पताल ले जाते हैं। हमलोग पुल के लिए विधायक एवं सांसद के पास कई बार चकर लगा चुके हैं। लेकिन किसी ने रोड एवं पुल बनवाने की जहमत नहीं उठाया। मजबूरी में हम लोग बांस के चालही बना कर आवाजाही कर रहे हैं। हालांकि हमलोगों को पता है कि बांस के चाल ही से आवाजाही करने से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। बच्चें भी इसी रास्ते स्कूल आते-जाते हैं बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लेकिन इसके अलावा कोई अन्य विकल्प भी नहीं है। प्रतिनिधियों को सिर्फ चुनाव के समय वोट लेने के लिए हमारी याद आती हैं तो वादा करते हैं कि बनवा देंगे। लेकिन चुनाव जीतते हीं अपने वादा भुल जाते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि पाना टोला में सौ घर है। ग्रामीणों ने कहा कि आने वाले चुनाव में हमलोग चुनाव का बहिष्कार करेंगें जब तक सड़क और पुल नहीं तब तक वोट नहीं के नारे के साथ।

### मुखिया ने की अलाव की व्यवस्था



**बड़गड़ (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र में पड़ रहे कड़ाके की ठंड को देखते हुए सदर पंचायत की मुखिया मोनिका कच्छप के द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई। बड़गड़ प्रखंड क्षेत्र में बिते चार दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड एवं घने कोहरे के कारण लोगो की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। मालूम हो की जिले के अन्य जगहों की तरह बड़गड़ प्रखंड में भी कोहरे तथा कड़ाके की ठंड बढ़ जाने से लोगो की दिनचर्या अस्त व्यस्त हो गई है। मुखिया द्वारा लोगो को ठंड से राहत दिलाने के लिए मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर चौक पर अलाव जलाने के लिए लकड़ी की व्यवस्था की गई। अलाव की व्यवस्था किए जाने से लोगों को थोड़ी राहत मिली है। मुखिया के इस पहल की स्थानीय ग्रामीण संतोष गुप्ता, भोला प्रसाद, सुनील प्रसाद, सुनील दास, नारद प्रसाद, नुरूल हक आदि ने सराहना की।

## प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**
**चिनिया (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र में शुक्रवार को पीएम पोषण योजना अंतर्गत रसोईया सह सहायिका का प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के चिनिया संकुल हथबझवा संकुल रणपुरा संकुल के रसोईया व सहायिका ने भाग लिया। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्लस टू उच्च विद्यालय चिनिया के रसोईया बंधिया कुंवर प्रथम स्थान प्राप्त की। वहीं नव प्राथमिक विद्यालय मुरटंगी के रसोईया सोनिया देवी द्वितीय स्थान प्राप्त की। इस प्रतियोगिता के पूर्व संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें प्रतियोगिता में चिनिया संकुल के बंधिया देवी रमण देवी हथबझवा संकुल के मानती देवी, हीरामणि देवी, रणपुरा संकुल के सोनिया देवी, मुन्नी देवी का चयन किया गया था। कुकिंग प्रतियोगिता में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी अरुण कुमार मेहता, शिक्षक मुन्द्रिका माझी, डॉक्टर चंद्रमौलेश्वर पांडे, गणेश प्रहिया, मध्यान भोजन सेल के अनुश्रवण सहायक कामेश्वर यादव, शिक्षक राजीव रंजन तिवारी सहित कई शिक्षक और प्रखंड के कई रसोईया एवं सहायिका शामिल थे।

## कुम्बा खुर्द में साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**
**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** प्रखण्ड के कुम्बा खुर्द पंचायत में साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन शुक्रवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, नगर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, भाजयुमो के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, जिला कार्यसमिति सदस्य राकेश चौबे, पूर्व प्रमुख रविन्द्र कुमार पासवान, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, मुखिया विवेक कुमार व स्थानीय बैगा ने संयुक्तरूप से विधिवत पूजा अर्चना कर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा कि कुम्बा व अमर सरई की जनता ने जो सपना बाजार के रूप में देखा था वह आज साकार हो गया। विधायक भानुप्रताप शाही ने बाजार समिति से सम्पर्क करते हुये यहां साप्ताहिक बाजार की स्वीकृति दिलाया है। यहां प्रत्येक शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार लगेगा। उन्होंने कहा कि जब से देश में भाजपा की सरकार बनी है लगातार गरीब, गुरबो, शोषित, पीड़ित, वंचित, पिछड़ी, आदिवासियों का काम हो रहा है। सांसद व विधायक सीधे जनता से सम्पर्क कर उनके कार्यो को करने का जिम्मा उठाया है। सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार गरीब गुरबो, किसानों की हितैषी सरकार है। यह भ्रष्टाचार मुक्त सरकार है। कार्यक्रम को पूर्व प्रमुख रविन्द्र पासवान, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, मुखिया विवेक कुमार, राकेश चौबे सहित अन्य ने संबोधित किया। मौके पर विजय राम, जवाहर राम, जागा उरॉव, लालमन यादव, कमला चौधरी, शम्भूनाथ तिवारी, लालमुनि तिवारी, दीपक कुमार, अनुज कुमार पटेल, राजेश राम, उपेन्द्र सिंह खरवार सहित कुम्बा व अमर सरई, हुलहुला खुर्द, हलीवन्ता कला पंचायत की जनता व व्यवसायी उपस्थित थे।

### कृषि पदाधिकारी ने किसान मित्र के साथ की बैठक

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित एग्री क्लिनिक सेंटर में शुक्रवार को प्रखण्ड के सभी किसान मित्रो की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में बीटीएम दयानन्द पांडेय ने कहा कि झारखण्ड कृषि ऋण माफी के लिये जिन किसानों का केसीसी ऋण का बैंक या प्रज्ञा केंद्र द्वारा ई केवाईसी नहीं हो पाया है। वे अपने सम्बंधित बैंक में जाकर अपना आधारकार्ड, राशनकार्ड, केसीसी ऋण खाता ले कर जायें तथा ई केवाईसी कराएं। उन्होंने किसान मित्रो को अपने-अपने ग्राम पंचायत स्तर पर ऋण माफी योजना का प्रचार प्रसार करने तथा सम्बंधित किसान का डाटा तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि नगर उंटारी प्रखण्ड में ऋण माफी योजना अंतर्गत 933 लाभुक हैं। जिसमे 358 लाभुक का ई केवाईसी हो पाया है। अभी तक 575 लाभुक का बैंक या प्रज्ञा केन्द्र द्वारा ई केवाईसी नहीं हुआ है। जिसके कारण उनका 50 हजार रुपये ऋण की माफी नहीं हो पाया है। बैठक में प्रभारी कृषि पदाधिकारी ज्ञानचन्द केसरी, सरोज सोनकर, किसान मित्र बंगाली सिंह, अरुण कुमार चौबे, बलदेव खलखो सहित अन्य उपस्थित थे।

### बीडीओ की अध्यक्षता में साक्षरता समिति की बैठक आयोजित

## निरक्षरों को किया जाएगा साक्षर



**नवीन मेल संवाददाता**
**खरौंधी (गढ़वा)।** खरौंधी प्रखंड साक्षरता समिति के सदस्यों की बैठक गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ सह साक्षरता समिति के अध्यक्ष गणेश महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उपायुक्त के निदेर्शानुसार बैठक में प्रखंड समिति का पुनर्गठन किया गया। बीडीओ गणेश महतो ने साक्षरता समिति के सदस्यों के साथ 15+ आयु वर्ष के लोगों को साक्षर बनाने के अभियान को सफल बनाने के रणनीति तैयार की। उन्होंने बैठक में उपस्थित बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य सहिया, जेएसलपीएस से समूह की महिलाओं को भी उक्त अभियान से जोड़ने को कहा। बीडीओ ने कहा कि मनरेगा सहित सभी योजनाओं के लाभुकों को हस्ताक्षर करना अनिवार्य किया जाएगा। ताकि वे निरक्षर से साक्षर बन सके। साक्षरता विभाग के प्रखंड साक्षरता कर्मी रंजू गुप्ता के द्वारा नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में बीईईओ विजय कुमार पांडेय, शिक्षा साक्षरता सामुदायिक कार्य से इंदल पासवान, हाई स्कूल खरौंधी के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर पाठक, मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजनंदन राम, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, बीपीओ रविन्द्र मेहता, सेवानिवृत्त शिक्षक मोतीचंद बैठा, अरविंद कुमार गुप्ता, जेएसलपीएस बीपीएम मोनिका कुमारी, महिला स्वयं सहायता समूह की सुनीता देवी, प्रदीप कुमार शुक्ला इत्यादि उपस्थित थे।

## बकाया बिल को लेकर विद्युत कर्मियों ने काटा कनेक्शन



**नवीन मेल संवाददाता**
**चिनिया (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय में बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर विद्युत कर्मियों ने 10 बिजली कनेक्शन धारियों का बिजली कनेक्शन काट दिया है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर विद्युत मिस्त्री सिमंत कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर आज चिनियां में 10 लोगों का बिजली कनेक्शन काटा गया है। साथ ही बताया कि विभाग से हम लोगों को यह निर्देश मिला है कि जिन बिजली कनेक्शन धारियों के पास 2000 रुपये से ऊपर की बिजली बिल बाकी रहेगा, उनका बिजली कनेक्शन काट दें। कारण की चिनिया प्रखंड मुख्यालय में प्रत्येक महीने की 28 तारीख को बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर का आयोजन किया जाता है। लेकिन कुछ बिजली कनेक्शन धारी समय पर अपना बिजली बिल जमा नहीं कर रहे हैं। जिसे लेकर आज 10 लोगों का बिजली कनेक्शन काटा गया है। जिसमें चिनिया निवासी रामजी राम, अमित यादव, उखमजी भूइया, पूरन भूइया, राजो देवी किरण देवी, शांति देवी, सकुंती देवी, रामकिशून राम सहित रामजी भुईयां का नाम शामिल है। मौके पर एसबीओ चंद्रेश यादव, विद्युत कर्मी सिमंत कुमार, रोहित सिंह उपस्थित थे।


**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :– 02/2022–23

जिले के सदर अस्पताल/अनुमंडलीय अस्पताल/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/स्वास्थ्य उपकेन्द्र के लिए मशीन उपकरण, उपस्कर का क्रय के लिए मूल्य निर्धारण हेतु मुहरबंद निविदा, निर्माता/प्राधिकृत एजेंसी/डीलर/स्टॉकिस्ट/आपूर्तिकर्ता से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 17.01.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद, निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक प्राप्त निविदा, दिनांक 18.01.2023 को 04:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सभागार में खोला जाएगा। जिसमें तकनिकी भाग में सफल निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोला जाएगा। निविदा कागजात/उपकरण उपस्कर की सूची, गढ़वा जिले के बेबसाईट Http://garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 286891 Health Med Edu and Family Welfare(22-23).D


### मुखिया के पहल पर लगा विद्युत ट्रांसफॉर्मर



**केतार (गढ़वा)।** प्रखंड के परसोडीह पंचायत के बांसडीह गांव में शुक्रवार को मुखिया प्रतिनिधि कलेंदर पासवान ने एक सौ केवी का विद्युत ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन फिता काटकर और नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि कलेंदर पासवान ने कहा कि नव प्राथमिक विद्यालय के समीप लगा विद्युत ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया था। जिस कारण गांव के लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। वहीं किसानों की फसलों का सिंचाई भी नहीं हो पा रहा था। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर यहां पर एक सौ केवी का विद्युत ट्रांसफॉर्मर लगवाया गया। उन्होंने कहा कि परसोडीह पंचायत के ग्रामीणों ने जिस उद्देश्य से मेरी पत्नी मुखिया बसंती देवी को पंचायत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है। इन ग्रामीणों की हर समस्या का समाधान धीरे-धीरे किया जायेगा। पंचायत में मनरेगा योजना से मजदूरों को जोड़कर गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। बांसडीह गांव में विद्युत ट्रांसफॉर्मर लगने से किसानों के चेहरे पर मुस्कान देखा गया। सभी लोगों ने मुखिया द्वारा किये गये इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर हृदयन मेहता, उमेश गुप्ता, अयोध्या यादव, रविन्द्र राम, रोहित पासवान, पिंटू पासवान, विमलेश पासवान, वार्ड सदस्य प्रभु राम, रामदास पासवान, जगरनाथ मेहता, नंदलाल मेहता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण

**चिनिया (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलैती खैर के छतैलिया गांव अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शुक्रवार को पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव की उपस्थिति में कक्षा 1 और 2 क्लास के बच्चों के बीच कीट के रूप में स्कूली पोशाक का वितरण किया गया है। इस मौके पर पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव ने छात्र-छात्राओं व अभीभावको को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उपस्थित सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित समय से विद्यालय भेजें। सरकार बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए हर तरह की सुविधाएं मुहैया कर रही है। इन सुविधाओं का लाभ लेकर बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में अपने स्कूल तथा गांव प्रखंड का नाम रोशन करें। बच्चों को प्रत्येक दिन की स्कूली पोशाक में विद्यालय भेजें। साथ ही उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को बच्चों के बीच गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात कही। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दूबराज सिंह, शिक्षक वसीम मंसूरी, रामचंद्र यादव, ग्रामीण भिखारी सिंह, सुरेश सिंह, जनेश्वर सिंह, राजेश सिंह, बसंत सिंह सहित अन्य लोग उपस्थत थे।


**कार्यालय नगर परिषद्, चतरा**

पत्रांक 19/न0प0, दिनांक 05.01.2023

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, चतरा क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित नयकी तालाब सैरात की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक –16.01.2023 को समय 1:30 बजे अपराह्न से कार्यालय नगर परिषद्, चतरा के सभा कक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश डाक नही होने की स्थिति में दिनांक–17.01.2023 को निर्धारित समय पर होगा।

| क्र. | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नयकी तालाब | कार्यादेश की तिथि से तीन वर्ष तक के लिये | 7,37,150.00 | 73,715.00 |

नोटः– 1. डाक बोलने का स्थान/तिथि नगर परिषद् कार्यालय का सभा कक्ष।
2. डाक के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, चतरा।

PR.NO.286838 Urban Development(22-23):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–41 वर्ष 2022–23**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉंची।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
3. परिमाण–विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 16.01.2023 को 5:00 बजे अपराह तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.01.2023 को 3:30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 17.01.2023 को 4:00 बजे अपराह्न से। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
6. परिमाण–विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
8. **कार्य की विस्तृत विवरणी** –

| क्र॰ सं॰ | कार्य का नाम | ग्रुप सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण–विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Scheme in Different Places of Chatra District with 01 HP DC Solar Motor Pump Completed Set & 200 mm X 165 mm X 200 Mtr. Deep High Yield Drilled Tube Well, Steel Structure Staging of Mounting HDPE Water Storage Tank on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2022-23 (Under SCA) | | | | | |
| A. | Location – Block-Chatra, Panchayat-Chatra, Village-Sadar Hospital, Chatra | MRPWSS/CTR/HOSPITAL/CH-01 | 8,72,911/- | 17,500/- | 1250/- | 45 Days |
| B. | Location – Block-Hunterganj, Panchayat-Joldiha, Village-Bengwatari | MRPWSS/HNT/BENGWATARI /CH-02 | 6,30,131/- | 13,000/- | 1250/- | 45 Days |
| C. | Location – Block-Hunterganj, Panchayat-Joldiha, Village-Kadimo (CRPF-190 Battalion) | MRPWSS/HNT/KADIMO/CH-02 | 9,09,592/- | 18,500/- | 1250/- | 45 Days |

(क) निविदा के नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 286863 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,चतरा**
**(समाज कल्याण शाखा)**

–::आम सूचना::–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ALIMCO द्वारा प्रस्तावित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु प्रखण्डवार वितरण शिविर आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त शिविर में ADIP योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु वितरण किया जाएगा।

उपरोक्त के आलोक में निम्न तालिका अनुसार वितरण शिविर हेतु तिथि एवं स्थान निर्धारित की जाती है।

| क0सं0 | तिथि | वितरण शिविर का स्थान | शिविर में सम्मिलित होने वाले प्रखण्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | 14.01.23 | प्रखण्ड सभागार, गिद्धौर | गिद्धौर एवं पत्थलगडडा |

उपरोक्त शिविर में सभी चिन्हित निःशक्तजनों को एक फोटो (जिसमें निःशक्तता प्रदर्शित हो), निःशक्तता प्रमाण पत्र (40% न्यूनतम), आय प्रमाण पत्र/बी0पी0एल0, आधार कार्ड तथा 100 प्रतिशत नेत्रहीन दिव्यांग मैट्रिक अथवा डिग्री संबंधी प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित रहेंगे।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
चतरा

PR 286916 Social Welfare,Women and Child Development(22-23).D

NEWS इन ब्रीफ

### कॉलेज के वेबसाइट से छेड़छाड़ दुर्भाग्यपूर्ण : अभाविप

**मेदिनीनगर।** एनपीयू के अंतर्गत श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा के वेबसाइट के साथ छेड़छाड़ करके अश्लील वीडियो डालना अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। यह विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के सुस्ती की ओर इंगित करता है। क्योंकि महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों पदाधिकारियों के संज्ञान में होने के बावजूद भी इस पर कोई कड़ी कार्रवाई न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। अभाविप इसकी कड़ी शब्दों में निंदा करती हैं। दिन भर वेबसाइट पर अश्लील वीडियो रहने के बावजूद भी सिस्टम में बैठे अधिकारियों की कोई चिंता नहीं जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। विश्वविद्यालय संयोजक कुमार नवनीत ने कहा कि साइट दिनभर हैक रहने के बावजूद भी अधिकारियों के संज्ञान में रहने के बावजूद भी किसी पर कोई कड़ा कदम नहीं उठाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे कुकृत्य से महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों की गरिमा गर्त में जा रही है। मौके पर मुख्य रूप से प्रादेशिक विश्वविद्यालय के प्रांत प्रमुख आनंद पांडे,जिला संयोजक अभय वर्मा,विभाग छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी,नगर मंत्री रामा शंकर पासवान,नगर सह मंत्री अभिषेक कुमार रवि, नितीश दुबे ,सुमित पाठक आगे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पर्यटन स्थल से मुक्त हो पारसनाथ, बनी रहे पवित्रताः राकेश

**मेदिनीनगर।** झाजमो(जे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने राष्ट्रपति को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया है कि जैन धर्म समाज के पारसनाथ स्थित पहाड़ियों पर सम्मेद शिखरजी को धार्मिक स्थल रखने की मांग किया है । उन्होंने पत्राचार के माध्यम से कहा कि जिस ढंग से काशी विश्वनाथ, अयोध्या, वैष्णो देवी को 5 किलोमीटर के दायरे से निरामिष जोन से बाहर रखा गया है। जिसमें मांस, मदिरा का व्यवहार नहीं कर सकते । मोर्चा ने राष्ट्रपति से निवेदन किया है कि यह जैन धर्म समाज के धर्मावलंबियों का साफ सुथरा स्वच्छ धार्मिक स्थली घोषित किया जाए। ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर के जैन समाज पारसनाथ की पहाड़ी सम्मेद शिखर पर 27 किलोमीटर की नंगा पदयात्रा करते हैं एवं 57 किलोमीटर इसकी परिक्रमा करते है। गौरतलब है कि 2 अगस्त 2019 को केंद्र के द्वारा अधिसूचना जारी किया गया था। जिसमें पारसनाथ का एक भाग पारसनाथ पहाड़ के वन्य जीव अभ्यारण पारसनाथ वाइल्ड लाइफ सेंचुरी या उसके तलहटी को इको सेंसेटिव जोन घोषित किया गया था।

### निगम टैक्स लेना जानती है, सुविधा देना नहीं :अभिषेक

**मेदिनीनगर।** वार्ड नंबर 17 में भगवती अस्पताल के सामने का मुख्य सड़क जिसमें बीस से पच्चीस घरों के लोगों का आना जाना इसी सड़क से होता है। नाला के उपर का स्लेब टूट जाने से वहां के लोगों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे जल जमाव होने के कारण आस पास के लोग बदबू से परेशान हैं । इस समस्या को लेकर अभिषेक तिवारी ने डिप्टी मेयर मंगल सिंह को जानकारी दी। जिस पर डिप्टी मेयर स्थल पर जा कर लोगों से मुलाकात कर तुरंत समस्याओं का समाधान करने कि बात कहीं आज सात दिन बीत गए कुछ नहीं हुआ इसके बाद मेयर प्रतिनिधि सुनिल गुप्ता को भी जानकारी दिया है। मगर बड़ी बड़ी बाते काम कुछ नहीं सिर्फ पेपर में बड़ा बड़ा बयान देने से निगम का विकास नहीं होगा लोगों का समस्या के बारे में निगम सोचें और खत्म करें वहां के सभी लोग निगम को टैक्स दे रहे हैं अगर निगम को सुविधा नहीं दे सकती तो टैक्स लेने का भी अधिकार नहीं हैं।

# पलामू में ठंड बढ़ते ही अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़, रहें सावधान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ठंड बढ़ने के साथ ही जिले के सदर अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। अस्पताल में आनेवाले मरीज बुखार, सर्दी व खांसी से काफी पीड़ित हैं। वहीं अस्पताल में जरूरत की दवा नही रहने के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीज के परिजन बाहर से दवा लेने को विवश है। माने तो सदर अस्पताल में हमेशा ही दवा का अभाव रहता है। मौसम विभाग की मानें तो आनेवाले दिनों में ठंड में और इजाफा होगा। तीन दिनों में तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। ठंड ने लोगों की दिनचर्या को काफी प्रभावित किया है । मौसम के बदलते मिजाज के कारण जिले में मरीजों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। सदर अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों की लंबी भीड़ लग रही है। इससे अस्पताल प्रशासन पर अचानक बोझ बढ़ गया है। अचानक ठंड बढ़ने के दौरान बुजुर्ग व बच्चे भी काफी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। इलाज के लिए मरीज निजी क्लिनिकों में भी पहुंच रहे हैं। इससे निजी क्लिनिकों में भी मरीजों की संख्या काफी बढ़ गयी है। अस्पतालों में मरीजों की सुबह से ही लंबी कतार लग रही है। वहीं ठंड से बचने के लिए सिविल सर्जन अशोक कुमार ने बताया कि ठंड में गर्म भोजन का करें प्रयोग,बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखें,बुखार होने पर डॉक्टर से सलाह लें,पीने में गर्म पानी का प्रयोग करें,सुबह में टहलना बंद कर दें। बदन को खुला नहीं रखें ,सावधानी बरतें। बदलते मौसम के कारण लोग काफी संख्या में बीमार पड़ रहे हैं। इसके लिए लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। अस्पताल में मरीजों की संख्या को देखते हुए पूरी व्यवस्था कर ली गयी है। मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। वहीं घर से निकलने के पहले लोग गर्म कपड़े के साथ टोपी और मफलर का इस्तेमाल करे। शाम के वक्त पछुआ हवा बहने के कारण ठंड में काफी इजाफा हो जाता है। ऐसे में घर के बच्चों और बुजुर्गों का खास ध्यान रखना जरुरी है। ठंड के कारण अस्पताल में सबसे अधिक जुकाम, खांसी और बुखार वाले मरीज आ रहे हैं। उनमें भी सबसे ज्यादा बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। इससे बचाव के लिए रोज की दिनचर्या में पहनावे से लेकर खान-पान में खास ख्याल रखने की जरूरत है। यदि आपने ऐसा नहीं किया तो यह सर्दी आपको परेशान कर सकती है।

**खानपान में इसे अपनाएं**

खानपान में रखें ध्यान चाय कॉफी का प्रयोग कम करें। विटामिन सी की भरपूर मात्रा लें। गर्म तासीर वाले भोजन का प्रयोग करें जैसे : गुड़, चना, तिल, ज्वार ,बाजरा। भोजन में सरसों ,मेथी, सोया और पालक को जरूर शामिल करें।



**समय से करायें स्वास्थ्य जांच**

मॉर्निंग वॉक पर 5 बजे सुबह के बाद ही निकलें। मॉर्निंग वॉक से घर लौटने पर थोड़ा विश्राम करें। इसके बाद ही कोई अन्य काम शुरू करें। बीपी और सुगर लेवल लगातार चेक करते रहें। हल्का-हल्का एक्सरसाइज जरूर करें।

## आक्रोश मार्च निकालेगा आजसू छात्र संघ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में पार्टी प्रवक्ता डॉ विनय भरत की अध्यक्षता में शुक्रवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की प्रदेश स्तरीय बैठक बुलाई गई । जिसमें अगामी 12 जनवरी को होने वाले असंवैधानिक नियोजन नीति के खिलाफ युवा आक्रोश मार्च की समीक्षा एवं रूप रेखा तैयार की गई । युवा आक्रोश मार्च विधानसभा मैदान धुर्वा से शुरू होकर मोराबादी बापू वाटिका गाँधी के प्रतिमा के समीप इसका समापन किया जायेगा । उसके खिलाफ अखिल झारखण्ड छात्र संघ आजसू युवा दिवस के अवसर पर युवा आक्रोश मार्च करने जा रही है। पलामू जिला अध्यक्ष राहुल कुमार मिश्रा ने कहा कि सरकार के दोहरी नीति के खिलाफ राज्य के युवा सड़क पर आने पर मजबूर हो चुकी है। जिसका नेतृत्व देने के लिए हमारा संगठन अखिल झारखण्ड छात्र संघ आजसू युवाओ के साथ खड़ी है। छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा कि अभी तक सालों में राज्य सरकार ने जो युवाओ को छलने का काम किया उसी का आक्रोश अब सड़क पर देखने को मिलेगा। जब युवा दिवस के दिन युवाओ का हुजूम उमड़ेगा। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार ,प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह, प्रदेश के सभी उपाध्यक्ष, प्रदेश के सभी सचिव, प्रदेश महासचिव सहित प्रदेश के तमाम पदाधिकारी, सभी विश्व विद्यालय अध्यक्ष, विश्वविद्यालय महासचिव, जिला प्रभारी, जिला सह प्रभारी, जिला अध्यक्ष तथा जिला महासचिव की उपस्थिति थे।




## सम्मान ही मेरा मानदेय : महापौर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने मानवता का परिचय देते हुए 200 से अधिक निगम की महिला एवं पुरुष सफाई कर्मियों को अपने निजी खर्च से इस कड़ाके की ठंड में बचाव हेतु स्वेटर प्रदान की। महापौर ने स्वेटर प्रदान करते हुए कहा कि मुझे प्रति माह 8000 रुपया मानदेय के रूप में निगम से 55 माह का 440000 मिला था । जिसमें मैंने अपनी ओर से और भी पैसा लगाकर कोरोना में निशुल्क ऑक्सीजन बैंक का संचालन , निगम क्षेत्र के कई स्थानों एवं मंदिरों में महिलाओं एवं बुजुर्गों को बैठने के लिए अब तक 170 सीमेंटेड बेंच तथा इस ठंड से बचाव हेतु निगम क्षेत्र के सफाई में लगे सफाई कर्मी जिनके बिना निगम की स्वच्छता अधूरी है। महापौर ने कहा कि मेरा एवं मेरे परिवार का मानना है कि मुझे मिलने वाला मानदेय निगम वासियों से लिए गए टैक्स का हिस्सा है। महापौर ने कहां कि मैं शुक्रगुजार हूं इन कर्मियों का जिन लोगों ने कोरोना जैसे भैयावह बीमारी में भी अपनी जान की बाजी लगाकर नित्य की भांति रात दिन एक कर निगम क्षेत्र को स्वच्छ एवं सैनिटाइज करते रहे और सालों भर ठंडा, गर्मी, बरसात में समाज को सेवा देते है। मैं जल्द इनके लिए एक सोशल कॉर्पोरेट फंड इकट्ठा कर निगम में रखना चाहूंगी। जिसके खर्च की रूपरेखा कर्मियों के एसोसिएशन एवं निगम के पदाधिकारी द्वारा तय कर आकस्मिक अवस्था में खर्च की जायेगी। महापौर ने नगर वासियों से आग्रह किया है कि हम निगम में कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान करें ।



## डीसी ने कोयल अप्रेल पार्क का लिया जायजा

### स्कूली बच्चों के पोशाक बनवाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने चैनपुर में बंद पड़े कोयल अप्रेल पार्क को पुनः खोलने की कवायद तेज कर दी है। इसी को लेकर उन्होंने शुक्रवार को उप विकास आयुक्त रवि आनंद,जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार व जेएसएलपीएस के डीपीएम बिमलेश शुक्ला के साथ कोयल अप्रेल पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त श्री दोड्डे ने जेएसएलपीएस के डीपीएम से पार्क के बंद होने के कारणों से अवगत हुए। इस दौरान डीसी ने मौके पर मौजूद जिला शिक्षा अधीक्षक व जेएसएलपीएस के डीपीएम को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सभी विद्यालय प्रबंधन समिति एवं कोयल अप्रेल पार्क के बीच इकरारनामा करते हुए कक्षा 1 से 3 के बच्चों का पोशाक पार्क में ही बनवाने पर बल दिया । साथ ही ससमय सभी पोशाकों को संबंधित विद्यालयों में पहुंचाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के डीपीएम यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में यह पार्क दोबारा बंद न हो ,ताकि इसमें लगा इंफ्रास्ट्रक्चर को हमेशा उपयोग में लाया जा सके। मौके पर उपरोक्त के अलावे चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी व चैनपुर अंचलाधिकारी उपस्थित थे।



### हाइवा की चपेट में आने से मोपेड चालक की मौत, पुत्र बाल-बाल बचा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कौआखोह गांव के रजवार मोड़ के समीप एनएच 98 पर शुक्रवार की सुबह हाईवा की चपेट में आने से 40 वर्षीय मंगल पासवान की मौत हो गयी। मृतक हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के झरगड़ा गांव का रहने वाला था। वह संडा मेला स्थित पशु बाजार से खरीदा हुआ एक भेड़ तथा दो बकरी को मोपेड पर लादकर अपने पुत्र सूरज कुमार के साथ घर लौट रहा था। इस दौरान रजवार मोड़ के समीप मोपेड अनियंत्रित हो जाने के कारण वह हाईवा की चपेट में आ गया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गया। लोगों की सहायता से इलाज के लिए हरिहरगंज सीएचसी लाने के क्रम में उसकी मृत्यु हो गयी। हालांकि उसके साथ सवार पुत्र को मामूली चोट आई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन कर रही है।



### प्रमंडलीय आयुक्त से पलामू जोन के आईजी ने की मुलाकात

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चौधरी से शुक्रवार को पलामू जोन के आईजी राज कुमार लकड़ा ने मुलाकात की। पलामू जोन के आईजी के पद पर पदभार ग्रहण करने के बाद आयुक्त से उनकी पहली मुलाकात थी। आयुक्त ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने कहा कि पलामू जोन के आईजी बनाये जाने से पुलिस प्रशासन और मजबूत हुआ है। अपराध नियंत्रण एवं सोशल पुलिसिंग के क्षेत्र में पलामू जोन उत्कृष्ट कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिलों के जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा आपसी समन्वय से कार्य किए जाने के बेहतर परिणाम आयेंगे।

### पांकी विधानसभा को ठेकेदारों का चरागाह नहीं बनने देंगे : कौशल

**मेदिनीनगर।** ठेकेदारों की मनमानी नहीं चलेगी, पांकी विधानसभा की जनता को गोल बंद कर घटिया निर्माण पर लगायेंगे रोक। पांकी विधानसभा की बड़ी-बड़ी योजनाओं में ठेकेदारों के द्वारा अनियमितता बरती जाती है । घटिया निर्माण कर पैसे की निकासी कर ली जाती है। जिससे पुल पुलिया सड़क समय से पहले ही टूटने लगते है । जिसका खामियाजा ग्रामीणों को झेलनी पड़ती है। साथ मिलकर कार्य का विरोध करेंगे। पांकी विधानसभा में मची लूट खसोट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हाल ही में पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ पर जमकर राजनीति हुई। जनता को इसका एक रत्ती का भी फायदा नहीं हुआ । वर्तमान और पूर्व विधायक सिर्फ और सिर्फ अपनी अपनी राजनीति चमकाने में लगे हुए हैं। पांकी विधानसभा में बहुत सी ऐसी योजनाएं हैं जो सालों पहले बनकर तैयार है उसका उद्घाटन तक नहीं हुआ । इस पर पूर्व और वर्तमान दोनों खामोश बैठे हैं । बौराखाड़ पीरी नदी पर बन रहे पुल में घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने का आरोप जो ग्रामीणों के द्वारा लगाया गया है । इसकी जांच होनी चाहिए और इस पर कार्रवाई भी होनी चाहिए । भविष्य में कोई भी ठेकेदार गलत कार्य करने से पहले हजार बार सोचे । अगर गुणवत्ता में सुधार नहीं होती है तो ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## विधायक को नींद से जागने की चेतावनी दी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** युवा नेता राकेश तिवारी ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है तो निशाने पर स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया आ गए हैं। आम आदमी के हित के लिए राजनीतिक चेतना को जगाने का बिगुल विधानसभा प्रत्याशी राकेश तिवारी ने फूंक दिया है। जिन्होंने आराम फरमाने के बजाय जनप्रतिनिधियों को जनता के बीच जाकर उनके हित में कदम उठाने की सलाह दी है। साथ ही मेदिनीनगर नगर निगम समेत डालटनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र की समस्या को दूर करने के लिए विधायक आलोक चौरसिया को नींद से जागने की नसीहत दी है। उन्होंने बताया कि आम लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए जनता ने उन्हें दो बार मौका दिया, परंतु वो चुनिंदा जगहों को छोड़ जाना तो दूर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात भी नहीं करते हैं। पार्टी कार्यक्रम के अलावा डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र को मूलभूत सुविधाओं के लिए विधायक की आवश्यकता है जो कि नदारद रहते हैं। उन्होंने कहा कि भंडरिया का फकीराडीह हो या चैनपुर का बोड़ी पंचायत पानी के लिए तरस रहा है और स्थानीय विधायक गरीब का बेटा कहते कहते अमीरी की जिंदगी गुजारने लगे हैं। साथ ही चुनौती देते हुए बताया कि गांव पंचायत को छोड़िए नगरनिगम के वार्ड नंबर चार में आकर अंधेरनगरी का तमाशा देखिए। आज तक जब शहर में बांस के भरोसे बिना पोल का बिजली जलाने को लोग विवश हों तो ऐसे जनप्रतिनिधि को नींद से जगाना जरूरी हो जाता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दो बार तो मौका मिल चुका है, अब और कितना समय चाहिए। अब आपसे नहीं हो पाएगा तो जनता को अपना बताने का ढोंग बंद करें।

## सफदर हाशमी की शहादत पर गोष्ठी आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सफदर हाशमी शहादत सप्ताह समारोह की तीसरी कड़ी में पलामू इप्टा के द्वारा रेड़मा स्थित कार्यालय में अभिव्यक्ति की आजादी और संस्कृतिकर्म विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने आधार वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी के लिए संघर्ष एक अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह ने कहा कि विचारों की अभिव्यक्ति वर्गों के आधार पर होती है। इसलिए दो वर्गों के बीच संघर्ष चलता रहेगा। वर्तमान समय में संस्कृति कर्म को अभिव्यक्ति के खतरे उठाने ही पड़ेंगे। आज कहने को सलामत हूं पर टूट चुका हूं। सुरेश सिंह ने कहा कि अभिव्यक्ति की सशक्त माध्यम कला होती है। आज कलाकारों को अपनी कला को बेहतर बनाने के लिए चिंतन और मनन की आवश्यकता है। जीवन में संघर्ष होता ही रहेगा। कुलदीप कुमार, नुदरत नवाज, व हेमंत दास सहित अन्य वक्ताओं ने गोष्ठी के दौरान अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी के अंत में अध्यक्षीय वक्तव्य के दौरान वरिष्ठ पत्रकार गोकुल वसंत ने कहा कि हम यहां विचार कर रहे हैं जन अभिव्यक्ति और जन संस्कृति की। जनता के विचारों को अभिव्यक्त करने का कई माध्यम है। हम जनता के विचारों को नाटक के संवाद, आंगिक अभिनय, गीत व अन्य कला विधाओं के माध्यम से अभिव्यक्त कर सकते हैं। संगोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार व प्रगतिशील लेखक संघ के संरक्षक गोकुल वसंत एवं संचालन प्रेम प्रकाश ने किया। कार्यक्रम के अंत में शैलेंद्र कुमार ने संगोष्ठी में आए विचारों को समेकित करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया। संगोष्ठी के दौरान शिव शंकर प्रसाद, अजीत पाठक, गौतम कुमार, संजय सिन्हा, सिहान संतोष कुमार, पवन कुमार विश्वकर्मा, वंदना श्रीवास्तव, समीर राजा, जिलानी फैयाज समरेश सिंह, संजू, संजीत दुबे, शशि पांडे, अजीत कुमार, घनश्याम कुमार, अमित कुमार व रविशंकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**पलामू** | उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

# ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी समस्याओं से कराया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में रामगढ़ थाना क्षेत्र से आये ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष राशन डीलर प्रमोद प्रसाद का डीलर लाईसेंस रद्द कर अति शीघ्र नया डीलर चयनित करने का अनुरोध किया। इसी तरह जनता दरबार में पांडु थाना क्षेत्र के करमडीह निवासी कृष्ण मुरारी सिंह ने उपायुक्त के समक्ष शस्त्र अनुज्ञप्ति प्रदान करने तथा जान माल की सुरक्षा करने का गुहार लगाया। इसी तरह अम्बेडकर नगर के वार्ड नंबर 19 के निखिल कुमार ने बहन की शादी की वजह से कॉलेज की फीस न भर पाने के कारण जनता दरबार मे उपायुक्त से मदद की गुहार लगाया। इसी तरह हुसैनाबाद प्रखंड की ग्राम पंचायत महूडण्ड के मुखिया मीना देवी ने उपायुक्त के समक्ष अपने पंचायत क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई के संकट की शिकायत करते हुए भूमि संरक्षण विभाग द्वारा डीप बोरिंग एवमं परकोलेशन टैंक अधिष्ठापन कराने का अनुरोध किया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने आदि से सबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।




## वरदान ट्रस्ट ने कंबल व कपड़े का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में पड़ रही भीषण ठंड व पाला और पौष पूर्णिमा के मद्देनजर शुक्रवार को वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा उत्क्रमित विद्यालय भुसही के प्रांगण में जरूरतमंदों के बीच कंबल, नये स्वेटर, जैकेट, मास्क, सेनेटाइजर, मफलर, टोपी और मोजे का वितरण किया गया। प्रयागराज में रहने वाली पलामू की बेटी चांदनी वाजपेयी और डॉ रंजन वाजपेयी के सौजन्य से कंबल वितरण हुआ। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पहले शहर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉक्टर राज पांडे ने ट्रस्ट को सेनेटाइजर, इम्युनिटी बूस्टर टी, और मास्क डोनेट किया था। आज उसका भी वितरण संस्था के द्वारा किया गया । ट्रस्ट को लगातार गांवों से फोन आ रहे हैं और यह संस्था इस ठंड में जरुरतमंदों के लिए सदैव तत्पर है । मौके पर उपस्थित संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि जनसहयोग ही हमारी ताकत है। जरुरतमंदो को सहायता करके ही संतोष मिलता है। मौके पर ज्योति अग्रवाल , धर्मेन्द्र कुमार और मुरारी उपस्थित थे ।



## थाना प्रभारी ने सीएसपी संचालकों के साथ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर ।** अनुमंडलीय थाना परिसर में थाना प्रभारी शशि रंजन ने शुक्रवार को सीएसपी संचालकों के साथ बैठक की।बैठक में सीएसपी के सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा हुई। थाना प्रभारी शशि रंजन ने सीएसपी संचालकों को सुरक्षा मानकों का पूरा ख्याल रखने को कहा। उन्होंने कहा कि सीएसपी में सीसी टीवी कैमरा जरूर लगवाएं। किसी भी अजनबी व्यक्ति के संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी। मौके पर बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के सभी सीएसपी संचालक मौजूद थे।

NEWS इन ब्रीफ

## कांग्रेसी नेता अनूप केसरी बने त्रिपुरा राज्य के दो विस क्षेत्रों के प्रभारी

**सिमडेगा।** सिमडेगा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष वर्तमान प्रदेश सचिव अनूप केसरी को त्रिपुरा राज्य की कांग्रेस प्रभारी डॉ अजय कुमार के द्वारा 2 विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी नियुक्त किया है। उन्होंने इस संबंध में पत्र जारी करते हुए जोलाबारी एवं मानु विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी के रूप में नियुक्त किया है। साथ ही आगामी चुनाव की तैयारी को लेकर उन्होंने उस विधानसभा क्षेत्र में बेहतर तैयारी करने के निर्देश दिए है। इधर दो विधानसभा प्रभारी बनाए जाने के बाद सिमडेगा कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने अनूप केसरी को शुभकामनाएं दी है।

## पटाखे के धमाके से झुलस कर 8 वर्षीय बच्ची हुई घायल



**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के पुरनापानी में पटाखे की धमाके से झुलस कर 8 वर्षीय बच्ची सुष्मिता टेटे घायल हो गई। घायल अवस्था में परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया जहां पर उसकी इलाज की गई। घटना के संबंध में उसके पिता अमित टेटे ने बताया कि वह घर में रखें पटाखे को लेकर आंगन में छोड़ रही थी। इसी बीच अचानक पटाखा बम फट गया और उसके चेहरे में होने की वजह से चेहरा झुलस गया। इधर सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रही है फिलहाल खतरे से बाहर बताया गया।

## बानो के सभी विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों का गुरुगोष्टी आयोजन



**बानो।** राजकीय मध्य विद्यालय बानो में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निर्मला लिंडा के द्वारा सभी विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों का गुरुगोष्टी आयोजन किया गया। गुरुगोष्टी में सभी प्रधानाध्यापक को अपने अपने पोषक क्षेत्र के शिशु गणना करने तथा 15+ वर्ष के निरक्षर व्यक्तियों की भी गणना करने को कहा गया। सभी प्रभारी प्रधान शिक्षकों को छात्र संख्या, मिड डे मील का प्रतिवेदन, जाति प्रमाण पत्र हेतू ग्राम सभा कर प्रज्ञा केंद्र में डाटा एंट्री कराने का निर्देश दिए गया। जाति प्रमाण पत्र शत प्रतिशत जमा करने, छात्रवृत्ति सत्यापन विद्यालय रंगरोगन हेतू प्रतिवेदन जल्द जमा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बृज लाल पाल, मनोज कुमार भगत, शिवशंकर सिंह, परमानंद ओहदार, महतो, घनश्याम साहू, सहित विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित हुए।

## डीएसओ अमित बेसरा ने पीडीएस डीलरों के साथ बैठक की

**भंडरा/लोहरदगा।** प्रखंड सभागार में जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा ने पीडीएस दुकानदारों के साथ बैठक कर मुफ्त में अनाज वितरण की जानकारी दी। बैठक में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भीम उरांव और प्रखंड के सभी पीडीएस डीलर मौजूद थे। उन्होंने बताया कि जनवरी से सभी लाल और पीला कार्डधारियों को मुफ्त में अनाज दिया जाना है। उक्त कार्डधारियों को पूर्व में जितना राशन मिलता था। उतना ही राशन उन्हें एक साल तक दिया जाएगा। इसमें किसी तरह का कोताही नहीं बरती जाएगी। वितरण में गड़बड़ी करने वाले डीलरों पर कारवाई होगी। वैसे लाभुक जिनका अंगूठा नहीं लेगा, उनकी सूचना देकर उन्हें राशन उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर पीडीएस के सभी डीलर उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा व खनन टास्क फोर्स का किया बैठक, कहा

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के ऊपर करें कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति एवं खनन टास्क फोर्स विधि-व्यवस्था उत्पाद कारा परिवहन व मानव तस्करी से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। उपायुक्त ने दिसम्बर माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणो की विस्तृत समीक्षा की। दिसम्बर माह में कुल 14 सड़क दुर्घटना के मामले सामने आए जिसमें सभी अलग-अलग जगहों से 14 लोगों की मृत्यु हुई एवं लगभग 03 से अधिक लोग घायल हुए। उन्होंने पिछली बैठक में दिये गये निर्देश की अनुपालन विस्तृत समीक्षा की। जिस संबंध में जिला परिवाहन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 957 वाहनों कि जांच की गयी जिसमें बिना हेलमेट के 560 दो पहिया वाहन, बिना सीट बेल्ट के 144 चार पहिया वाहन, ड्रंक एंड ड्राइविंग से संबंधित 15 वाहन एवं 145 टेम्पो एवं 93 अन्य व्यवसायिक वाहनों की जांच की गयी है। जिले में बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए जिले एवं प्रखण्ड के चौक चौराहों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाते हुए नियम का उल्लंघन करने वालों पर मोटरवाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 1658700 रुपए की राशि का दंड वसूली गयी है। उपायुक्त ने हिट एंड रन से संबंधित मामलों की समीक्षा कर लंबित मामले को ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। रेगारीह रोड पर दिनों-दिन बढ़ती सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये।

एन.एच. 143 में सड़क दुर्घटना में कमी लाने को लेकर उपायुक्त ने राष्ट्रीय उच्च पथ के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही गढ़ानाला के पास बढ़ती सड़क हादसे में कमी लाने हेतु साइनेज लगाने का निर्देश दिया। एन.एच. किनारे साइनेज बोर्ड एवं क्रैशबैरियर की मरम्मती एवं आवश्यकता अनुसार नया क्रैशबैरियर लगाने की बात कहीं। उपायुक्त ने गुड़ सेमेरिटन के तहत सड़क दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को सहायता कर अस्पताल पहुचाने एवं भर्ती कराने वाले लोगों को नामित कर गुड़ सेमेरिटन के तहत मिलने लाभ से लावांन्ति करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने खनन व अवैध माइनिंग से संबंधित समीक्षा कर आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिये। 1 श्रेणी बालू घाट की प्रखण्डवार संचालन से संबंधित कार्य की जानकारी ली तथा संबंधित अंचलाधिकारी को अब तक हुए बालू का उठाव एवं चलान से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने की बात कहीं। उन्होंने अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक के उद्देश्य से अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही अबतक अवैध माइनिंग एवं अवैध बालू उठाव में किये गये कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने उत्पाद विभाग के अंतर्गत अवैध शराब की चुलाई पर किये कार्रवाई की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।उपायुक्त ने मण्डल कारा के अंतर्गत सुरक्षा व्यवस्था व निर्माण कार्य संबंधित से एवं अन्य विभिन्न कार्यों की जानकारी ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, पंचायती राज पदाधिकारी, माननीय विधायक प्रतिनिधियों, उत्पाद अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद्, अंचलाधिकारी कुरडेग, सिमडेगा, बांसजोर, कोलेबिरा, ठेठईटांगर एवं केरसेई सहित अन्य उपस्थित थे।

## नक्सलियों के विरुद्ध चलाया सघन छापामारी अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा आर रामकुमार के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। जिले के बगरू थाना के ग्राम हिसरी, बरचोरगाई तथा कोरगो सुदूरवर्ती पहाड़ी ग्रामीण नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चलाया गया। अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीणों से मिले एवम ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा जल्द ही उनकी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक करवाई की बात कही गई। इस क्रम में ग्राम कोरगो में कोरगो, खमन, गोमिया के ग्रामिणों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बच्चों के बीच एलईडी लाइट, बैग, ग्रामीणों के बीच कंबल, साड़ी, धोती एवम आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। मुख्यधारा से भटके लोगों को वापस मुख्यधारा में जुड़ने के लिए अपील किया है। अभियान के क्रम में ड्रोन कैमरा का प्रयोग आस पास के पहाड़ी एवम जंगली क्षेत्र के अवलोकन हेतु किया गया।

### ग्रामीणों से मिले एसपी, सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बांटे सामान

इस अभियान में पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा, वरीय पुलिस उपाधीक्षक, अभियान दीपक कुमार पांडेय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लोहरदगा वशिष्ठ नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक, किसको अंचल, मंटू कुमार, थाना प्रभारी, बगरू, एवं सैट के जवान शामिल थे।

## प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ-डीटीओ से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल ने गुमला जिले के अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन एवं जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सिंह बिरुवा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बॉक्साइट मांईस में चल रहे ट्रकों के संबंध में विशेष चर्चा की गई एवं परिचालन में आ रही परेशानियों से पदाधिकारियों को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने पदाधिकारियों को यह भी बताया कि बॉक्साइड व्यवसाय में परिवहन कर रहे ट्रकों की स्थिति आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रही है और विभाग की तरफ से कागजात बनाने, फिटनेस, परमिट सहित अन्य कागजातों में हो रही विभागीय देरी सहित अन्य मुद्दों से पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। पदाधिकारियों ने एसोसिएशन को आश्वस्त किया की आप सही ढंग से परिवहन करें हमारा पूरा सहयोग आप लोगों को मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल ने पदाधिकारियों को अवगत कराया कि पिछले कुछ दिनों से बिना किसी कारण के रांची आरटीए कार्यालय ने परमिट भी रोक दिया था जिसके कारण काफी परेशानी हो रही थी इस संबंध में भी पदाधिकारियों से रांची में मुलाकात के बाद पुनः परमिट चालू करवा लिया गया है। प्रतिनिधिमंडल में लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह सह सचिव रहमत अंसारी, मोहम्मद गुड्डू, राजेश शर्मा आदि शामिल थे।

## चाय बेचने को मजबूर है नेशनल आर्चरी प्लेयर दीप्ति कुमारी



**लोहरदगा।** सड़क के किनारे चाय बेच रही ये नेशनल आर्चरी प्लेयर दीप्ति कुमारी है। लोहरदगा की रहने वाली दीप्ति सैकड़ो मेडल जीत चुकी है। अमेरिका तक जाकर खेल चुकी है। लेकिन दुर्भाग्य देखिये वही सड़क के किनारे दीप्ति चाय बेच रही है जिससे होकर हर दिन मंत्री और अधिकारी गुजरते हैं। दरअसल दीप्ति 7 लाख रुपये कर्ज लेकर धनुष खरीदी थी। लेकिन यूएस में वह धनुष टूट गया और उसी के साथ दीप्ति का ख्वाब भी टूट गया। दीप्ति धनुष का लोन चुकाने के लिए चाय दुकान चला रही है। वह कहती है अगर अभी भी उसे धनुष मिल जाये तो अचूक निशाना लगा सकती है।

## ई-केवाईसी के लिए जागरूकता अभियान के तहत कृषि विभाग का प्रचार रथ रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा शुक्रवार को झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत लाभुकों के ई-केवाईसी हेतु जागरूकता अभियान के तहत कृषि विभाग के प्रचार रथ को समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। इस प्रचार रथ के जरिये सभी प्रखंडों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जो 12 जनवरी 2023 तक चलेगा। साथ ही, कृषि ऋण माफी शिविर की भी जानकारी दी जाएगी जो सभी प्रखंडों के पंचायतों में बैंकवार दिनांक 9-12 जनवरी 2023 तक लगायी जाएगी। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, डीपीआरओ पलटू महतो, एलडीएम लोहरदगा, डीडीएम नाबार्ड, आत्मा परियोजना उप निदेशक तृप्ति तिर्की, डीडीएमो समेत उपस्थित थे।

### 9 से 12 जनवरी तक लगेगा विशेष शिविर

लोहरदगा जिले के किसान भाईयों का झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत कृषि ऋण माफ किया जा रहा है। इसके लिए दिनांक 09.01.2023 से 12.01.2023 तक (दिन सोमवार से दिन गुरूवार) कुल चार दिनों का कार्यालय अवधि में शहरी एवं प्रखंड स्तर के सभी बैंकों में शाखावार विशेष कैम्प का आयोजन किया है। विशेष कैम्प में कृषि ऋण माफी का कार्य किया जाएगा।

जिन किसान भाईयों का कृषि ऋण माफ नहीं हुआ है वें अपना ई-केवाईसी प्रखंड कृषि पदाधिकारी/बीटीएम/एटीएम/जन सेवक एवं किसान मित्रों से सम्पर्क स्थापित करते हुए संबंधित बैंक में जाकर ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करेंगे।

## भरण पोषण की राशि नही देने पर पति गिरफ्तार, भेजा जेल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भडगांव ग्राम निवासी सुभान अंसारी के पूत्र सम्स तबरेज को सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के नेतृत्व में स0 आ0नि0 राजेश शर्मा शस्त्र बल के सहयोग से गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी धनजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि सम्स तबरेज पर भरण पोषण भत्ता जमा करने का निर्देश न्यायालय से जारी किया गया था। लम्बे समय तक सम्स तबरेज अपनी पत्नी को भरण पोषण की राशि उपलब्ध नही कराया। जिसपर महिला ने न्यायालय से गुहार लगाते हुए भरण पोषण राशि उपलब्ध करवाने का गुहार लगया गया था। जिसके आलोक में न्यायालय द्वारा वारंट जारी करते हुए गिरफ्तार करने या निर्गत आदेश की राशि उपलब्ध कराने को लेकर पुलिस कारवाई के उपरांत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## 11 फरवरी को लोहरदगा सिविल कोर्ट में होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार आगामी 11 फरवरी को लगने वाले नेशनल लोक अदालत को लेकर लोहरदगा सिविल कोर्ट में तैयारी जोरों पर है। इस निमित्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ नेशनल लोक अदालत को लेकर बैठक कर रूपरेखा तैयार की। योजनाबद्ध तरीके से काम करने को लेकर सभी को आवश्यक दिशा - निर्देश भी जारी किए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि 11 फरवरी के पहले पक्षकार अपने-अपने मामले को निष्पादित कराने के लिए संबंधित कोर्ट और जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर प्री सिटिंग की सुविधा भी पक्षकारों को उपलब्ध कराई जा रही है। इस नेशनल लोक अदालत में सिविल प्रवृत्ति के सभी मामले, बैंक, बिजली, अन्य अपराधिक मामले, पारिवारिक मामले, भरण-पोषण, श्रम विभाग आदि से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, मनी रिकवरी से संबंधित मामले पानी, वन विभाग, उत्पाद विभाग से संबंधित मामले, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम के मामलों के साथ-साथ अन्य मामलों से संबंधित वादों का लोक अदालत में निष्पादन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य मामले भी काफी सरल तरीके से समाप्त किए जाएंगे। सभी कोर्ट के द्वारा रिकॉर्ड को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस लोक अदालत का लाभ मिल सके इसके लिए कार्य किए जा रहे हैं।

## जयपाल सिंह मुंडा पुरुष हॉकी प्रतियोगिता होगा आयोजन

**सिमडेगा।** जयपाल सिंह हॉकी एकेडमिक के जिलाध्यक्ष दिलीप तिर्की की अध्यक्षता में कमिटी सदस्यों के साथ हॉकी से संबंधित शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एकेडमिक द्वारा जनवरी 2023 में जयपाल सिंह मुंडा के नाम से पुरुषों के लिए हॉकी प्रतियोगिता आयोजन किया जाएगा। जिसमे कोई उम्र सीमा नही होगी। जो कि 21 जनवरी से शुरू होगी और 29 को फाइनल मैच किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में इंट्री की अंतिम तिथि 18 जनवरी है। इंट्री फीस 1100 रुपए होगा इंट्री के लिए झारखंड स्पोर्ट्स डेली मार्केट सिमडेगा और पेंशनर समाज कार्यलय सिमडेगा 9835937537, 9939363225 पर भी संपर्क कर जानकारी ले सकते है। एक अच्छी राशि के साथ विजेता और उपविजेता टीम की सम्मानित किया जाएगा।

## एसडीईओ बादल राज ने बोलबा प्रखंड के कई विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** जिला शिक्षा विभाग के टीम ने बोलबा प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय कादोपानी का सहित कई विद्यालयों का किया गया औचक निरीक्षण।इस मौके पर शिक्षा विभाग के एस.डी.ई.ओ. बादल राज के साथ शिक्षा विभाग के एक टीम ने कादोपानी सहित कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। कादोपानी हाई स्कूल में बच्चो को स्वेटर उपलब्ध कराने का निदेश दिया।उन्होने स्वेटर नही मिलने से संबंधित बच्चो से बात की। जिस पर विद्यालय प्रधान को एक सप्ताह के अन्दर में बच्चो का स्वेटर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं एमडीएम एवं बच्चो की उपस्थिति शत प्रतिशत करने के साथ विद्यालय में शैक्षणिक माहौल बनाने का निर्देश दिया गया। मध्याहन भोजन के मेन्यू को विद्यालय में लिखने,रूटिंग के साथ पढ़ाई कराने, फुटबॉल ग्राउंड, क्रिकेट पिच, कब्बडी खो- खो,बैडमिंटन का पिच ग्राउंड़ बनाने का निदेश दिया गया। विद्यालय का रंग रोगन करने एक सप्ताह के अंदर करके प्रतिवेदन देने का निदेश दिया गया।इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत करने, मासिक स्वास्थ जांच, सेनेटरी नैपकिन मशीन को क्रियाशील करने मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने, डाईनिंग हॉल को विकसित करने, छात्रों के हॉस्टल के गेट के सामने नाम, क्लास लिखने, हॉस्टल शौचालय की साफ सफाई करने, नोटिस बोर्ड का प्रयोग करने का निदेश दिया गया। साथ ही विजली की समस्या से संबंधित पत्राचार करने का निदेश दिया गया।गुरु गोष्ठी में सभी शिक्षक को मातृ भाषा के साथ- साथ अंग्रेजी में बच्चों को लर्निंग इंग्लिश फन के माध्यम से पढ़ाने को कहा गया। इससे संबंधित फोटो, वीडियो ग्रुप में शेयर करने तथा बेस्ट प्रेक्टिस को भी ग्रुप में शेयर करने का निदेश शिक्षकों को दिया गया। सभी प्रकार के प्रतिवेदन समय से जमा करे को कहा कहा गया। इस मौके पर उपायुक्त की सलाहकार कंचन, शिक्षक अभिषेक रंजन, बीपीओ मनमोहन कुमार गोस्वामी, संकुलसाधन सेवी बी सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, सुनील कुमार, महेंद्र उरांव, शुशीला कुल्लू, जितेंद्र मिंज, सलीमा लकडा उपस्थित थे।

समस्या

### डीडीसी ने कैरो में मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण

# जनवरी के अंत तक निर्माण कार्य पूर्ण करें



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस के द्वारा कैरो प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गजनी एवं ग्राम पंचायत नरौली का निरीक्षण किया गया। उक्त पंचायतों में मनरेगा से निर्मित योजनाओं के लाभुकों यथा, सिमोन वाखला, बालमसीह लकड़ा, निरंजन लकड़ा, रेखा लकड़ा, मनोरंजन लकड़ा, ममता, प्रतिमा कुजूर इत्यादि का आम बागवानी, जसमुनी लकड़ा का सोनामती उरांव का दीदी बाड़ी इत्यादि योजनाओं तथा मनरेगा अभिषरण से निर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र पशु शेड निर्माण, महुवरी का भी निरीक्षण किया गया। 15वें वित्त आयोग अंतर्गत पंचायतों में निर्मित किये जा रहे विकास की योजना यथा, पक्की नाली, बॉक्स पुलिया इत्यादि योजनाओं का निरीक्षण एवं प्रधान मंत्री आवास योजना अंतर्गत सोहराई उरांव, सिंटू महली इत्यादि का आवास निर्माण का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक निदेश दिए गए। उप विकास आयुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लम्बित आवासों के लाभुकों को निश्चित रूप से माह जनवरी के अंत तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त के द्वारा मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं में कार्यरत मजदूरों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी गई और उनसे समय पर भुगतान संबंधी पूछताछ भी किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा गजनी पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र महुवरी का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचल अधिकारी कमलेश उरांव, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी, पीएमएवाई (ग्रामीण) के जिला समन्वयक समेत अन्य उपस्थित थे।

### योजनाओं में कार्यरत मजदूरों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी

## अवैध बालू उठाव करते तीन ट्रैक्टर जब्त, एक मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में अभी तक नदी घाटों का टेंडर नहीं हुआ है ऐसे में अवैध बालू उठाव करते हुए तीन ट्रैक्टरों को सिमडेगा अंचल अधिकारी प्रताप मिंज के द्वारा जब्त करते हुए सिमडेगा थाना को सुपुर्द किया है। इसके अलावा एक ट्रैक्टर भागने में सफल रहा जिसके विरुद्ध सिमडेगा थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि लगातार चोरी-छिपे गरजा शंख नदी से भारी मात्रा में अवैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है। जिसकी सूचना के आलोक में दंडाधिकारी पंकज भगत एवं किशोरी यादव के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टरों को मौके से जब्त किया ।वहीं एक ट्रैक्टर भागने में सफल रहा जिसके विरुद्ध सिमडेगा थाना में मामला दर्ज कराया गया है। इधर मामला दर्ज करने के बाद थाना प्रभारी राज कपूर सेठ ने कहा है इस मामले में जल्द से जल्द ट्रैक्टर को जप्त करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं इधर इसकी सूचना खनन विभाग को दी गई है जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई विभाग के द्वारा की जाएगी। इधर अचानक से प्रशासन की अवैध बालू उठाव पर कार्रवाई से बालू उठाव करने वाले ट्रैक्टर मालिकों के अंदर हड़कंप का माहौल है।

**ज्ञान की बात**

**अगर कुछ पाने की इच्छा को लेकर आप भगवान को याद करते हैं तो कई बार आपको असफलता का मुंह देखना पड़ता है। फिर आप नराधम होकर ईश्वर की भक्ति से अपना नाता तोड़ लेते हैं क्योंकि जो आपको चाहिए, वह मिला नहीं। जो भक्त होते हैं, वह अपने लिए कुछ नहीं मांगते। वह तो सदा से ही सृष्टि के भले की कामना करते हैं। इसलिए, सदैव दूसरों की बेहतरी की कामना करें। -*निरंकारी बाबा***



# आतंक का बदलता स्वरूप

**जम्मू**-कश्मीर में आये दिन आतंकी हमलों की जो घटनायें सामने आ रही हैं, उनसे ऐसा लगने लगा है कि शायद वहां एक बार फिर आतंक का दौर हावी होने लगा है। ऐसा तब है जब सरकार की ओर से समूचे इलाके में आतंकवाद से मोर्चा लेने के लिए हर स्तर पर चौकसी बरती जा रही है और अक्सर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकवादी मारे भी जा रहे हैं। इसके बावजूद आतंकियों ने जिस तरह डर का माहौल बनाये रखने के लिए निर्दोष लोगों पर हमला जारी रखा है, उससे साफ है कि वहां सुरक्षा व्यवस्था को और ज्यादा बेहतर करने की जरूरत है। गौरतलब है कि पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती राजौरी जिले के एक गांव डांगरी में दो आतंकवादियों ने कुछ घरों को निशाना बना कर अंधाधुंध गोलीबारी की। इस हमले में हिंदू परिवारों के चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य बुरी तरह घायल हो गये। जिन घरों पर हमला हुआ था, उनमें से ही एक में विस्फोट हुआ, जिसमें दो बच्चियों की जान चली गई और चार हताहत हुए। जम्मू-कश्मीर में लक्षित हमलों का जो नया सिलसिला शुरू हुआ है, ताजा घटना उसकी एक कड़ी भर है। लेकिन यह समझा जा सकता है कि वहां अब आतंक का स्वरूप बदल रहा है। आतंकवादी अब अंधाधुंध गोलीबारी करते हैं, लेकिन उनके लक्ष्य तय होते हैं। यही वजह है कि बीते कुछ महीनों में जितने भी आतंकी हमलों की खबरें आई हैं, उनमें मरने वाले ज्यादातर लोग या तो बाहरी राज्यों से वहां जाकर रोजी-रोजगार में लगे थे या वहीं उनकी सामुदायिक पहचान स्पष्ट थी। जाहिर है, आतंक फैलाने के मकसद से किसी को भी मार डालने से जब आतंकवादी गिरोहों की मंशा पूरी होनी बंद हो गई, तब उन्होंने अपने निशाने बदल लिए, ताकि ऐसे हमलों के जरिये लोगों को मारने के साथ-साथ अपनी मौजूदगी की ओर ध्यान खींचने का दोहरा मकसद हासिल किया जा सके। इस रणनीति से एक ओर जहां वे देश की सरकार के सामने नई मुश्किलें पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं आम लोगों के बीच भ्रम की स्थिति बनाना चाहते हैं। हालांकि ऐसे वक्त में भी सुरक्षाबलों ने जिस स्तर की चौकसी बरती है, अनेक आतंकियों को मुठभेड़ों में मार गिराया है,

**जम्मू-कश्मीर में लक्षित हमलों का नया सिलसिला शुरू हुआ है। यह समझा जा सकता है कि वहां अब आतंक का स्वरूप बदल रहा है। आतंकवादी अब अंधाधुंध गोलीबारी करते हैं, लेकिन उनके लक्ष्य तय होते हैं...**

उससे उम्मीद बंधती है कि आने वाले दिनों में ऐसे आतंकवादियों पर भी शिकंजा कसा जा सकेगा। लेकिन सच यह भी है कि जम्मू-कश्मीर को एक अस्थिर और हिंसाग्रस्त इलाका बनाये रखने के लिए आतंकी संगठन और उनके संरक्षक लगातार ऐसे हमलों को अंजाम देते रहना चाहते हैं। यह अब कोई छिपा तथ्य नहीं है कि सीमा पार स्थित ठिकानों से आतंकी संगठन अपनी गतिविधियां संचालित करते हैं और यह उस देश में उन्हें मिले उच्च स्तरीय संरक्षण के बिना लगातार संभव नहीं हो सकता। इस मसले पर भारत वैश्विक मंचों पर हमेशा आवाज उठाता रहा है।

# भारतीय लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया में क्रांति




**भारत** की इस बड़ी पहल से दुनिया की चुनाव प्रक्रिया को एक नई रोशनी मिलेगी। इससे भारत का लोकतंत्र अधिक सशक्त, निष्पक्ष एवं प्रभावी बनकर प्रस्तुत होगा। जन प्रतिनिधित्व एवं सत्ता तक पहुँचने के रास्तों को अधिक कारगर, निष्पक्ष एवं बहुसंख्य मताधिकार पूर्ण बनाने में सहयोग मिलेगा। किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में अधिकतम यानी शत-प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग हो, इसके लिये देश में चुनाव प्रक्रिया में एक और क्रांतिकारी कदम की दिशा में अग्रसर होते हुए एक नये अध्याय की शुरूआत होने जा रही है, जिसके अन्तर्गत रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (आरईवीएम) का मॉडल विकसित कर चुनाव आयोग ने महत्त्वपूर्ण पहल की है। चुनावों के दौरान यह मशीन उन घरेलू प्रवासियों के लिए वरदान साबित होगी, जो शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार के सिलसिले में अपने चुनाव क्षेत्रों से बाहर रहते हैं। आरईवीएम को चुनाव प्रक्रिया में शामिल करने के बाद जो प्रवासी जहां है, वहीं से मतदान कर सकेगा। निश्चित ही इसके लागू होने से मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा एवं लोकतंत्र में जनभागीदारी अधिकतम होने लगेगी। चुनाव आयोग के मुताबिक अपने चुनाव क्षेत्रों से बाहर रहने के कारण करीब 30 करोड़ मतदाता मतदान से वंचित रह जाते हैं। शिक्षा या रोजगार की व्यस्तता के कारण उनके लिए अपने क्षेत्र में पहुंचकर मतदान करना सुविधाजनक नहीं होता। आरईवीएम के जरिये ऐसे मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया में शामिल कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी, जो भारतीय लोकतंत्र को अधिक सशक्त एवं प्रभावी बना सकेगा। चुनाव आयोग इस नयी प्रक्रिया एवं नये मॉडल का प्रदर्शन 16 जनवरी 2023 को नई दिल्ली में करेगा, जिसमें विभिन्न राजनीतिक पार्टियों को आमंत्रित कर उनके सुझाव और आपत्तियों के लिये खुला मंच प्रस्तुत किया जायेगा। इसे हम भारत की चुनाव प्रक्रिया में एक नये सूरज का अवतरण मान सकते हैं, एक अभिनव एवं क्रांतिकारी दिशा में चुनाव के महाकुंभ को अग्रसर करते हुए इसे अधिक सशक्त एवं प्रभावी बना सकेंगे। चुनाव आयोग की इस शुभ-शुरूआत का स्वागत होना चाहिए। जिस तरह 1982 केरल के एक विधानसभा क्षेत्र में पहली बार ईवीएम का प्रायोगिक तौर पर इस्तेमाल करते हुए क्रांति की शुरूआत हुई थी उसी तरह जनतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू चुनाव है, जनतंत्र में स्वस्थ मूल्यों को बनाये रखने के साथ उसमें सभी मतदाताओं की सहभागिता को सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिये आरईवीएम के प्रयोग का प्रस्ताव सैद्धांतिक तौर पर एक सराहनीय एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। क्योंकि आजादी के बाद से ही जितने भी चुनाव हुए हैं, उनमें लगभग आधे मतदाता अपने मत का उपयोग नहीं कर पा रहे है।

**चुनाव आयोग के मुताबिक, अपने चुनाव क्षेत्रों से बाहर रहने के कारण करीब 30 करोड़ मतदाता मतदान से वंचित रह जाते हैं। शिक्षा या रोजगार की व्यस्तता के कारण उनके लिए अपने क्षेत्र में पहुंचकर मतदान करना सुविधाजनक नहीं होता। आरईवीएम के जरिये ऐसे मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया में शामिल कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी, जो भारतीय लोकतंत्र को अधिक सशक्त एवं प्रभावी बना सकेगा...**

इन दिनों



ललित गर्ग

चुनाव प्रक्रिया में आरईवीएम की शुरूआत से चुनाव प्रक्रिया की तस्वीर बदलेगी, मतदाता जहां ज्यादा जागरूक होगा, राजनीतिज्ञ भी ज्यादा समझदारी से चुनाव में हिस्सेदारी करेंगे। हालांकि आरईवीएम को चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा बनाने के लिए आयोग को अभी अनेक संघर्षों, आलोचनाओं, बाधाओं के साथ कई कानूनी, तकनीकी और राजनीतिक अड़चनों को पार करना है। जिस तरह मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने के प्रस्ताव पर सवाल उठे थे, उसी तरह अब आरईवीएम को लेकर भी विपक्षी दल शंकाये उठा रहे हैं। लम्बे समय से चुनाव में गिरता मतदान का प्रतिशत चिन्ता का विषय बना हुआ है। वास्तविक लोकतंत्र वही है जिसमें हर व्यक्ति अपने मतदान का उपयोग करते हुए अपने प्रतिनिधि चुने। लेकिन हर व्यक्ति अपने मत का उपयोग नहीं कर पाता, क्योंकि वह अपने मूल स्थान से दूर दूसरे शहरों या कस्बों में रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, पारिवारिक कारणों से होता है। अगर ऐसे लोगों को मतदान में हिस्सेदारी का अवसर दिया जाता है, तो इससे निस्संदेह मत प्रतिशत बढ़ेगा। मगर दिक्कत यह है कि ऐसे लोगों की पहचान सुनिश्चित करना और वे जहां रह रहे हैं, वहां मतदान केंद्र स्थापित कर पाना कैसे संभव होगा? इस बड़ी बाधा को दूर करना चुनाव आयोग के सम्मुख एक बड़ी चुनौती रही है, वहीं लोकतंत्र में जन प्रतिनिधियों को चुनने में समग्रता एवं बहुसंख्य मतदाताओं के मतों का उपयोग न होना एक अधूरापन है। लोकतंत्र की मजबूती की दृष्टि से यह वाकई चिंताजनक है कि कई चुनाव क्षेत्रों में करीब आधी आबादी की मतदान में सहभागिता नहीं होती।

## बोधि वृक्ष

### सुनें कहानी श्री हनुमान की

**(गतांक से आगे)**

***जब*** उन्हें सकारात्मक रूप से जवाब मिला तो उन्होंने हनुमान को इसे साबित करने के लिए कहा। हनुमान जी ने तुरंत अपने हाथों के नाखूनों से अपनी छाती चीर दी और दिखा दिया कि प्रभु श्रीराम, माता सीता और अन्य भाइयों के साथ उनके दिल में बैठे हुए हैं। समस्त दरबारी इस दृश्य को देखकर हैरान रह गए। तब प्रभु श्री राम उसी वक्त अपने सिंहासन से खड़े हो गए और हनुमानजी को अपने हृदय से लगा लिया। वहां बैठे सारे दरबारियों ने हनुमानजी की निःस्वार्थ प्रेम और भक्ति की सराहना करने लगे। उनका जय-जयकार करने लगे। कहा जाता है कि जब तक लोगों के होठों पर राम का नाम रहेगा, तब तक हनुमानजी पृथ्वी पर जीवित रहेंगे और यह भी कहा जाता है कि जहां-जहां कलयुग में राम कथा होती है वहा स्वयं हनुमानजी बिराजमान रहते हैं।

माना जाता है कि देवताओं के आशीर्वाद के कारण हनुमान जी अजर-अमर हैं। मंगलवार और शनिवार को उनकी आराधना करने से कोई भी भक्त किसी भी परेशानी में नहीं फंसता। अगर कोई परेशानी आ भी जाए और अगर उसकी हनुमान जी के प्रति भक्ति है तो वह बहुत जल्द ही उस परेशानी से दूर हो जाता है। हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए आपको बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ती। आप बस सेवा भाव में लगे रहें, सकारात्मक सोच में लगे रहें और हनुमान जी की भक्ति में तल्लीन रहें। यह थी श्री हनुमान जी की कथा। **(समाप्त)**

# दिल्ली को क्यों लग रहे हैं लगातार भूकंप के झटके

**नए** साल के जश्न में उस समय थोड़े भय की छाया आई, जब अचानक दिल्ली और आसपास की धरती थर्रा गई। बीते साल नवंबर में दो बार ऐसे भूकंप के झटके आये थे, जिनमें से एक अतिगंभीर की श्रेणी में था। साल 2020 में दिल्ली और उसके आसपास के दायरे में कुल 51 बार धरती थर्राई। ये झटके भले ही हलके हों, लेकिन बहुत बड़े खतरे का संकेत हैं। नैशनल सेंटर फार सिस्मॉलजी ने दिल्ली को खतरे के लिए तय जोन चार में आंका है। यानी यहां भूकंप आने की संभावनांए गंभीर स्तर पर हैं। क्यों खतरे में है दिल्लीः कोई 1482 वर्ग किलोमीटर में फैली राजधानी दिल्ली की आबादी सवा दो करोड़ के करीब है। एनसीआर को मिला लें तो सवा तीन करोड़ लोगों की इस बसावट का चालीस फीसदी हिस्सा अनधिकृत है और करीब 20 फीसदी बहुत पुराने निर्माण हैं। बाकी रिहाइशों में से बमुश्किल पांच प्रतिशत का निर्माण ऐसा है, जिसे भूकंपरोधी के रूप में सत्यापित किया जा सका है। सबसे बड़ी बात है महानगर की हर दिन बढ़ती आबादी में इस भयानक खतरे की प्रति जागरूकता की कमी। दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटकों का काण भू-गर्भ से तनाव-ऊर्जा उत्सर्जन है। यह ऊर्जा अब भारतीय प्लेट के उत्तर दिशा में बढ़ा और फॉल्ट या कमजोर जोनों के जरिये यूरेशियन प्लेट के साथ टकराने के चलते एकत्र हुई है। वाडिया इंस्टिट्यूट के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में कई सारे कमजोर जोन और फॉल्ट हैंः दिल्ली-हरिद्वार रिज, महेंद्रगढ़-देहरादून उपसतही फॉल्ट, मुरादाबाद फॉल्ट, सोहना फॉल्ट, ग्रेट बाउंड्री फॉल्ट, दिल्ली-सरगोधा रिज, यमुना नदी लीनियामेंट आदि। नये साल के भूकंप का केंद्र महेंद्रगढ़ ही था। यमुना और हिंडनः सन 2016 में भारत सरकार के नैशनल सेंटर फॉरर सिस्मॉलजी ने कोई 450 स्थानों पर गहन शोध कर भूकंप की आशंका पर एक रिपोर्ट जारी की थी। 'ए रिपोर्ट ऑन सेस्मिक हजार्ड : माइक्रो जोनेशन ऑफ एनसीटी दिल्ली' नाम की रिपोर्ट ने स्पष्ट कर दिया था कि एक तो दिल्ली दुनिया के सबसे युवा पहाड़ हिमालय के बहुत करीब है और दूसरे यह अरावली पर्वतमाला के अंतिम सिरे पर है। दिल्ली की सबसे बड़ी चिंता इसकी बसावट का आधे से ज्यादा हिस्सा यमुना के बाढ़ क्षेत्र में बसा होना है। खासकर गांधीनगर से लेकर ओखला तक बसी आबादी तो यमुना की दलदल पर ही बसी है और यह पूरा सघन आबादी वाला बहुमंजिला इमारतों का क्षेत्र है। ठीक यही हाल गाजियाबाद और नोएडा की नई गगनचुंबी इमारत वाली बस्तियों का है जो कि हिंडन या यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र में बसा दी गई हैं। रास्ता नहीं भूलती नदीः जान लें कि कोई भी नदी अपना रास्ता दो सौ साल तक नहीं भूलती। आज नदी का रस्ता बदलने से खाली हुई जमीन पर यदि पक्का निर्माण कर लिया तो दो सदी में कभी भी नदी अपनी जमीन वापस मांग सकती है। इसका मूल कारण

**दिल्ली की सबसे बड़ी चिंता इसकी बसावट का आधे से ज्यादा हिस्सा यमुना के बाढ़ क्षेत्र में बसा होना है। खासकर गांधीनगर से लेकर ओखला तक बसी आबादी तो यमुना की दलदल पर बसी है और यह पूरा सघन आबादी वाला बहुमंजिला इमारतों का क्षेत्र है। ठीक यही हाल गाजियाबाद व नोएडा की गगनचुंबी इमारत वाली बस्तियों का है जो कि हिंडन या यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र में बसा दी गई हैं...**

हाल-चाल



पंकज चतुर्वेदी

है कि भले ही सीमेंट पोत कर धरती का ऊपरी कायाकल्प कर लें, उसकी भीतरी परत, उसके भीतर की भू-गर्भीय संरचना बदलती नहीं। राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई), हैदराबाद के एक शोध से स्पष्ट हुआ है कि भूकंप का एक बड़ा कारण धरती की कोख से जल का अंधाधुंध दोहन करना भी है। भू-जल धरती के भीतर लोड यानी कि एक भार के तौर पर उपस्थित होता है। इसी लोड के चलते फॉल्ट लाइनों में भी संतुलन बना रहता है। बाहरी दिल्ली में वे इलाके भूकंप की दृष्टि से अधिक संवेदनशील माने गये हैं, जहां भू-जल बहुत ही नीचे चला गया है। आज जरूरत है कि दिल्ली में आबादी का घनत्व कम करने की, जमीन पर मिट्टी की ताकत मापे बगैर कई मंजिला भवन खड़े करने और बेसमेंट बनाने पर रोक लगाई जाए और भू -जल के दोहन पर सख्ती हो। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि राजधानी में 42 लाख से अधिक भवनों की भूकंपरोधी रेट्रोफिटिंग करवाई जाए। साल 2012 में डीडीए में इसकी योजना भी बनी थी, रेट्रोफिटिंग के लिए ही एक अलग डिविजन बनाने की बात थी, लेकिन इसके बाद यह काम फाइलों में दब गया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

Sudhir Mishra
@Sudhir_mish

योगी सरकार में हिंदू आस्था को मिल रहा पूरा सम्मान और धार्मिक स्थलों को मिल रही उनकी पुरातन पहचान। इस कड़ी में प्रयागराज कुंभ-2025 को ₹521 करोड़ से योगी सरकार भव्य और दिव्य बनाने की तैयारी शुरू की है।

## फेसबुक वॉल से




# अब जरूरी हो गया है पाक्सो कानून में संशोधन करना

**आईस** राज्यों की चार सौ आठ त्वरित अदालतों में पाक्सो के तहत दर्ज दो लाख इकतीस हजार मुकदमों में केवल चौदह फीसद आरोपी ही दोषी पाये गये। जबकि तेंतालीस फीसद मामलों में आरोपी साक्ष्यों अथवा अन्य कानूनी पेचीदगियों के चलते छूट गये। इन अदालतों में तेंतालीस फीसद से भी अधिक मामले अभी भी लंबित हैं। पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) और किशोर न्याय कानून पर बनी सुप्रीम कोर्ट की समिति की बैठक में पाक्सो कानून (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) में सुधार को लेकर प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने जो सुझाव दिये, वे अत्यंत सामयिक और विचारणीय हैं। उन्होंने साफ कहा कि यह कानून दोनों पक्षों की सहमति के बावजूद अठारह वर्ष से कम उम्र की लड़कियों के साथ हुए सभी यौन कृत्यों को आपराधिक बनाता है। इस कानून की धारणा यह है कि अठारह वर्ष से कम उम्र की लड़कियों की सहमति कोई मायने नहीं रखती। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के मामले न्यायाधीशों के समक्ष उलझन पैदा करते हैं और बड़े सवाल भी खड़े कर रहे हैं। उन्होंने विधायिका से इस ज्वलंत मुद्दे पर गंभीरता से विचार करने की भी अपील की। ध्यान देने योग्य बात यह है कि प्रधान न्यायाधीश का यह सुझाव मद्रास हाईकोर्ट की उस टिप्पणी के कुछ ही दिनों बाद आया जिसमें कहा गया था कि पाक्सो अधिनियम के तहत सहमति की आयु को कम करने के लिए अब विधायिका के निर्णय की प्रतीक्षा है। यहां कड़वा सच यह है कि जब तक यह कानून अठारह वर्ष से कम आयु के किसी भी किशोर को एक बच्चे के रूप में परिभाषित करता है, तब तक न्यायालय सहमति की आयु की किसी अन्य तरीके से व्याख्या नहीं कर सकता। इस विचार से भी आगे जाकर प्रधान न्यायाधीश ने यह भी स्पष्ट किया कि बच्चों के यौन शोषण के मामले में परिवारों को भी आवाज उठानी होगी, क्योंकि बच्चों का यौन शोषण परिवारों के भीतर ही एक छिपी हुई समस्या है। साथ ही, परिवारों को अब 'गुड टच' यानी अच्छा स्पर्श और 'बैड टच' यानी बुरा स्पर्श से आगे जाकर बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के बीच का अंतर भी सिखाना होगा। उन्होंने सरकार से भी इस मुद्दे पर लोगों को प्रोत्साहित करने की अपील की। कहना न होगा कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 15(3) में बच्चों के लिए विशेष उपबंध करने का प्रावधान किया गया है। इसलिए बच्चों को यौन हमले, यौन उत्पीड़न, बाल तस्करी और अश्लील साहित्य से जुड़े अपराधों से बचाने और ऐसे अपराधों पर विचार करने के लिए विशेष अदालतों की स्थापना करने के उद्देश्य से 2012 में पाक्सो कानून लागू किया गया था। इसमें कुल छियालीस धाराएं हैं। बच्चों के विरुद्ध यौन हमले जैसे अपराधों के लिए न्यूनतम सात वर्ष से लेकर आजीवन करावास तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान इस कानून में किया गया है। इसमें कोई शक नहीं कि बच्चों को यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए लाया गया यह कानून ऐसे लोगों को पकड़ने और सजा दिलाने में कमोबेश अपना काम कर रहा है। लेकिन आज इस कानून से जुड़ा ज्वलंत मुद्दा आपसी सहमति से बने यौन संबंधों की सहमति को लेकर अधिक प्रबल होता जा रहा है। मुश्किल यह है कि आज अदालतों के सामने पाक्सो कानून के जो मामले आ रहे हैं, उनमें सोलह से अठारह वर्ष तक के किशोर-किशोरियों के मध्य आपसी सहमति से बने यौन संबंध उन्हें अपराधियों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर रहे हैं। यही वजह है कि गैर इरादतन अपराधी बने इन किशोरों को आपराधिक मामलों से बचाने के लिए पाक्सो कानून में यौन संबंध बनाने के लिए सहमति की उम्र से जुड़ा मुद्दा पुनर्विचार करने की मांग कर रहा है। हाल में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं जो बताते हैं कि इस कानून में उम्र की सहमति से जुड़े मुद्दे में परिवर्तन समयानुकूल और अवश्यंभावी है। हाल में कर्नाटक हाईकोर्ट ने भी यही मुद्दा विचार के लिए विधि आयोग को भेजा है। पिछले दिनों मद्रास हाईकोर्ट की जेजेसी (जुवेनाइल जस्टिस कमेटी) ने किशोर न्याय कानून और पाक्सो कानून के मुद्दे पर विचार के लिए ऐसे मामलों के उदाहरण प्रस्तुत किये थे।

**प्रधान न्यायाधीश का यह सुझाव मद्रास हाईकोर्ट की उस टिप्पणी के कुछ ही दिनों बाद आया जिसमें कहा गया था कि पाक्सो अधिनियम के तहत सहमति की आयु को कम करने के लिए अब विधायिका के निर्णय की प्रतीक्षा है। सच यह है कि जब तक यह कानून अठारह वर्ष से कम आयु के किसी भी किशोर को एक बच्चे के रूप में परिभाषित करेगा, इस कानून का कोई मतलब नहीं...**

दुनियादारी



विशेष गुप्ता

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

NEWS इन ब्रीफ

### ठंड ने बिगाड़ी लासेगों की दिनचर्या, अलाव बना सहारा



**चतरा/प्रतापपुर/इटखोरी।** पिछले चार-पांच दिनों से सुबह से ही घने कोहरे के साथ बढ़े ठंढ़ के प्रकोप ने जिले के लोगों की दिनचर्या ही बिगाड़ दी है। मौसम की बेरुखी का असर विशेष कर वृद्ध व बच्चों के साथ बिमार लोगों के सेहत पर पड़ रहा है। ऐसे में गांव देहात के लोगों के लिए अलाव सहारा बना हुआ है। प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र में कनकनी व ठंढ़ के साथ शीतलहर के कारण लोग आग से चिपके रह रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर के चिकित्सक बताते हैं कि इन दिनों मौसम जनित बीमारी व ठंड से पीड़ित लोगों की संख्या अधिक देखी जा रही है। मौसम में हो रहे उतार चढ़ाव एवं कनकनी के चलते लोगों में सर्दी, खांसी, बुखार की शिकायत अधिक देखी जा रही है। इसमें बच्चों की संख्या अधिक है। वैसे बड़े लोग भी इससे अछूते नहीं हैं। चिकित्सक ठंड में सावधानी बरतने के साथ-साथ बच्चों पर विशेष ध्यान देने की नसीहत पर अमल करने की सलाह दे रहे हैं।

### एकल विद्यालय के बच्चे खेलगांव रवाना



**लातेहार।** एकल विद्यालय के बच्चों को खेलने के लिए रांची खेलगांव शुक्रवार को रवाना किया गया। बच्चों को पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं उनके सुनहरे भविष्य की कामना की। बच्चों को रवाना करते हुए कहा कि जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है एकल विद्यालय के बच्चों की प्रतिभा को दुनिया देखेगी, उन्हें कहा कि जब भी कोई खेल खेलें खेल भावना से ही खेलें तभी आगे बढ़ पाएंगे। मौके पर अभिनंदन प्रसाद, रमेश गुप्ता, संजय तिवारी, महेन्द्र प्रसाद, सांतोष पासवान इन्देश तिवारी समेत बच्चे मौजूद थे।

### धूमधाम ने मनाया पवन सिंह व प्रमोद प्रेमी का जन्मदिन

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के सुभाष चौक में बरवाडीह धूम कला केंद्र के संस्थापक राजदीप रिक्की के द्वारा भोजपुरी स्टार पवन सिंह और प्रमोद प्रेमी का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर धूमकला केंद्र के संस्थापक द्वारा कई छात्र छात्राओं के बीच पठन-पाठन की सामग्री का वितरण करने का भी काम जन्म दिवस के उपलक्ष पर किया गया। मौके पर दिलीप सिंह यादव, साहिल सिंह, दीपक राज दीपू पवन शर्मा, आकाश गोलू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के बारीसाखी गांव में शुक्रवार को प्राकृतिक खेती को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र के तत्वाधान में आयोजित की गई। जिसमें केवीके के कृषि वैज्ञानिक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने किसानों को प्राकृतिक खेती के तरीके व उसके लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक खेती कृषि की प्राचीन पद्धति है। इसमें रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशक का प्रयोग नहीं किया जाता है। बल्कि गाय के गोबर, गो मूत्र व अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री का प्रयोग किया जाता है। बताया गया कि प्राकृतिक खेती में प्रकृति में उपलब्ध मित्र कीट एवं जैविक कीटनाशक द्वारा फसलों को जीवाणुओं से बचाया जाता है। कार्यक्रम में बिटीएम दीनदयाल प्रसाद, लैब टेक्निशियन नवल किशोर प्रजापति, मुखिया सुमीरा कुमारी, सहित अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के कार्यों की समीक्षा की

# संचालित सभी पलाश मार्ट को एक्टिव अवस्था में रखा जाए : भोर सिंह यादव




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यक्रम एवं परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनूपालन की समीक्षा कर सभी विकास मूलक योजनाओं को अपेक्षित गति प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जेएसएलपीएस डीपीएम द्वारा जिले के सभी प्रखंड में चल रहे क्रायकर्म की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई। समीक्षा क्रम में उपायुक्त द्वारा पलाश मार्ट, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना, बागवानी सखी योजना, राइस मिल समेत अन्य कई योजनाओं की समीक्षा करते जेएसएलपीएस के डीपीएम को निर्देश किया गया कि जिले में संचालित सभी पलाश मार्ट को एक्टिव अवस्था में रखा जाए। तथा लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक पलाश मार्ट के आउटपुट को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जेएसएलपीएस के माध्यम से क्रियान्वित सभी विकासमूलक योजनाओं यथा महिला सशक्तिकरण परियोजना (एमकेएसपी), वनधन विकास केंद्र, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, जोहार योजना, पलाश मार्ट, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना, समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा कर उपायुक्त ने सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को समर्पित करने एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों के प्रति लोगों को जागृत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री सुरेन्द्र कुमार वर्मा, जेएसएलपीएस डीपीएम सचिन साहू समेत अन्य पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

### जनता दरबार में डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं




**बरवाडीह।** जिला उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया जनता दरबार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश राय के जिला मुख्यालय में आयोजित बैठक में शामिल होने कारण उनकी अनुपस्थिति में जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुसरण ने प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की एक-एक करके समस्याओं को सुनने और जाने का काम किया इस दौरान पूर्वी जीप सदस्य कन्हई सिंह भी मौजूद थे। जनता दरबार के दौरान मुख्य रूप से पेंशन और राशन से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए वही उसके साथ भूमि विवाद आवास की मांग से जुड़े मामलों को लेकर भी आवेदन प्राप्त हुए जिनकी सुनवाई करते हुए सभी आवेदनों के आगे कार्रवाई को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को हस्तांतरित करने का काम किया गया। उधर प्रखंड आपूर्ति कार्यकारी के द्वारा जनता दरबार में आने वाले ग्रामीणों बताया गया कि उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड में शुक्रवार और मंगलवार के जनता दरबार के साथ सभी पंचायत स्तर पर सोमवार और गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा जिसका लाभ सभी ग्रामीण ले सकते हैं। जनता दरबार के दौरान मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार प्रखंड सहायक सुषमा कुमारी अरुण कुमार उप मुखिया सुल्तान अंसारी समेत काफी संख्या में विभिन्न ग्रामीण इलाकों से आए ग्रामीण मौजूद थे।

# जर्जर सड़क से दुर्घटना होने का बढ़ सकता खतरा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार/मनिका।** प्रखंड के नामूदाग पंचायत के सधवाडीह ग्राम के स्कूल टोला में। रोड की जर्जर स्थिति इतना खराब है की गांव के आसपास के ग्रामीणों काफी डरे हुए हैं। गांव के लोगों से बात करने पर गांव के ग्रामीणों ने बताया कि रोड की स्थिति काफी खराब है। रोड के मिट्टी नीचे से लगभग 5 फीट खाली हो गया है। और लंबाई मे लगभग 15 फीट मिट्टी रोड के नीचे से खाली हो गया है। यानी रोड नीचे से खोखला हो चुका है इसे देखकर गांव वाले बहुत डरे हुए हैं। मौके पर गांव के ग्रामीणों ने बताया कि इस रोड में काफी गाड़ियां चलती है। मोटरसाइकिल ट्रैक्टर को रोककर जान जोखिम में डालकर धीरे-धीरे रोड के किनारे होकर गाड़ी पार करते। अगर समय रहते इसे बनाया नहीं गया तो बहुत बड़ी दुर्घटना घट सकती है। मौके पर गांव के ग्रामीणों ने यह भी बताया की इस समस्या के बारे में मनिका विधायक को पहले भी अवगत कराया गया है। लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं किया गया। वही गांव के ग्रामीणों ने मनिका विधायक से निवेदन किया है कि इस रोड को जल्द से जल्द बनवाया जाए। मौके पर बिनेशर सिंह, विकास सिंह, सकेन्द सिंह, प्रगास सिंह, वेलास सिंह, बलकू सिंह, चन्देव सिंह, समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# 132 बूथों में नये मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

**लातेहार।** प्रखंड के सभी 132 बूथों में नया मतदाता सूची का प्रकाशन बीएलओ के द्वारा कर लिया गया। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वह अपने बूथ में जाकर अपने नाम की जांच करें। वही प्रवेशक अतुल कुमार ने बताया कि नगर पंचायत के सभी बूथों में भी प्रकाशन कर दिया गया है इसके साथ ही नए नाम जोड़ने व सुधार कर हटाने आदि का भी कार्य किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक जिनकी उम्र 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष हो चुका है वह आवेदन कर सकते हैं।

# भाजपा नेता ऋषि प्रजापति की हुई मौत

### दाहसंस्कार जुटे कई लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के भगत सिंह चौक केसमीप बीते 20 दिसंबर को मोटरसाइकिल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए भाजपा नेता ऋषि प्रजापति की रांची के रिम्स में इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह मौत हो गई। दिवंगत प्रजापति का शव पहुंचने के बादशुक्रवार कोप्रखंड के मुख्य मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कियागया। जानकारी के अनुसार ऋषि प्रजापति की मौत गुरुवार को होने के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के द्वारा रांची के रिम्स पहुंचकर एंबुलेंस की व्यवस्था करा कर शव को गुरुवार देर रात्रि उनके पैतृक निवास बरवाडीह के अहिरपुरवा ग्राम पहुंचा। शव के बरवाडी पहुंचने पर ऋषि प्रजापति के पंचायत समिति सदस्य पत्नि, घर एवं आसपास के क्षेत्र में मातम का माहौल था। वही शुक्रवार की दोपहर ऋषि प्रजापति का दाह संस्कार प्रखंड के मुख्य मुक्तिधाम में किया गया। काफी संख्या में उनके शुभचिंतकों, परिजनों एवं अन्य लोग शामिल हुई। लेकिन 15 दिनों तक जिंदगी की लड़ाई में जंग हार कर गुरुवार को ऋषि प्रजापति की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं घटना पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, भाजपा उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह विकास कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह, शंकर सोनी, संजीव कुमार खोखा राजू नाथ, देवराज सिंह समेत काफी संख्या में लोगों ने उनकी मौत परबेहद दुख व्यक्त किया है।

### स्टेशन मास्टर के पद पर हुआ कुम्हारी के सुमन का चयन



**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत कुम्हारी निवासी कुश सिंह के पुत्र सुमन कुमार सिंह का भारतीय रेलवे में स्टेशन मास्टर के पद पर चयन हुआ है। सुमन ने शुक्रवार को रेलवे के धनबाद जोन में योगदान दिया। इसके पहले सुमन का चयन सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर, भारतीय रेलवे में एमटीएस एवं लोवर डिविजन क्लर्क में भी हुआ था। परंतु इसने स्टेशन मास्टर के पद को ही स्वीकार किया। वहीं सुमन के बड़े भाई मोहन कुमार सिंह का सन 2014 में इंडियन नेवी में चयन हुआ जो अभी विशाखापत्तनम में पदस्थापित हैं। वहीं सुमन के पिता गुजरात के सूरत में एक कपड़ा मिल में डिजाइनर का काम करते हैं।

# वन क्षेत्र अतिक्रमण कर बने होन्हें-शिवपुर ट्रांसपोर्टिंग सड़क को मिली केंद्र की अनापत्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल की कामधेनु कोल परियोजना में से एक टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली में होन्हे से शिवपुर रेलवे साइडिंग

**पिछले डेढ़ साल से प्रतिदिन 35-40 हजार टन कोयला का संप्रेषण कर रही है**

तक वन क्षेत्र का अतिक्रमण कर बने बहुचर्चित कोल ट्रांसपोर्टिंग सड़क को स्टेज वन की अनापत्ति केंद्र से मिलने के साथ क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार भी गर्म है। इसी ट्रांसपोर्टिंग सड़क से आरकेटीसी/बीएलए ज्वाइंट वेंचर कंपनी द्वारा पिछले डेढ़ साल से प्रतिदिन 35-40 हजार टन कोयला का संप्रेषण कर रही है। हालांकि सितंबर 2022 में कई शर्तों पर मिली सफलता के बावजूद इस डगर की राह अब भी आसान नहीं है। ज्ञात हो कि आम्रपाली कोल परियोजना से शिवपुर रेलवे साइडिंग तक 8.38 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण कर बने सड़क से कुछ अपवादों को छोड़ कर देखें तो निर्बाध कोल ट्रांसपोर्टिंग कभी नहीं थमी। वन अतिक्रमण का मामला न्यायिक स्तर तक पहुंचने से विभाग की किरकिरी बढ़ गई थी। वहीं सीसीएल को उक्त सड़क से कोल परिवहन के नियमितीकरण के लिए दस गुना लगभग 83.8 हेक्टेयर भूमि में क्षतिपूरक वन रोपण की शर्तों पर केंद्र सरकार की ओर से सैद्धांतिक स्टेज 1 की अनापत्ति 15 सितंबर 2022 को दिया गया है। समाहित किए गए शर्तों में साफ तौर पर उल्लेख है कि प्रयोक्ता अभिकरण विचाराधीन वन भूमि का उपयोग तब तक नहीं करेगा जब तक कि प्रस्ताव में द्वितीय चरण का अनुमोदन जारी नहीं किया जाता है। ऐसे में लगभग 83.8 हेक्टेयर भूमि पर क्षतिपूरक वन रोपण रिपोर्ट सीसीएल प्रबंधन द्वारा स्टेज 2 की अनापत्ति के लिए देना आवश्यक होगा। दुसरी ओर वन अतिक्रमण कर बनाए गए इसी सडक से कोल ट्रांसपोर्टिंग को लेकर आरकेटीसी व अंबे माइनिंग ज्वाइंट वेंचर कंपनी के बीच 2021 में हुवे भारी टकराव ने अतिक्रमण और अनियमितताओं के कई रहस्यों को खोल कर रख दिया था, जिसकी याचिका झारखंड उच्च न्यायालय में भी विचाराधीन है। बहरहाल कोल व्यवसाय से जुड़े लोगों की मानें तो इस सड़क का अनापत्ति के बाद वर्तमान में कोल ट्रांसपोर्टिंग कर रही आरकेटीसी ज्वाइंट वेंचर बीएलए कंपनी का एकाधिकार पूरी तरह से अब खत्म हो जाएगा।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं ने बीस सूत्री अध्यक्ष व जिप सदस्य को सौंपा ज्ञापन

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित 20 सूत्री प्रखंड कार्यालय व जिप सदस्य कार्यालय में दिन शुक्रवार को आंगनवाड़ी सेविका संघ के अध्यक्ष सविता उरांव की अध्यक्षता में 95 आंगनवाड़ी केंद्र के सेविकाओं ने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए राशन एवं गैस नहीं उपलब्ध करवाने पर 20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान एवं जिप सदस्य बलवंत सिंह को ज्ञापन सौंपा। आंगनवाड़ी केंद्र की समस्याओं से अवगत करवाते हुए सेविकाओं ने बताया कि हम लोगों को सरकार द्वारा लगभग 10 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है सबसे बड़ी समस्या है कि बच्चों को खिचड़ी खिलाने के लिए हमें समय पर राशन उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है और ना ही खाना बनाने के लिए हमें गैस मिल पा रहा है जिस वजह से कई महीनों से हम लोग अपने निजी खर्च से राशन खरीद कर बच्चों को खिचड़ी खिला रहे हैं।

# सड़क हादसों को न्योता दे रहे आवारा पशु

**नवीन मेल संवाददाता**



**महुआडांड़।** महुआडांड़ के चौक चौराहों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसकी वजह से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व के आवारा पशुओं की वजह से कई बड़े हादसे भी हो चुके हैं। महुआडांड़ में आवारा पशुओं का जमावड़ा इन दिनों दुर्घटना का कारण बना हुआ है। आवारा पशुओं के कारण राहगीरों, वाहन चालकों का निकलना तक दूभर हो गया है। कई बार तो हालात यह हो जाते है कि आवारा पशुओं के कारण जाम लग जाता है। रात में स्थिति और विकट हो जाती है।

आपको बता दें कि ठंडे मौसम में आवारा पशु सड़क पर आ जाते हैं। रामपुर चौक, बिरसा चौक और शास्त्री चौक आदि स्थानों को सैकड़ों मवेशियों ने अपना ठिकाना बना रखा है। इनकी संख्या सुबह और शाम को ज्यादा हो जाती है। चौराहे या सड़क से गुजरने वाले वाहनों के हॉर्न से कई बार ये बिदक जाते है। जिसकी वजह से ये रोड़ पर दौड़ने लगते हैं और हादसे हो जाते हैं।

# लूटे गये कार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार, जेल

**नवीन मेल संवाददाता**



**चतरा/टंडवा।** कोल व्यवसायी को जान से मारने की नियत से रस्सी में बांध कर चाकू से हमला कर जख्मी करके ब्रेजा कार लूटने वाले दो अपराधियों को पुलिस ने 8 घंटे के अंदर बंगाल बॉर्डर के बरसोला थाना से गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। एसडीपीओ शंभू प्रशाद सिंह ने जानकारी देते हुवे बताया कि पिपरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत पूणाडीह कांटा के पास दो अज्ञात अपराधियों द्वारा व्यवसायियों को जान से मारने की नियत से रस्सी से बांधकर तथा चाकू से हमला कर जख्मी कर ब्रेजा कार लूटकर भागने की सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर पिपरवार थाना कांड 4/ 2023 में धारा 394 के तहत भादवि दर्ज किया गया। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निदेशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए मेरे नेतृत्व में थाना प्रभारी पिपरवार गोविंद कुमार एवं अन्य के साथ कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों सहित लुटे हुए ब्रेजा कार को महज 8 घंटे के अंदर बरामद कर लिया गया। अपराधकर्मी शेख हुसैन अली उर्फ अब्बू अली पिता अनवर अली व गोरांग चटर्जी पिता स्व. विश्वनाथ चटर्जी दोनों अपराधी ग्राम कुमरचक थाना दुर्गाचक जिला पूर्वी मेदनीपुर (पश्चिम बंगाल) के रहने वाले है। दोनों लुटे गये ब्रेजा जेएच 01 ईक्यू 3974, एक कला बैग, एक रस्सी एवं पर्स व दो मोबाइल बरामद किया गया। दोनों अपराधियों लुटे हुवे ब्रेजा के साथ बंगाल भागने के फिराक में थे, कि झारखंड तथा बंगाल बॉर्डर के बरसोला थाना क्षेत्र से पकड़ लिया गया। छापामारी दल में एसडीपीओ व थाना प्रभारी के साथ कन्हैया कुमार यादव, रूपेश कुमार महतो, एएसआई उपेन्द्र नारायण सिंह आदि शामिल थे।

**बैठक** उपायुक्त ने की उच्च न्यायालय में जिले के लंबित मामलों की समीक्षा

# कंटेम्प्ट केस का निपटारा सप्ताह के अंदर करें

**नवीन मेल संवाददाता**




**चतरा।** शुक्रवार को उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए उपायुक्त अबु इमरान ने विभिन्न विभागों के प्रधानों के साथ समाहरणालय स्थित सभागार में समीक्षा बैठक की। विभागवार लंबित वादों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि मामलों का समाधान जल्द से जल्द करते हुए न्यायालय में काउंटर शपथपत्र दायर करें। साथ ही उन्होंने कहा कि लंबित मामलों से विभागीय छवि धूमिल होती है। उन्होंने साफ शब्दों में निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अंदर हर हाल में कंटेम्प्ट वादों का निपटारा हो। साथ ही कहा कि न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब उनके संज्ञान में देने की भी बात कही ताकि ससमय उसका हल निकाला जा सके। वहीं सीसीएल पिपरवार व आम्रपाली समेत अन्य परियोजनाओं से संबंधित लंबित मामलो की भी उन्होंने समीक्षा कर अंचल अधिकारी, भू अर्जन पदाधिकारी एवं परियोजनाओं के संबंधित को आपस में समन्वय स्थापित कर मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अंचल स्तर, अनुमंडल स्तर एवं अपर समाहर्ता स्तर पर लंबित मामलो की समीक्षा करते हुए नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, संबंधित विभाग के पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, परियोजनाओं के संबंधित समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### ओबरा में की प्राचीन टीले की खुदाई शुरू

**चतरा/पत्थलगड़ा।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने पत्थलगड़ा प्रखंड के ओबरा में प्राचीन टीले की खुदाई का काम शुरू कर दी है। शुक्रवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ उत्खनन कार्य का शुभारंभ किया गया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉक्टर राजेंद्र देहुरी के नेतृत्व में विभाग की ओर से खुदाई का काम का पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ की गई है। इस दौरान अधीक्षण पुरातत्वविद ने बताया कि चतरा का यह दूसरा साइट है। जहां भारतीय पुरातत्व विभाग की टीम खुदाई कर रही है। इसके पूर्व इटखोरी के भदुली में टीम ने खुदाई की थी। खुदाई के मौके पर काफी संख्या में आसपास के लोग भी उपस्थित थे।

# बीडीओ ने की समीक्षा बैठक, दिए कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय परिसर सभागार में बीडीओ राकेश सहाय की अध्यक्षता में प्रखंड के मुखिया पंचायत सेवक संग आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ ने प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं की पंचायत वार बारी-बारी समीक्षा किया। बैठक में बीडीओ ने प्रखंड में चल रहा है मनरेगा योजनाओं में तेजी लाने पर जोर दिया वही लंबित पीएम आवास को अभिलंब पूर्ण कराने का निर्देश सभी मुखिया पंचायत सेवक दी। बैठक में पंचायतों में लगने वाली जनता दरबार को सफल बनाने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बीडीओ ने सभी मुखिया को निर्देशित किया कि अपने-अपने पंचायतों में सभी जरूरतमंद वृद्ध असहाय लोगों को चिन्हित कर वृद्धावस्था पेंशन का लाभ देना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी जरूरतमंद वंचित लोग बिरधा पेंशन से वंचित ना रहे। मौके पर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण मंगरा मुखिया बिपिन बिहारी सिंह, केचकी मुखिया बुधेसर सिंह, छिपादोहर मुखिया बेरोनिका एक्का, बरवाडीह मुखिया कालो देवी समेत सभी पंचायतमुखिया सभी पंचायत सेवक मौजूद रहे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### कोरोना से दो और मरीजों की मौत

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण से दो और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,30,714 हो गयी है और मृत्युदर 1.19 फीसदी बनी हुई है। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 16 सक्रिय मामलों में कमी होने से कुल संख्या घटकर 2,503 रह गयी है और सक्रिय मामलों की दर 0.1 प्रतिशत है। राहत की बात यह रही कि इसी अवधि में 275 मरीजों ने कोरोना को मात दी और इस महामारी से निजात पानेवालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,46,330 हो गयी है।

### पाकिस्तान-अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के कुछ हिस्सों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गयी। भूकंप से अब तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने हालांकि दावा किया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.5 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान का हिंदू कुश क्षेत्र में 173 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

### तीन और विधायकों का इस्तीफा दिया

**शिलांग।** मेघालय विधानसभा चुनाव से पहले तीन और विधायकों ने गुरुवार को राज्य विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देनेवाले में पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ) के विधायक हमलेट्सन डोहलिंग और जेसन सॉकमी मावलोंग शामिल हैं। डोहलिंग सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं। तीसरे विधायक हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के समलिन मलंगियांग है। ये तीनों विधायक अगले कुछ दिनों में सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी में शामिल होंगे और आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

### अभिनेता मनोज वाजपेई का ट्विटर अकाउंट हैक

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी का ट्विटर अकाउंट हैक हो गया है। एक्टर ने खुद अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम स्टोरी पर नोट शेयर कर ये जानकारी दी है और फैंस को किसी भी इंटरेक्शन से बचने की अपील की है। एक्टर ने अपनी इंस्टा स्टोरीज पर एक नोट शेयर कर फैन्स को जानकारी देते हुए कहा कि उनका ट्विटर अकाउंट हैक हो गया है। उन्होंने सभी से अकाउंट के साथ किसी भी तरह के इंटरेक्शन से बचने की भी अपील की है।

### अमेरिका प्रतिनिधि सभा में तीसरे दिन भी नहीं हो सका स्पीकर का चयन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में बीते तीन दिनों में कई दौर के मतदान के बावजूद किसी भी उम्मीदवार को बहुमत नहीं मिला और इसी कारण सदन की कार्रवाई लगातार तीसरे दिन भी स्थगित करनी पड़ी। सदन में गुरुवार को हुए मतदान में कैलिफोर्निया से अमेरिकी कांग्रेसी के सांसद और सदन में रिपब्लिकन नेता केविन मैक्कार्थी अपराह्न दो और दौर के मतदान में बहुमत से कम वोट मिले। 435 सीटों वाला निचले सदन में रिपब्लिकन के पास डेमोक्रेट्स की अपेक्षा कम बहुमत है।

# टाटा संस यूपी के सभी आध्यात्मिक शहरों से हवाई व होटल सेवा करेगा शुरू

**अडाणी समूह बलिया, श्रावस्ती व अन्य जिलों में पीपीपी मॉडल पर खोलेगा मेडिकल कॉलेज**

**अंबानी समूह पूरे उत्तर प्रदेश में 5जी इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाने व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से गांवों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं कराएगा उपलब्ध**



**नवेन्दु सिंह। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मुंबई में किया दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट उम्मीदों भरा रहा। पांच लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश मिलने की बात हुई, प्रस्ताव मिले। उद्योगपतियों का उत्साह देख योगी को राज्य को उद्यमिता में आगे बढ़ाने का संकल्प अगले कुछ वर्ष में पटरी पर आ जाने की उम्मीद बन गयी है। मुख्यमंत्री के इस मुंबई दौरे में इनके साथ अडाणी, रिलायंस, टाटा संस, हिंदुजा, बिड़ला, पिरामल, गोदरेज, वेदांता, लोढ़ा, पारले, रैमकी सहित तमाम अन्य उद्योगपतियों ने मुलाकात की। देश के पहले नंबर के उद्योगपति गौतम अडानी का उद्योग समूह पीपीपी मॉडल पर उत्तर प्रदेश में मेडिकल कॉलेज की स्थापना सहित नोएडा में 10 हजार युवाओं की क्षमता का कौशल विकास केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। इस मामले में देश के दूसरे नंबर के उद्योगपति रिलायंस उद्योग समूह के सर्वेसर्वा मुकेश अंबानी भी पीछे नहीं रहे। मुकेश अंबानी ने पूरे उत्तर प्रदेश में 5जी इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से प्रदेश के गांवों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने सहित इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन एनर्जी सेक्टर में बड़े निवेश का प्रस्ताव दिया है।

दो दिवसीय मुंबई दौरे के दौरान मुख्यमंत्री के साथ रिलायंस, टाटा संस, अडाणी, गोदरेज, बिरला, पिरामल, वेदांता, पारले, हिंदुजा, लोढ़ा और रैमकी सहित दो दर्जन से ज्यादा उद्योगपतियों ने मुलाकात की। अडाणी समूह के करन अडाणी ने वेयरहाउसिंग व लॉजिस्टिक्स सेक्टर में बड़े निवेश की कार्य योजना पर चर्चा की। इसके अलावा सात अलग-अलग स्थानों पर सीमेंट की इकाइयां लगाने के बारे में भी बात हुई। करण अडाणी ने लखनऊ एयरपोर्ट विस्तारीकरण की योजना एवं यूपी डिफेंस कॉरिडोर में ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा एमयूनिशन हब बनाने की कार्य योजना पर बात की और बलिया व श्रावस्ती में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा, साइलोज, स्मार्ट मीटर मैन्युफैक्चरिंग में भी अडाणी समूह ने निवेश करने पर सहमति जताई। आदित्य बिड़ला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने नोएडा में एक कन्वेंशन सेंटर की स्थापना, फूड प्रोसेसिंग, डाटा सेंटर, वेयर हाउसिंग व लॉजिस्टिक्स के साथ-साथ सोलर एनर्जी सेक्टर में निवेश के लिए मुख्यमंत्री से अपनी कार्य योजना साझा की। पिरामल एंटरप्राइजेज के अजय पिरामल ने टीबी मुक्त भारत के संकल्प से जुड़कर वाराणसी में अभियान चलाने को कहा।

# पाकिस्तान : आतंकवाद विरोधी अभियान में टीटीपी कमांडर सहित 11 आतंकी ढेर



**एजेंसी। पेशावर/डीआई खान**

पाकिस्तान में वजीरिस्तान प्रांत के वाना में सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के एक प्रमुख कमांडर सहित 11 आतंकवादियों को मार गिराया हैं। डॉन समाचार पत्र की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार सेना के मीडिया विंग ने बताया कि वाना में एक खुफिया अभियान में सुरक्षा बलों ने टीटीपी आतंकवादियों के एक ठिकाने पर धावा बोलकर उसके कमांडर हफीजुल्लाह सहित कम से कम 11 आतंकवादियों को मार गिराया है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने यहां जारी एक बयान में कहा : अभियान के कारण एक बड़ी आतंकवादी गतिविधि को नाकाम कर दिया गया। मारे गए आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुआ है। ये आतंकवादी सुरक्षा बलों के खिलाफ गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे और जिले में पुलिसकर्मियों की हत्या कर रहे थे।

## वजीराबाद हमले की जांच सशक्त निकाय करे : इमरान

**लाहौर।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह और सेना की ब्लैक सीप पर उनकी हत्या की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का आरोप लगाते हुए सशक्त निकाय से जांच का आग्रह किया है। खान ने अपने जमान पार्क निवास से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए अपने संबोधन में पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश से एक मजबूत जांच दल का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वह जिन पर आरोप लगा रहे वे वर्तमान में शीर्ष पदों पर आसीन हैं और उन्हें न्याय नहीं मिलने देंगे। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा : संयुक्त जांच दल के कामकाज में बाधा पैदा करने के बाद मुझे न्याय मिलने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

# मेरा वश चले तो दुष्कर्म करनेवालों को सरे बाजार परेड कराऊं : गहलोत

**एजेंसी। उदयपुर**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपराधियों को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि अगर मेरा वश चले तो मैं दुष्कर्म करनेवालों और गैंगस्टरों के बाल काटकर उनकी सरेबाजार परेड करवाऊं। गहलोत ने ये बात उदयपुर में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने आगे कहा कि मैं ऐसा इसलिए भी करना चाहता हूं ताकि इन जैसे अन्य अपराधियों में भी डर पैदा हो। गौरतलब है कि शुक्रवार को एक



अदालत ने फैसला दिया था कि दोषी ठहराये जाने तक रिश्वतखोरी के मामलों के आरोपियों के नाम और फोटो सार्वजनिक नहीं किये जाएं। इस पर गहलोत ने कहा : यह आदेश तो उच्चतम न्यायालय के एक आदेश की पालना में निकलवा दिया होगा और कोई मकसद नहीं है। सरकार की मंशा वही है, जो पहले थी। पत्रकारों ने जब पूछा कि उच्चतम न्यायालय ने आदेश दिया है कि आरोपियों को हथकड़ी नहीं लगा सकते, इस पर गहलोत ने कहा कि हथकड़ी लगती तो लोगों को शर्म आती। अब पुलिसवाले आरोपी का हाथ पकड़ कर ले जाते हैं। जो दुष्कर्मी हैं उसे आप ले जाओ लोगों में, परेड करवाओ, शर्म आएगी तो जो दुष्कर्मी हैं, वे दुष्कर्म करना भूल जाएंगे।

# नहीं मिला दिल्ली को नया मेयर

**जबरदस्त हंगामे के चलते शुक्रवार की कार्यवाही कर दी गई स्थगित**

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिल्ली नगर निगम के मेयर का चुनाव शुक्रवार को नहीं हो पाया। जबरदस्त हंगामे के चलते शुक्रवार की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। अब सभी को अगली तारीख का इंतजार है। अगली तारीख बाद में आएगी। निगम में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ने सबसे पहले उपराज्यपाल की तरफ से नामित पार्षदों को शपथ दिलाने के लिए एक सदस्य का नाम पुकारा जिसके बाद आम आदमी पार्टी के सबसे वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल ने कहा कि यह प्रक्रिया गलत है। गोयल ने कहा कि सबसे पहले चुने हुए पार्षदों को शपथ दिलाई जाए उसके बाद सदन में जोरदार हंगामा शुरू हो गया। भाजपा और आप के पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया। सदन की कार्यवाही के बाद भी दोनों दलों की और से हंगामा जारी रहा। निगम के 250 वार्डों में हुए चुनाव में आप ने 15 साल से दिल्ली नगर निगम में बनी भाजपा को हराकर 134 वार्डों में जीत दर्ज की थी जबकि भाजपा को 104 वार्ड में जीत मिली थी। इस बार कांग्रेस के नौ पार्षद जीतकर आए हैं।

# ट्रेनी एयरक्राफ्ट दुर्घटनाग्रस्त पायलट की मौत, एक अन्य घायल

**प्रशिक्षु विमान में पायलट सहित दो लोग थे सवार**

**एजेंसी। रीवा**

मध्य प्रदेश के रीवा जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र के उमरी गांव के समीप एक प्रशिक्षु विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के चलते पायलट की मृत्यु हो गयी, जबकि प्रशिक्षु गंभीर रूप से घायल है। उसका इलाज किया जा रहा है। प्रशिक्षु विमान में पायलट सहित दो लोग सवार थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विमान प्रशिक्षण देने वाली एक निजी कंपनी का है। गुरुवार की देर रात्रि विमान चोरहटा हवाई पट्टी से उड़ान भरने के बाद काफी देर तक हवाई पट्टी के ऊपर चक्कर लगा रहा था। इसके बाद प्रशिक्षु विमान ने उतरने का प्रयास किया। तभी उमरी गांव के समीप विमान बिजली के तारों में उलझते हुए मंदिर के एक गुंबद से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में प्रशिक्षु विमान में सवार पायलट कैप्टन विमल कुमार (निवासी पटना) और प्रशिक्षु सोनू यादव (निवासी जयपुर) गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों को संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय ले जाया गया, वहां पायलट की मौत हो गयी। घायल प्रशिक्षु सोनू यादव का यहां के संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में इलाज किया जा रहा है, जहां उसकी हालत सामान्य बतायी जा रही है। विमान दुर्घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है, लेकिन ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि कोहरे के चलते पायलट को सामने कुछ नजर नहीं आ रहा था, जिसके चलते यह हादसा हो गया। विमान हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# हाड़ कंपाती ठंड और घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित

**एजेंसी। चंडीगढ़**

पश्चिमोत्तर क्षेत्र में शुक्रवार को कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम केन्द्र के अनुसार अगले 48 घंटों के दौरान अति ठंडा दिन,घना कोहरा तथा कहीं कहीं शीतलहर का प्रकोप बना रहेगा। उसके बाद कहीं कहीं बूंदाबांदी और दस जनवरी तक मौसम खुश्क रहने घना कोहरा रहने के आसार है। कोहरा घना होने के कारण हवाई सेवा प्रभावित रही तथा कुछ उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। सड़क यातायात सुबह अन्य दिनों की तरह प्रभावित रहा और दोपहर तक वाहन हैडलाइटें जलाकर चलते नजर आये। कम दूरी तथा लंबी दूरी की ट्रेनें देरी से चल रही है।

# कंझावला मामले में 7वें आरोपी ने किया सरेंडर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी के कंझावला मामले में 7वें आरोपी अंकुश ने शुक्रवार को सुल्तानपुरी थाने में पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। इससे पहले पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया था कि छठे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी पहचान आशुतोष के तौर पर की है। वह इस मामले में गिरफ्तार किया गया छठा व्यक्ति है। इससे पहले इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जो पुलिस हिरासत में हैं।

विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा : सुल्तानपुरी मामले में छठे आरोपी आशुतोष को गिरफ्तार किया गया है, उसने पुलिस को गलत जानकारी दी थी। मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में पहले गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों ने कथित तौर पर आशुतोष से कार ली थी। पुलिस ने गुरुवार को बताया था कि वह दो संदिग्धों की तलाश कर रही है, जो कथित तौर पर पांचों आरोपियों को बचाने में शामिल थे। श्री हुडा ने कहा : अठारह टीमें सभी पहलुओं पर मामले की जांच कर रही हैं। टीमों ने घटनास्थल का मुआयना किया है और शव का पोस्टमार्टम किया गया है।

**डिजिटल मीडिया** | **'मराठी पत्रकारिता दिवस' पर प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा**

# डिजिटल मीडिया ने भारतीय भाषाओं को बनाया वैश्विक

**एजेंसी। अमरावती**

'मराठी पत्रकारिता दिवस' के अवसर पर भारतीय जन संचार संस्थान, अमरावती द्वारा आयोजित 'संपादक संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने कहा कि डिजिटल मीडिया ने भाषाई पत्रकारिता को वैश्विक बना दिया है। क्षेत्रीय पत्रकारिता का भविष्य न सिर्फ उज्ज्वल है, बल्कि नई तकनीक के साथ पत्रकारिता के नए स्वर्णिम काल की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर 'दैनिक तरुण भारत' के मुख्य संपादक गजानन निमदेव, 'दैनिक लोकमत' के कार्यकारी संपादक श्रीमंत माने, संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय में




मराठी-हिंदी भाषा विभाग की अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मोना चिमोटे एवं आईआईएमसी, अमरावती कैंपस के क्षेत्रीय निदेशक प्रो. (डॉ.) वीरेंद्र कुमार भारती भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए प्रो. द्विवेदी ने कहा कि भाषाई पत्रकारिता से क्षेत्रीय और आंचलिक स्तर पर लोकतंत्र के विशाल वटवृक्ष को फलने-फूलने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती आई है। भारत जैसे सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषी देश में तो यह योगदान और भी मायने रखता है, जहां पत्रकारिता स्थानीय भाषा अपनाकर स्थानीय जन और स्थानीय समाज का स्वर बनकर लोकतंत्र को मजबूत बना रही है। मराठी पत्रकारिता इसका अनुपम उदाहरण है। आईआईएमसी के महानिदेशक के अनुसार मराठी पत्रकारिता ने स्वतंत्रता के बाद ही नहीं, बल्कि देश को स्वतंत्रता मिलने के दशकों पहले से ही समाज निर्माण का काम करना शुरू कर दिया था। भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्ति दिलाने में मराठी पत्रकारिता का अविस्मरणीय योगदान है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में मीडिया का योगदान सर्वाधिक है। मीडिया के बिना किसी समाज की कल्पना नहीं की जा सकती।

**संवदेनशीलता का पाठ पढ़ाना जरूरी :** 'मराठी पत्रकारिता के बदलते स्वरूप' विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए 'दैनिक तरुण भारत' के मुख्य संपादक गजानन निमदेव ने कहा कि समय के अनुसार मराठी पत्रकारिता का स्वरूप बदलता रहा है। उन्होंने कहा कि पहले पत्रकारिता में प्रबोधन को महत्व हुआ करता था। अब आज के विषय पूरी तरह से अलग हो गए हैं। साथ ही पत्रकारिता में संवदेनशीलता कम होती जा रही है। यही वजह है कि आज समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। पत्रकारिता के विद्यार्थियों को संवदेनशीलता का पाठ पढ़ाना जरूरी है। युवा पत्रकारों को समाज में जाकर जनमत को टटोलना चाहिए, उसके बाद लेखन करना चाहिए।

**FILMY हलचल**

# सन्नी और रणबीर की होगी बॉक्स ऑफिस पर टक्कर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल और रणबीर कपूर की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरा सकती हैं। सन्नी देओल अपनी सुपरहिट फिल्म गदर एक प्रेमकथा का सीक्वल गदर-2 लेकर आ रहे हैं। अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित यह फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी। वहीं, रणबीर कपूर की एनिमल भी इसी दिन रिलीज हो रही है। एनिमल में बॉबी देओल भी लीड रोल में हैं। इसी तरह सन्नी और बॉबी दोनों भाई के बीच भी क्लैश देखने को मिलेगा। बताया जा रहा है कि गदर-2 इसी साल 11 अगस्त, 2023 को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। गदर-2 में सनी के साथ अमीषा पटेल लीड रोल में है। वहीं, संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंधाना लीड रोल में हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### कैंप के लिए रांची से 11 खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया

**रांची।** धनबाद के सिजुआ ग्राउंड में 6 से 8 जनवरी तक संतोष ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए झारखंड टीम के कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप में छोटानागपुर एथलेटिक एसोसिएशन रांची के 11 खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। बता दें कि 4 जनवरी को चक्रधरपुर के रेलवे ग्राउंड में खेले गए अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट में सीएए रांची की टीम जमशेदपुर को हराकर चैंपियन बनी थी। यह पहली बार है कि कैंप के लिए रांची से 11 खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। यह छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन (सीएए) के लिए सम्मान की बात है। रांची के 11 खिलाड़ी झारखंड फुटबॉल टीम में जगह बनाने के लिए ट्रायल देंगे।

सात्विक मेमोरियल ए डिविजन क्रिकेट लीग

### मंथन सीसी ने पावर क्लब को हराया

**रांची।** गोल चक्कर मैदान में खेले जा रहे हैं सात्विक मेमोरियल ए डिविजन क्रिकेट लीग के एक मैच में आज मंथन सीसी की टीम ने पावर क्रिकेट क्लब को 102 रनों से पराजित कर पूरे अंक अर्जित किए मंथन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 9 विकेट पर 252 रनों का स्कोर खड़ा किया जिसमें ऋषिकेश में 57 संतोष ने 43 और दीपक ने 24 रनों का योगदान किया राजा को 3 विश्वेश और राहुल को दो-दो विकेट मिले जवाबी पारी में पावर की टीम 21.4 ओवर में 150 रन आउट हो गए आकाश ने 20 और राहुल ने 19 रन का योगदान किया सर्वेश को तीन ऋषि और सनी को दो-दो विकेट मिले।

### किसान का पुत्र बना अग्निवीर जवान

**रांची।** प्रखंड के भांटबोड़ेया गांव निवासी किसान प्रेमशंकर साव के पुत्र यशवंत कुमार का चयन अग्निवीर जवान में हुआ है। चयन के बाद यशवंत कुमार का प्रशिक्षण जबलपुर में चल रहा है। उसका चयन अग्निवीर में होने से गांव में हर्ष का माहौल है। यशवंत के अग्निवीर जवान में चयन होने पर सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल, मुखिया दशरथ उरांव, पंचायत समिति सदस्य भुनेश्वर साहू और वार्ड सदस्य किरण गिरि आदि ने खुशी जताई है।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक व औद्योगिक भ्रमण

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा शैक्षणिक व औद्योगिक भ्रमण पर टाटीसिलवे स्थित झारखंड गवर्नमेंट टूल्स रूम के विभिन्न प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं का दौरा कराया गया। विद्यार्थियों को थ्री डी प्रिंटिंग, लेथ मशीन, मैटेरियल टेस्टिंग, वेल्डिंग कटिंग और पीसीबी बोर्ड मीटिंग से सबंधित जानकारी दी गई।

## डीसी ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर की बैठक

# दिये जरूरी दिशा-निर्देश




नवीन मेल संवाददाता

रांची। मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आज दिनांक 06 जनवरी 2023 को उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक अ स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उपविकास आयुक्त श्री दिनेश कुमार यादव, प्रभारी पुलिस अधीक्षक, नगर सह प्रभारी पुलिस अधीक्षक यातायात नौशाद आलम, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर दीपक दुबे, अनुमंडल पदाधिकारी, बुंडू श्री अजय कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था), अपर समाहर्त्ता रांची, निदेशक आइटीडीए, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सिविल सर्जन, रांची, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, रांची सहित संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी और सफल संचलान को लेकर विचार-विमर्श करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी पर विचार विमर्श करते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 को आगन्तुकों के लिए मैदान के दोनों ओर वाटरप्रूफ पण्डाल/ गैलरी/ कुर्सी की व्यवस्था, मैदान समतलीकरण एवं बैरिकेटिंग, स्टेज एवं साउंड बॉक्स के लिए टॉवर निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निदेश दिये।

### मोरहाबादी की ओर जानेवाली सड़कों होगी मरम्मती

मोरहाबादी की ओर जानेवाली सड़कों की मरम्मती एवं साफ-सफाई, चिकित्सा मेडिकल कैंप और अग्निशमन की व्यवस्था को लेकर भी उपायुक्त द्वारा ससमय पूरी तैयारी करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित होने वाले झांकी और परेड से संबंधित जानकारी भी उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी से ली गयी। उन्होंने बताया कि झांकी के वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त, रांची हैं। साथ ही उन्होंने परेड में आईआरबी और भारतीय सेना के पलाटून को जोड़ने हेतु आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के निदेश दिये। मोहरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी से संबंधित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने ससमय तैयारी पूरी करने के निदेश पदाधिकारियों को दिये।

## 99 लाख रुपये की ठगी का मामला, प्राथमिकी दर्ज

**रांची।** अपर बाजार पुस्तक पथ स्थित सनातन बुक्स डिस्ट्रीब्यूटर के संचालक राम प्रकाश तिवारी ने किताब कारोबार के नाम पर 99 लाख रुपये की ठगी का मामला कोतवाली थाने में दर्ज कराया है। उन्होंने ठगी में शामिल होने का आरोप अशोक शर्मा, उनकी पत्नी शोभा शर्मा, पुत्र अंकित व अंकुल और पुत्री गायत्री शर्मा पर लगाया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि अशोक शर्मा ने खुद को कनॉट प्लेस दिल्ली में पंजाब नेशनल बैंक का सहायक प्रबंधक बताते हुए अपना परिचय दिया था। लेकिन, बाद में पता चला कि वह वहां क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। राम प्रकाश तिवारी के अनुसार, आरोपियों ने उनसे 22 अगस्त 2022 को किताब खरीदने और किताब का व्यापार कर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर 20 करोड़ का ऑर्डर देने के लिए संपर्क किया था। इसके लिए पंजाब नेशनल बैंक से दो करोड़ रुपये लोन दिलाने का आश्वासन दिया था।

# सरकारी स्कूलों में मिड डे मील के लिए निविदा की तारीख बढ़ी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरकारी स्कूलों में मिड डे मील को लेकर कई तरह की परेशानियां होती रहती है। कई बार इसको लेकर खबर भी सामने आती है। जिले में 2128 सरकारी स्कूलों में मिड डे मील का अनाज पहुंचाने के लिए ठेकेदार नहीं मिल रहे हैं। बता दें कि इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा 23 दिसबंर 2022 को टेंडर निकाला गया था। जिसकी आखिरी तारीख तीन जनवरी थी। लेकिन तीन जनवरी तक एक भी निविदाताओं ने टेंडर नहीं भरा। जिसके बाद टेंडर भरने की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। अब निविदाता 16 जनवरी तक टेंडर डालने का निर्देश दिया गया है। रांची 1, रांची 2, ओरमांझी, कांके, रातू, नगड़ी, बुढ़मू, खलारी, चान्हो, मांडर, नामकुम, अनगड़ा, सिल्ली, लापुंग, बेडो, इटकी, बुंडू, तमाड़, राहे और सोनाहातू शामिल है। इन सभी प्रखंड को छह जोन में बांटा गया है। रांची जिला प्रशासन के द्वारा जारी किये गये आदेश में कहा गया है कि टेंडर भरने वालों को इस क्षेत्र में कम से कम 1 साल का कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। अनाज का ट्रांसपोर्टिंग पिकअप वैन, मिनी ट्रक, ट्रैक्टर टेलर, भार वाहन के माध्यम से करना होगा। मिड डे मील के अनाज को महीने के 15 तारीख तक स्कूलों में पहुंचाना अनिवार्य होगा। किसी भी परिस्थिति में बैकलॉग की समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक महीने समय पर अनाज का उठाव और वितरण नहीं करने की स्थिति में ठेकेदार के लाइसेंस को ब्लैक लिस्टेड किया जायेगा।

# संसदीय समिति की बैठक में डाक सेवा को बेहतर बनाने पर जोर : संजय सेठ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय डाक सेवा को बेहतर बनाने के लिए जोर दिया जा रहा है। ताकि डाक विभाग राज्य ही नहीं बल्कि देश का बेहतर राजस्व विभाग माना जाता है। इसको लेकर संचार और सूचना प्रौद्योगिकी की स्थायी संसदीय समिति की बैठक में डाक विभाग के कार्यों को लेकर चर्चा हुई। डाक विभाग और डाकघरों को सेवा के क्षेत्र में कैसे बेहतर बनाया जाये इसपर समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव दिये। बैठक में रांची सांसद संजय सेठ भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों व अन्य निजी माध्यमों की सुविधाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में डाक की लोकप्रियता शहरों में भी बनी रहे, इस क्षेत्र में हमें काम करना चाहिए। संजय सेठ ने कहा कि डाकघर बैंकिंग सेवा और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, यह सुखद संकेत है। बैंकिंग सेवाओं के मामले में भी ग्रामीण क्षेत्रों में डाक विभाग ने लोगों का विश्वास जीता है। शहरी क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं सुगम रूप से उपलब्ध हो, इसके लिए भी काम करने की जरूरत है। सांसद ने कहा कि पर्व त्योहारों में कई ई-कॉमर्स की कंपनियां, कुरियर कंपनियां राखी भेजने का, गिफ्ट पैकेट भेजने का काम करते हैं। यह राजस्व संग्रह का बड़ा जरिया बनता है। डाक विभाग के द्वारा भी ऐसी कई योजनाएं बनाई जाएं और उसे सफल किया जाये। उन्होंने आजादी के अमृत काल में डाकघर के द्वारा नई योजना लाने का भी सुझाव दिया।

# न्यूनतम बैलेंस को लेकर बैंक में झड़प ब्रांच मैनेजर को ग्राहक ने मारा चाकू




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के कांटा टोली चौकी स्थित एक्सिस बैंक के ब्रांच मैनेजर अंकुर को एक ग्राहक ने चाकू मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया है। घटना बैंक के अंदर की है गंभीर अवस्था में बैंक मैनेजर को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कांटा टोली इलाके के ही रहने वाले फिरोज उर्फ छोटू नाम के युवक का एक्सिस बैंक में खाता है , मिनिमम बैलेंस को लेकर फिरोज और बैंक कर्मचारियों के बीच कई दिनों से विवाद चल रहा था। फिरोज के खाते से लगातार पैसे कट रहे थे जिससे वह काफी नाराज था और अक्सर आकर बैंक में विवाद किया करता था। शुक्रवार को भी फिरोज अपने खाते से काट रहे पैसे को लेकर बैंक पहुंचा था। बैंक में उसका वहां के कर्मचारियों से विवाद हो गया इसी बीच बैंक के ब्रांच मैनेजर अंकुर मौके पर पहुंचे उनसे भी फिरोज का काफी विवाद हुआ जिसके बाद अचानक फिरोज ने अपने पॉकेट में रखे चाकू को बाहर निकाल लिया और अंकुर पर ताबड़तोड़ कई बार कर दिए। बैंक मैनेजर के ऊपर जानलेवा हमले से बैंक में खलबली मच गई कर्मचारी इधर-उधर भागने लगे वही चाकू लगने से घायल अंकुर जमीन पर गिर पड़े। इधर मौके का फायदा उठाकर आरोपी फिरोज बैंक से फरार हो गया।

**अस्पताल में करवाया गया भर्ती :** बैंक के दूसरे कर्मचारियों के द्वारा आनन-फानन में लोअर बाजार और खादगढ़ा टोपी को मामले की सूचना दी गई, वहीं घायल बैंक में जरा अंकुर को एंबुलेंस से तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार अंकुर के शरीर पर चाकू के कई गहरे जख्म के निशान हैं। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## विरोध | 22 फरवरी को 51 गांवों का मूलवासी सदानों का महापंचायत

# सदानों के पहचान के लिए अपना झंडा होगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को ग्रैंड ओकेजन, में मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय के बाद मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने घोषणा करते हुए अपने संबोधन में कहा 22 फरवरी को सिमडेगा जिला के टैंसरा पंचायत के बनाबीरा में मूलवासी सदानों के 51 गांवों की महापंचायत होगा। महापंचायत में सदान अपने अधिकारों को लेकर हजारों की संख्या में जुटेगें। उन्होंने बताया महापंचायत में गुमला जिला क्षेत्र के लोग भी शामिल होंगें। उन्होंने अपने संबोधन में बताया जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में बसने वाले मूलवासी सदान पैदल चलकर महापंचायत में हजारों की संख्या में शामिल होंगें। प्रसाद ने कहा कि आज के निर्णय के पश्चात अब पूरे राज्य में सम्मेलन, रैली, महापंचायत जैसे कार्यक्रम आयोजित कर सदानों के अधिकार के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि अब झारखंड में सदानों का पहचान और आस्थ के लिए अपना झंडा होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में मूलवासी सदानों का सबसे पुरानी इतिहास रहा है झारखंड के सबसे पुराने वाशिंदा हैं। इसके बावजूद सदान का राज्य में घोर उपेक्षा होते रही है। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा इसके लिए प्रयास किया है इसके बाद ही सदानों का झंडा का विमोचन 22 जनवरी को विधिवत किया जाएगा झंडा सदनों के आस्था और पहचान का प्रतीक होगा। विमोचन में राज्य के सभी जिला के मूलवासी सदान के शिक्षाविद, छात्र ,युवा, कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि झंडा विमोचन के समय आजादी से पहले आसाम, बंगाल, सहित अन्य राज्यों में सदान भारी संख्या में जाकर बस गए हैं और वहां भी अब मूलवासी सदान मोर्चा का गठन कर लिया गया है ।ऐसे में वीडियो कांफ्रेंस के द्वारा उन राज्यों के सदान भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।झंडा का बिमोचन मकर संक्रांति के पश्चात दिनांक 22 जनवरी 2023 को रांची में होगा। प्रोफेसर अमर कुमार ने अपने संबोधन में कहा आश्चर्य की बात है कि झारखंड में सबसे पुराना इतिहास मूलवासी सदानों की रही है। लेकिन दुर्भाग्य से राजनीतिक पार्टियां के नेताओं को सदान का नाम भी बोलने में कष्ट होता है। बैठक के पश्चात सामाजिक न्याय के प्रतिमूर्ति न्यायधीश स्व.लोकनाथ प्रसाद को मंच के द्वारा श्रद्धांजलि दी गयी। के बैठक में मूलवासी सदान मोर्चा के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के अलावा, हरीश ठाकुर, प्रो. अमर कुमार, प्रो.संजय सारंगी, डॉ. ब्रजभूषण पाठक, प्रादुम मंडल, प्रो. गौतम, डॉ भुवन गोप, हेमंत कोयरी, प्रो.राजू हजाम, महेंद्र ठाकुर, संजीत कोइरी, विशु महतो, अजय अहीर आदि अपने अपने विचार रखें।

## पृष्ठ एक के शेष

**एक और जैन मुनि ने...**
दिगम्बर जैन मंदिर में समर्थसागर जी तीन दिन से आमरण अनशन कर रहे थे। बता दें कि सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने के विरोध में इसी मंदिर में जैन मुनि सुज्ञेयसागर महाराज ने तीन जनवरी को प्राण त्यागे थे। मंदिर में आचार्य सुनील सागर महाराज प्रवास पर हैं और उनके सानिध्य में ही मुनि समर्थसागर को जैन रीति-रिवाजों के साथ समाधि दे दी गई।

**मुख्यमंत्री पारण परेड समारोह में...**
चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में इन चुनौतियों से निपटने में आपका प्रशिक्षण, बुद्धि और विवेक काम आएगा। प्रशिक्षण अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। जिससे आप अपने आप को और बेहतर और कुशल बनाते हैं।

**पुलिस विभाग की अपनी स्वास्थ्य सेवा हो, सरकार कर रही विचार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग की अपनी स्वास्थ्य सेवा हो, इस दिशा में सरकार विचार कर रही है। इसका मकसद पुलिसकर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि वे और भी बेहतर तरीके से अपने कर्तव्य एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

**बेस्ट कैडेट्स किए गए सम्मानित :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बेस्ट कैडेट (ओवरऑल) अर्चना कुमारी, बेस्ट कैडेट (इंडोर) भीमराज विश्वकर्मा, बेस्ट कैडेट (आउटडोर) विक्रम कुमार तिवारी और बेस्ट कैडेट (शूटिंग) मंजू कुमारी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इसके अलावा ट्रेनिंग -इन-चार्ज और पुलिस उपाधीक्षक विनोद कुमार महतो सम्मानित किए गए।

**574 जवानों ने सफलतापूर्वक पूरा किया गुणवतापूर्ण प्रशिक्षण :** सत्र 2020-22 के 574 जवानों ने बोकारो जैप-4 के प्रशिक्षण संस्थान में कुल 215 दिन का बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसमें एसआईआरबी-01 दुमका के कुल 13 जवान जिसमें 4 पुरुष एवं 9 महिला, एसआईआरबी-2 खूंटी के कुल पांच पुरुष जवान, आईआरबी-8 गोड्डा के कुल 556 जवान जिसमें 377 पुरुष एवं 179 महिला जवानों ने विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त किए। पारण परेड समारोह में गोमिया विधायक लंबोदर महतो, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, डीजीपी नीरज सिन्हा, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, एडीजीपी प्रशांत सिंह, डीजीपी ट्रेनिंग अनुराग गुप्ता, आईजी ट्रेनिंग प्रिया दुबे, उपायुक्त बोकारो कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक बोकारो चंदन कुमार झा, समादेष्टा जैप-4 अश्विनी कुमार, जैप-4 के पदाधिकारी, प्रशिक्षु जवान एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

**सभी प्रशिक्षण केंद्रों...**
है। इसका सीधा असर प्रशिक्षण देनेवालों और प्रशिक्षण प्राप्त करनेवालों पर होता है। ऐसे में आपको आश्वस्त करता हूं अगले दो वर्षों के अंदर सभी प्रशिक्षण केंद्रों, जैप मुख्यालयों और पुलिस लाइन केंद्रों का जीर्णोद्धार कर लिया जाएगा ताकि बेहतर माहौल में प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित हो सके।

**नीरज सिन्हा का हेलीकॉप्टर...**
बाद पुलिस लाइन में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल हेलिकॉप्टर को फिर से सही जगह पर लैंड कराया गया। जानकारी के अनुसार डीजीपी बोकारो में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जैप-4 के ग्राउंड में पासिंग आउट परेड में हिस्सा लेने के लिए आ रहे थे। वे हेलिकॉप्टर से बोकारो पहुंचे। उनको लैंड कराने के लिए पुलिस लाइन में हेलीपैड बनाया गया था, लेकिन पुलिस लाइन की लैंडिंग प्वाइंट के बजाय हेलिकॉप्टर दूसरी जगह पर उतर गया।

**सुरक्षा बलों संग...**
व सीआरपीएफ 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान प्रतिबंधित टीएसपीसी संगठन के 15 लाख के इनामी रीजनल कमांडर आक्रमण और 10 लाख के इनामी जोनल कमांडर शशिकांत उर्फ आरिफ के दस्ते के साथ मुठभेड़ हुई। जिसमें एक वॉकी-टॉकी एवं वायर, आर्मी पैटरनल क्लॉथ, दो मोबाइल, दो सोलर प्लेट, खाना बनाने का बर्तन, आठ स्टील प्लेट, 20 केजी चावल, सब्जी, कंबल, दैनिक उपयोग के कपड़े, नक्सलियों का पिट्ठू बैग व अन्य सामान बरामद किया गया है। एसपी ने नक्सलियों को सरकार के आत्मसर्मपण योजना के तहत मुख्यधारा में जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि ऐसा नहीं करने पर पुलिस का संयुक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**आदमखोर तेंदुआ को शीघ्र ही...**
क्षेत्र में उत्पात मचा रखा है। उन्होंने कहा कि कितने तेंदुए हैं यह स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि 1 से अधिक तेंदुआ भी हो सकता है। कुशवार गांव में जहां 13 साल के बच्चे को तेंदुआ हमला किया था। वहां तेंदुआ को फंसाने के लिए पिंजरा लगाकर सूअर को बांधा गया है। उन्होंने कहा कि तेंदुआ आसानी से विचरण कर रहे पशुओं पर हमला नहीं कर रहा है। इसलिए वहां पशु बदलकर दूसरे पशु को बांधा गया है। मौके पर शफथ अली खान के साथ सैंताजी सफदर, भंडरिया वनरक्षी तुषार कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

**हाईकोर्ट के कॉलेजियम की...**
किशन कौल व अभय एस ओका की पीठ को भारत सरकार के सबसे बड़े वकील अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने इस मामले में बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के अनुरूप सभी प्रयास किए जा रहे हैं। इसके पहले सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय के लिए जजों की नियुक्ति में हो रही देरी को लेकर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से कहा था कि जो भी नाम लंबित हैं, उन्हें जल्द से जल्द पास किया जाए। मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायाधीशों के स्थानांतरण के लिए कॉलेजियम की सिफारिशों में हो रही देरी के लिए केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या इसमें तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप शामिल है? अटॉर्नी जनरल ने सर्वोच्च न्यायालय की पीठ को बताया कि उच्च न्यायालय के कॉलेजियम की 104 सिफारिशें केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। इन 104 में से 44 पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसे मैं व्यक्तिगत रूप से देख रहा हूं। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए अगली तारीख 3 फरवरी 2023 तय की है। अटॉर्नी जनरल ने आश्वासन दिया कि राजस्थान उच्च न्यायालय के लिए कॉलेजियम की सिफारिशों को जल्द ही मंजूरी दे दी जाएगी। सुनवाई के दौरान कॉलेजियम से भेजी गई 10 सिफारिशों की स्थिति को लेकर सर्वोच्च अदालत ने जानकारी मांगी, जो कि केंद्र के पास लंबित हैं। इसमें दो काफी पुरानी हैं जो अक्टूबर 2021 से लंबित हैं और बाकी नवंबर 2022 में की गई थीं।

**मिशन 2024: अमित शाह आज...**
स्थानीय टाटा कॉलेज मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे जिसको लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि श्री शाह का चाईबासा टाटा कॉलेज मैदान में प्रस्तावित कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।

चुनावी बिसात की बात की जाए तो झारखंड में पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा है। मोदी लहर की बदौलत भाजपा ने जहां साल 2014 के आम चुनावों में झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से 12 पर जीत दर्ज कर विपक्ष को पस्त कर दिया था, वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने उसी प्रदर्शन को दोहराते हुए 14 में से 11 सीट जीती जबकि एक सीट सहयोगी पार्टी आजसू के खाते में गयी। साल 2014 के आम चुनावों और साल 2019 के चुनावों में फर्क हालांकि यह था कि इस बार सिंहभूम लोकसभा की सीट भाजपा के हाथ से फिसल गयी और कांग्रेस ने बाजी मारते हुए यहां पंजे से कमल फूल को मुरझा दिया था। अब भाजपा इसी खोई हुई सियासी जमीन को फिर से हासिल करने के लिए यह बड़ा आयोजन कर रही है ताकि जनजातीय बाहुल्य इस सीट पर दोबारा कमल खिलाया जा सके।

सम्पूर्ण पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला जिले के कुछ इलाकों में फैले सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में कुल छह विधानसभा सीट पड़ती है लिहाजा यह संसदीय क्षेत्र विधानसभा के सफर को भी सुगम बनाने के लिए निर्णायक और महत्वपूर्ण है। भाजपा ने देश के 160 संसदीय क्षेत्रों में 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर लोकसभा प्रवास योजना के तहत पार्टी काम शुरू किया है जिसमें सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र भी एक है। अंदरखाने यह भी चर्चा है कि सिंहभूम के कुछ बड़े नेताओं को भाजपा में शामिल करने की कवायद भी चल रही है। सिंहभूम संसदीय क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि पिछले चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव प्रचार के बावजूद यहां से भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा था। मोदी लहर में भी इस सीट पर भाजपा की नाकामी ने शीर्ष नेतृत्व को सोचने की ओर मजबूर किया है।

**सैकड़ों कैमरों के सामने...**
बाद उन्होंने अकेले दाहिने हाथ से ही दीप घुमाना शुरू कर दिया। बायां हाथ उनका सीधा रहा। बिना किसी हरकत के। राहुल बीच-बीच में मुस्कुरा रहे थे। आरती करते वक्त कभी वह तनाव में दिखते, कभी मुस्कुराते हुए। शायद वह समझ नहीं पा रहे थे कि अब करना क्या है। कभी बाएं देखते तो कभी दाएं। फिर जब उन्हें प्रियंका ने टोका तो उन्होंने दोनों हाथों से दीप पकड़ कर घुमाना शुरू किया। फिर कभी बाएं देखते, तो कभी दाएं। आरती का दीप जिस रफ्तार में हम-आप घुमाते हैं, उससे बहुत तेज रफ्तार राहुल गांधी की थी। यह समझना मुश्किल था कि उन्हें आरती से दिक्कत हो रही थी या वहां मौजूद वीडियो कैमरों की लाइट से या अपनी अज्ञानता से। अभी हाल ही में यूपी में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला आए थे। आपने एक तस्वीर देखी होगी, जिसमें राहुल-फारूक-प्रियंका गले मिल रहे हैं। अगर आपके पास वह वीडियो हो तो उसे पूरा देखें। फारुक अब्दुल्ला के आते ही जिस तेजी के साथ राहुल गांधी उनसे गले मिले, तो एक बार के लिए फारूक भी सकपका गए थे। राहुल जिस तेजी के साथ लपकते हुए फारूक से गले मिले, जो तेजी उन्होंने दिखाई, सामान्य तौर पर गले मिलने के वक्त वैसी तेजी देखने को नहीं मिलती है।

**मेरा सवाल...**
गैर राजनीतिक है। हर सभा में, हर संबोधन में वह भारत जोड़ो यात्रा के नाम पर राजनीतिक चर्चा करते हैं। हर यात्रा में वह प्रधानमंत्री का नाम लेते हैं, उनकी आलोचना करते हैं। अडाणी और अंबानी को उनका मित्र बता कर घातक प्रहार करते हैं। कभी गलत जीएसटी पर बात करते हैं तो कभी पर कैपिटा इनकम की बात करते हैं। पूरी चर्चा घोर राजनीति की करते हैं और जब उनसे राजनीतिक सवाल पूछे जाते हैं तो सीधे कहते हैं कि यह राजनीतिक मंच नहीं है। मैं यहां राजनीति करने नहीं आया हूं।

दरअसल, कांग्रेसी कार्यकर्ता भी भ्रम के शिकार हो गए हैं। वो इस यात्रा को 2024 से जोड़ कर देख रहे हैं और राहुल गांधी राजनीति की बात करके भी कहते हैं कि वह राजनीति पर बात नहीं करेंगे। इस चुनाव का 2024 के लोकसभा चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है। इससे आम कांग्रेसी घनघोर चक्करघिन्नी का शिकार बन कर रह गया है। वह समझ ही नहीं पा रहा है कि इसे क्या समझा जाए। वह इसके माइलेज को अपने तई कैश नहीं करा पा रहा है। इस यात्रा के राजनीतिक महत्व को कोई लोग स्वीकारते हैं, कई सिरे से खारिज कर देते हैं। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि इस राजनीतिक यात्रा से राहुल की छवि बदल रही है तो कुछ विश्लेषकों का मानना है कि इस यात्रा ने राहुल की पोल-पट्टी खोल कर रख दी है। आलोचक प्रियंका गांधी को चुंबन वाले वीडियो पर घोर आपत्ति कर रहे हैं। उनका कहना है कि क्या भाई-बहन का रिश्ता इस कदर, सैकड़ों कैमरों के सामने, सरे राह प्रेम-प्रदर्शित करने के लिए, चुम्मा-चाटी के लिए बना है? सवाल गहरा है। आप भी मनन कीजिए।

**नागो उघारे देह इस...**
ज्यादा न तो सूर्यदेव में ताप है, न वरुण देव में और न ही शीतलहरी में। नागो रजक को झारखंड सरकार की किसी भी सरकारी नीति का कोई फायदा नहीं मिला। नागो रजक के पिता भी ऐसे ही उघारे देह, नंग-धड़ंग रहते थे। वह भी मोटिया मजदूर थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### सफल होने के लिए मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी : मैरीकॉम

**कोलकाता।** छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम का मानना है कि चाहे खेल हो या चिकित्सा विज्ञान किसी भी पेशे में चैम्पियन की पहचान दबाव वाली स्थिति से निपटने से होती है। आप दिन रात 24 घंटे बलिदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सर्जरी सफल नहीं होने की स्थिति में डॉक्टर बहुत तनाव और हताशा से गुजरते हैं और अगर मैं एक मैच नहीं जीतती तो आपको समझना चाहिए कि इसे पचाना कितना मुश्किल होता है। हमारे काम में बहुत संघर्ष होता है।

### जल्द टीम में शामिल होंगे रविंद्र जडेजा

**पुणे।** मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भारतीय टीम के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला विभाग से खुश है और उन्होंने कहा कि इस समय टीम इस विभाग में काफी मजबूत है। द्रविड़ ने यह संकेत दिया कि रविंद्र जडेजा जल्दी ही टीम में होंगे जिससे स्पिन हरफनमौला विभाग में भारत और मजबूत हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शाहबाज अहमद भी टीम का हिस्सा थे। वाशिंगटन सुंदर भी हैं और फिर जडेजा भी आ जाएंगे। हम टीम से खुश हैं।

### टकराव के रास्ते पर बीसीसीआई-पीसीबी

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआई और पीसीबी के बीच गहराता तनाव साफ नजर आ रहा है जब पीसीबी प्रमुख नजम सेठी ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के दो साल के कैलेंडर की एकतरफा घोषणा करने के लिए बीसीसीआई सचिव जय शाह पर कटाक्ष किया। गुरुवार को शाह ने एसीसी अध्यक्ष के रूप में अपने ट्विटर हैंडल पर 2023 और 2024 कार्यक्रम की घोषणा की। इसमें प्रतिष्ठित एशिया कप को इस साल सितम्बर में जगह दी गई है, लेकिन विस्तृत कार्यक्रम और मेजबान देश की घोषणा अभी तक नहीं की गई है।

### सिडनी स्टेडियम में बेलिंडा क्लार्क की प्रतिमा लगी



**सिडनी।** सिडनी क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क की प्रतिमा लगाई गई है। सिडनी में ऑस्ट्रेलिया-अफ्रीका के बीच खेले जा रहे आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया है। वह दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर हैं, जिनकी प्रतिमा स्टेडियम में स्थापित की गई है। साल 2021 में 73 क्रिकेटरों की मूर्ति स्थापित लगाने की घोषणा की गई थी। तब खिलाड़ियों के नाम सामने नहीं आए थे। बेलिंडा 15वीं क्रिकेटर हैं, जिनकी सिडनी क्रिकेट ग्राउंड प्रतिमा परियोजना के तहत मूर्ति लगाई गई है।

# टी-20: श्रीलंका 16 रन से जीता

### काम न आई अक्षर और सूर्या की हाफ सेंचुरी, सीरीज 1-1 से बराबर

**एजेंसी। पुणे**

श्रीलंका ने गुरुवार देर रात दूसरे टी-20 मैच में भारत को हराकर सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। 20वें ओवर तक मैच में रोमांच बना रहा। दोनों टीमें मैच को अपने पाले में करने के लिए लड़ाई लड़ती रहीं। शुरुआत में यह मैच पूरी तरह श्रीलंकाई खिलाड़ियों के कब्जे में रहा। क्योंकि भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। तीन बल्लेबाज 21 रन पर आउट होकर पवेलियन लौट गए। 57 रन पर पांच विकेट गिर चुके थे। 22 बॉल पर 56 रन की नॉटआउट पारी और दूसरी पारी के आखिरी ओवर में 21 रन बचाने वाले श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका प्लेयर ऑफ द मैच रहे। सूर्या और अक्षर पटेल ने छठवें विकेट के लिए 40 गेंद पर 91 रन की साझेदारी कर टीम को जीत के करीब पहुंचाया, लेकिन अंतिम ओवर में अक्षर का विकेट गिरते ही भारत के हाथ से यह मैच निकल गया और भारत 16 रन से मैच हार गया।

इससे पहले 12वें ओवर की चौथी बॉल पर अक्षर पटेल रन आउट होने से बाल-बाल बचे। चमिका करुणारत्ने की बॉल पर सूर्यकुमार यादव ने स्कूप किया। बॉल विकेटकीपर कुसल मेंडिस के पास गई। अक्षर ने रन दौड़ना शुरू कर दिया, लेकिन सूर्या अपनी क्रीज में ही खड़े रहे। मेंडिस ने करुणारत्ने की ओर बॉल फेंकी। अक्षर नॉन-स्ट्राइकर एंड की ओर दौड़े, तभी करुणारत्ने ने स्टंप्स पर थ्रो मारा। लेकिन, बॉल स्टंप्स पर नहीं लगी और अक्षर बच गए। 12वें ओवर में मिले इस जीवनदान के बाद अक्षर ने 14वें ओवर में लगातार तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाए। वह 31 बॉल में 65 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। अक्षर ने अपनी पारी में 6 छक्के और तीन चौके लगाए। यह उनके टी-20 इंटरनेशनल करियर की पहली ही फिफ्टी है। उन्होंने सूर्यकुमार यादव के साथ ताबड़तोड़ 91 रन की पार्टनरशिप की। दोनों ने भारत को शर्मनाक हार के मुंह से निकाल कर जीत के करीब ला दिया था।



### अर्शदीप को पहले घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए : गौतम गंभीर

**भारतीय** टीम के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने गुरुवार को खेले गये दूसरे टी-20 मैच में बेहद खराब गेंदबाजी की। उन्होंने मैच में सिर्फ दो ओवर फेंके, जिसमें 37 रन दिए और पांच नो बॉल फेंकी। अर्शदीप के इस बेहद खराब प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा कि अर्शदीप को भारतीय टीम में लौटने से पहले अपनी लय हासिल करने के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। गंभीर ने कहा कि यदि आप चोट के बाद आ रहे हैं, तो आपको एक अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेलना चाहिए। आपको घरेलू क्रिकेट में जाना चाहिए और अपनी लय वापस लेनी चाहिए, क्योंकि नो-बॉल स्वीकार्य नहीं हैं।

### भारतीय दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने भी की तीखी आलोचना

**भारत** के दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की पुणे में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में मेजबान टीम की 16 रन की हार के दौरान दो ओवर के स्पेल में पांच नो बॉल फेंकने के लिए आलोचना की। अर्शदीप बीमारी के कारण मुंबई में शुरुआती टी-20 से गायब होने के बाद दूसरे मैच में भारतीय रंग में लौटे और दो ओवरों में 37 रन लुटाए और कई नो-बॉल भी फेंकी। गावस्कर ने लाइव कमेंट्री के दौरान कहा, 'एक पेशेवर के रूप में, आप ऐसा नहीं कर सकते हैं। हम अक्सर सुनते हैं कि आज के खिलाड़ी कहते हैं, चीजें हमारे नियंत्रण में नहीं हैं। नो बॉल न फेंकना आपके नियंत्रण में है।

### लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की खराब शुरुआत

जीत के लिए 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत काफी खराब रही। एक समय भारतीय टीम 57 रन तक पांच विकेट गंवा चुकी थी। यहां से सूर्यकुमार यादव और अक्षर पटेल ने छठे विकेट की साझेदारी में 91 रन जोड़कर भारत को मैच में वापस ला दिया था। लेकिन, यह पार्टनरशिप टूटते ही श्रीलंका ने वापसी कर ली। भारतीय टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 190 रन तक ही पहुंच सकी। भारतीय कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया, लेकिन श्रीलंकाई ओपनर कुसल मेंडिस और पथुम निसंका ने उसे गलत साबित कर दिया। इस जोड़ी ने तेजी से रन बटोरे। एक समय लंकाई टीम ने 8 ओवर में बगैर विकेट गंवाए 80 रन बना लिए थे। बीच में स्पिनर्स ने रन गति में ब्रेक लगाया, लेकिन श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने और आक्रमक रुख अपनाया। कप्तान शनाका-करुणारत्ने की जोड़ी ने आखिरी के 5 ओवर में 77 रन बनाते हुए टीम का स्कोर 6 विकेट पर 206 रन तक पहुंचा दिया।

# युवा खिलाड़ियों को हार के लिए नहीं जिम्मेदार न ठहराया जाए

**एजेंसी। पुणे**



भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने सभी से अपनी टीम में युवा खिलाड़ियों के साथ धैर्य रखने को कहा जो कभी-कभी छुट्टी पर रहते हैं, मैच के नतीजे को प्रभावित करते हैं और इस प्रक्रिया में अवांछित रिकॉर्ड बनाते हैं। अर्शदीप सिंह, शुभमन गिल, शिवम मावी और राहुल त्रिपाठी का ऑफ-डे था, क्योंकि भारत गुरुवार की रात यहां दूसरे टी-20 में श्रीलंका से 16 रन से हार गया, जिससे तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई।

अर्शदीप ने गुरुवार रात यहां महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी-20 में पांच नो-बॉल फेंकी, हामिश रदरफोर्ड के बाद आईसीसी के पूर्ण सदस्य देशों से जुड़े एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इतने नो-बॉल फेंकने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने दो ओवरों में 37 रन दिए क्योंकि श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने तीन फ्री-हिट का पूरा फायदा उठाते हुए उन्हें मैदान के चारों ओर शॉट्स लगाए और अपने पहले ओवर में 17 रन लिए। अर्शदीप पारी के 19वें ओवर में कुछ और नो-बॉल फेंकने के लिए लौटे, क्योंकि भारत ने श्रीलंका को 20 ओवरों में 206/6 का स्कोर करने दिया। जवाब में भारत ने शुरुआती विकेट गंवाए और ईशान किशन, शुभमन गिल और राहुल त्रिपाठी को सस्ते में खो दिया। हालांकि, अक्षर पटेल (65) और सूर्यकुमार यादव (51) ने उन्हें उबरने में मदद की, लेकिन मेजबान टीम 16 रनों से हार गई।

द्रविड़ ने कहा कि हार के लिए युवा खिलाड़ियों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें ऐसे बहुत से युवाओं के साथ धैर्य रखने की जरूरत है। इस टीम में बहुत सारे युवा खिलाड़ी हैं, खासकर हमारा गेंदबाजी आक्रमण।

वे छोटे हैं, उनके पास इस तरह के खेल होंगे। हम सभी को उनके साथ धैर्य रखने की जरूरत है। द्रविड़ ने कहा, 'हमें यह समझने की जरूरत है कि इस तरह के खेल हो सकते हैं।' उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों में सुधार हो रहा है, लेकिन चूंकि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट एक कठिन प्रतियोगिता है और उनके लिए सीखने का एक बड़ा अनुभव है, इसलिए उनके पास इस तरह के ऑफ-डे होने की संभावना है और उन्होंने सभी को संयमित रहने और धैर्य दिखाने की सलाह दी। 'निश्चित रूप से, वे सुधार कर रहे हैं, हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हमें उनकी मदद करने और उन्हें समर्थन देने की जरूरत है, तकनीकी रूप से समर्थन के मामले में हम जो कुछ भी कर सकते हैं और सही वातावरण बना सकते हैं और उनके कौशल का सर्वश्रेष्ठ प्राप्त कर सकते हैं।

बहुत कुशल, लेकिन वे सीख रहे हैं, यह कठिन है, सीखना और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना आसान नहीं है और आपको काम के दौरान सीखना होता है इसलिए हां, आपको इन लोगों के साथ थोड़ा धैर्य रखना होगा।'

द्रविड़ ने कहा, 'अच्छी बात यह है कि इस साल 50 ओवरों के विश्व कप और टी-20 मैचों पर काफी ध्यान दिया जा रहा है और हमें इन युवा खिलाड़ियों को आजमाने का मौका देना होगा और उम्मीद है कि जब उनके पास मौका होगा तो उन्हें समर्थन देना होगा। कठिन खेल इसे पसंद करते हैं जो वे (भविष्य में भी) करेंगे।'



# क्लीन स्वीप करने की ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर बारिश ने फेरा पानी

**एजेंसी। सिडनी**

खराब मौसम के कारण दक्षिण अफ्रीका का सूपड़ा साफ करके विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह पक्की करने की ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है, क्योंकि तीसरा टेस्ट ड्रॉ की ओर अग्रसर है। बारिश और खराब रोशनी के कारण पहले दो दिन मैच विलंब से शुरू हुआ और शुक्रवार को कोई खेल नहीं हो सका। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में चार विकेट पर 475 रन बना लिए हैं और उस्मान ख्वाजा 195 के स्कोर पर क्रीज पर हैं।

अब ऑस्ट्रेलिया दुविधा में है कि उसे बाकी दो दिन में कितने रन बनाने होंगे और दक्षिण अफ्रीका को दूसरी बार आउट करने के लिए कितना समय लगेगा, क्योंकि पिच स्पिनरों की मदद नहीं कर रही है। यहां शुक्रवार की सुबह से ही बारिश हो रही है जिससे मैदानकर्मियों को फील्ड तैयार करने का मौका ही नहीं मिला। पहले दो टेस्ट के साथ ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला पहले ही जीत चुका है। तीसरा टेस्ट जीतने पर जून में इंग्लैंड में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में उसकी जगह पक्की हो जाती। ख्वाजा ने गुरुवार को लगातार तीसरा शतक जमाया और अपने करियर का सर्वोच्च स्कोर भी बना चुके हैं। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 174 रन था जो उन्होंने 2015 में ब्रिसबेन में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था।

# शॉर्ट गेंदों पर संघर्ष करनेवाले बयान पर श्रेयस का आलोचकों को करारा जवाब

### अय्यर ने कहा, उन्होंने कभी भी ऐसा महसूस नहीं किया वह शॉर्ट गेंदों पर कर रहे हैं संघर्ष

### बाहर के शोर को अनसुना करना और चीजों को सरल रखना है पसंद

**एजेंसी। मुंबई**



शॉर्ट-पिच डिलीवरी के खिलाफ अपने संघर्ष के बारे में बात करते हुए भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने आलोचकों को करारा जवाब दिया है। अय्यर ने कहा कि उन्होंने कभी भी ऐसा महसूस नहीं किया वह शॉर्ट गेंदों पर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्टीकरण दिया कि एजबेस्टन में पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ शॉर्ट गेंदों पर क्यों गिरते रहे। एजबेस्टन में पहली पारी के बारे में बात करते हुए अय्यर ने बताया, 'यह एक शानदार डिलीवरी थी (जेम्स एंडरसन की गेंद पर) और पिचिंग के बाद यह सीम हो गई और हवा में झूल गई। कोई भी खिलाड़ी उस पर आउट हो जाता। दूसरी पारी में (मैथ्यू पॉट्स की गेंद पर), मैंने पुल खेलने की कोशिश की और पकड़ा (आउट) गया। मेरे दिमाग में मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैंने संघर्ष किया। बाहर जो शोर मचाया गया है, उसके बारे में मुझे अनसुना करना और चीजों को सरल रखना पसंद है। मुझे लाइन से प्यार है अज्ञान आनंद है। मैं यही करता हूं।'

उन्होंने कहा, 'मैं खुद से कहता हूं कि यह दुनिया का अंत नहीं है। आपको कई मौके मिलेंगे। आपको यह भी महसूस करना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाहर भी चीजों में सफल होने के मौके मिलेंगे। घरेलू क्रिकेट खेलना अन्य खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा करने और यदि आप कर सकते हैं तो उनकी मदद करने का एक शानदार तरीका है। जब मैं विश्व कप के लिए जगह नहीं बना पाता तो इसने मुझे खुद पर काम करने का मौका दिया। मुंबई को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने में मदद की और खेलते रहे और सीखते रहे। हां आईसीसी प्रतियोगिताओं में न खेलना निराशाजनक है, लेकिन मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो असफलताओं से सीखना पसंद करता है।'

### न्यूजीलैंड के टी-20 सीरीज में नहीं खेलेंगे रोहित-विराट

**मुंबई।** न्यूजीलैंड के साथ घरेलू सीरीज के दौरान टी-20 टीम में विराट और रोहित शामिल नहीं होंगे। कप्तानी हार्दिक पांड्या करेंगे। हालांकि, न्यूजीलैंड के साथ तीन वनडे और तीन टी-20 मैचों की घरेलू सीरीज के लिए टीम की घोषणा अभी नहीं की गई है। इस टीम की घोषणा नई सिलेक्शन कमेटी करेगी। न्यूजीलैंड के साथ पहले तीन वनडे मैचों की सीरीज 18 जनवरी से शुरू होगी। उसके बाद 27 जनवरी से टी-20 सीरीज खेली जाएगी। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो टी-20 सीरीज से सीनियर्स खिलाड़ी विराट और रोहित शर्मा को आराम दिया जा सकता है। स्पोर्ट्स की एक वेबसाइट से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के एक अधिकारी ने बातचीत में कहा कि न्यूजीलैंड के साथ घरेलू सीरीज के दौरान तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए रोहित और विराट के नाम पर विचार नहीं किया जाएगा।

### इलाजरत | मुंबई में चल रहा है इलाज, लंदन में हो सकती है लिगामेंट की सर्जरी

# वनडे वर्ल्ड कप से भी बाहर हो सकते हैं पंत

**एजेंसी। मुंबई**



कार एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हुए भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का लिगामेंट सर्जरी लंदन में हो सकता है। बुधवार को ही उन्हें देहरादून के मैक्स अस्पताल से उन्हें मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में एयरलिफ्ट किया गया था, ताकि उनका सही से इलाज हो सके। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पंत जैसे ही घावों से उबरते हैं तो डॉक्टर उनकी लिगामेंट सर्जरी को लेकर फैसला करेंगे।

हम उनकी वापसी के बारे में तब बात करेंगे, जब वे 100 फीसदी ठीक हो जाएंगे। पंत टेस्ट चैम्पियनशिप, आईपीएल सहित सात बड़े टूर्नामेंट को मिस करेंगे। वे जनवरी-फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज, मार्च-अप्रैल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज, अप्रैल-मई में आईपीएल, जून में टेस्ट चैम्पियनशिप (भारत क्वालिफाई करता है तो), जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे के अलावा सितंबर में एशिया कप और वनडे वर्ल्ड कप में नहीं दिखेंगे। वे आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान हैं। उनकी जगह ऑस्ट्रेलिया के वॉर्नर कप्तानी संभाल सकते हैं। पंत का इलाज मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में स्पोर्ट्स मेडिसिन एंड ऑर्थोस्कोपी हेड डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला की देखरेख में चल रहा है। डॉ. पारदीवाला इससे पहले सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा जैसे क्रिकेटर्स का इलाज कर चुके हैं।

### उर्वशी रौतेला पंत को देखने पहुंची अस्पताल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला उस समय फिर से चर्चा में आ गई, जब क्रिकेटर ऋषभ पंत कार हादसे का शिकार हुए। पंत के स्वस्थ होने की कामनाएं चारों ओर से की गईं तो वहीं उर्वशी की मां भी पंत के लिए दुआ मांगती दिखीं। वहीं अब ऐसा माना जा रहा है कि उर्वशी पंत को मिलने के लिए मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में पहुंची। इसका सबूत सामने भी आ गया, क्योंकि उर्वशी ने गुरुवार को कोकिलाबेन अस्पताल से एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की। जिसके बाद ऐसा कहा जाने लगा कि उर्वशी खुद को रोक नहीं पाई और पंत से मिलने के लिए अस्पताल पहुंच गईं। फोटो के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में प्रेयिंग लिखा था, जिसके बाद सोशल मीडिया पर लोग उनकी तारीफें कर रहे थे कि आखिर प्यार हो तो ऐसा। वहीं, सोशल मीडिया पर फैंस उर्वशी रौतेला को ट्रोल कर रहे हैं। उनका मानना है कि एक्ट्रेस क्रिकेट ऋषभ पंत के नाम के जरिए फेम कमाने का काम कर रही हैं। रौतेला भी इस समय मुंबई में है, जहां पंत को गंभीर रूप से लगी चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पिछले सप्ताह उनका एक्सीडेंट हो गया था, जिस कारण उनकी कार आग के हवाले हो गई थी।



